कारोबार
₹ 43337 करोड़

कर–पश्चात लाभ
₹ 6011 करोड़

प्राप्त आर्डर
₹ 60507 करोड़

वार्षिक रिपोर्ट
2010-11



समयानुकूल परिवर्तन पर दृष्टि...
सतत विकास की सृष्टि...

बी एच ई एल
BHEL

विज़न

पणधारी मूल्यवृद्धि के लिए प्रतिबद्ध विश्वस्तरीय इंजीनियरी उपक्रम

मिशन

ऊर्जा, उद्योग, परिवहन, आधारभूत एवं अन्य संभावित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं द्वारा समग्र व्यापारिक समाधान प्रदान करने वाला भारतीय बहुराष्ट्रीय इंजीनियरी उपक्रम बनना

मूल्य

श्रेष्ठ बनने की उमंग तथा परिवर्तन के प्रति उत्साह सभी मामलों में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता, व्यक्ति की प्रतिष्ठा और क्षमता का सम्मान, प्रतिबद्धताओं का कड़ाई से पालन, अनुक्रिया की गति सुनिश्चित करना, शिक्षा, रचनात्मकता एवं टीम कार्य को प्रोत्साहन देना। कम्पनी के प्रति निष्ठा एवं आत्मगौरव

विषय सूची

1. शेयरधारकों को पत्र 2
2. निदेशक मंडल 3
3. प्रबंध समिति 4
4. कॉर्पोरेट कार्यात्मक संरचना 6
5. कॉर्पोरेट रूपरेखा 8
6. वर्ष एक नजर में 16
7. पुरस्कार 19
8. निदेशकों की रिपोर्ट 20
   - प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण 25
   - निदेशकों का संक्षिप्त परिचय 56
   - कॉर्पोरेट अभिशासन 60
   - ऊर्जा का संरक्षण 87
   - कंपनी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 212 के अनुसरण में विवरण 90
   - लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट 91
   - भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 95
9. वार्षिक लेखे (स्टैण्डएलोन) 97
   - महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 99
   - नकद प्रवाह विवरण और अुनसूचियों के साथ लेखापरीक्षित लेखे 103
10. सहायक कंपनी 145
    - निदेशकों की रिपोर्ट 147
    - प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण 151
    - कॉर्पोरेट अभिशासन 156
    - कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट 158
    - लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट 161
    - भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट 163
    - महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 164
    - नकद प्रवाह विवरण और अनुसूचियों के साथ लेखापरीक्षित लेखे 168
11. समेकित वित्तीय विवरण 189
    - समेकित वित्तीय विवरण पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 191
    - महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां 193
    - नकद प्रवाह विवरण और अनुसूचियों के साथ लेखापरीक्षित लेखे 197
12. पणधारकों के लिए अतिरिक्त सूचना 225
    - दस वर्षों का सार 227
    - अमरीकी जीएएपी के अधीन निवल आय 229
    - आर्थिक मूल्य वर्धन (ईवीए) 231
    - मूल्य वर्धन विवरण 232
    - वार्षिक योजना की तुलना में कार्यनिष्पादन 233
    - राजकोष को अंशदान 233
    - उत्पाद रूपरेखा 234
    - भारत में बीएचईएल 241
    - वैश्विक व्यापार 242
13. सूचना 244
14. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व 255

शेयरधारकों को पत्र

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने बीएचईएल की शानदार विकास गाथा का एक और सफल वर्ष पूरा कर लिया है। वर्ष 2010–11 एक शानदार वर्ष रहा, जिसके दौरान निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की यूटीलिटीज तथा अन्य ग्राहकों ने कंपनी के सामर्थ्य में अनन्य विश्वास व्यक्त किया। आपकी कंपनी ने शानदार वित्तीय निष्पादन किया। आपकी कंपनी ने अपनी लीडरशिप को बनाए रखा और वह गतिशील विकास के नए चरण पर पहुंचने के लिए तत्पर है।

मैं बीते वर्ष की कुछ मुख्य उपलब्धियों के बारे में आपको जानकारी देना चाहता हूं।

व्यावसायिक एवं वित्तीय उपलब्धियां

पिछले छह वर्षों में आपकी कंपनी का कारोबार चार गुना और लाभ छह गुना हुआ है। 27 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ कंपनी का कुल कारोबार ₹ 43,337 करोड़ और कर पूर्व लाभ ₹ 9006 करोड़ और कर पश्चात लाभ ₹ 6011 करोड़ रहा है। वर्ष के दौरान लाभ में क्रमशः 37 प्रतिशत एवं 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विभिन्न व्यवसाय क्षेत्रों में बीएचईएल की कई उपलब्धियां रहीं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं :–

- बाजार में कठिन स्थितियों के बावजूद, बीएचईएल द्वारा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की यूटीलिटीज से सुपर क्रिटीकल पैरामीटरों वाले 07 बॉयलर एवं 09 टरबो जनरेटरों के आर्डर बुक किए गए।
- बीएचईएल ने हाल ही में पावर सेक्टर में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए वर्ष के दौरान ₹ 60,507 करोड़ के आर्डर प्राप्त किए। वर्ष के अंत में 201–12 एवं उसके बाद निष्पादित किए जाने के लिए लगभग ₹ 1,64,145 करोड़ के आर्डर हाथ में हैं।
- एल्सटॉम के साथ मिलकर एनपीसीआईएल से केएपीपी 3, 4 के लिए 700 मेगावाट न्यूक्लियर टीजी (2 सैटों) का पहला आर्डर मिला है जो नई रेटिंग का है।
- आपकी कंपनी में पुनः विश्वास व्यक्त करते हुए इंडिया बुल्स समूह से 270 मेगावाट के 10 सैटों का रिपीट आर्डर मिला।
- पांच महाद्वीपों में फैले 24 देशों से निर्यात आर्डरों की प्राप्ति।
- आपकी कंपनी बढ़ती हुई मांग को पूरा करने तथा अपने इंजीनियरी विशेषताओं को सशक्त करने हेतु क्षमता एवं सामर्थ्य निर्माण में भारी निवेश कर रही है। इसलिए वर्ष के दौरान पूंजी निवेश पर ₹ 1,655 करोड़ तथा अनुसंधान एवं विकास पर ₹ 982 करोड़ खर्च किए गए।
- पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत वृद्धि के साथ आर्थिक मूल्य वर्धन ₹ 3,793 करोड़ हो गया।
- बोनस इक्विटी पश्चात प्रति शेयर अर्जन पिछले वर्ष के ₹ 88.06 की तुलना में बढ़कर ₹ 122.80 हो गया।
- वर्ष के लिए 132.5 प्रतिशत आंतरिक लाभांश के अलावा बोर्ड ने 179 प्रतिशत के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इस प्रकार वर्ष के लिए कुल लाभांश 311.50 प्रतिशत है।

गतिशील विकास के लिए नया चरण

बीएचईएल ऐसे समय में विकास के नए चरण की शुरूआत के लिए प्रतिबद्ध है जब भारत सरकार बुनियादी क्षेत्र के विकास पर अधिक बल दे रही है।

ऐसे वातावरण में आपकी कंपनी ने पिछले कई वर्षों से मजबूत निर्माण आधार, विश्वस्तरीय उपस्कर निष्पादन, आधुनिक प्रौद्योगिकी, विविध व्यवसाय पोर्टफोलियो, देशव्यापी कुशल विक्रयोपरांत सेवा नेटवर्क, एक सशक्त तुलन–पत्र सहित कई विशिष्ट प्रतिस्पर्धी गुणों का विकास किया है जो कंपनी की विकासपरख अभिलाषाओं तथा एक मजबूत मानव पूंजी आधर को सहयोग देने में समर्थ है।

इन सभी बातों के आधार पर आपकी कंपनी वर्तमान व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी लीडरशिप बनाए रखने तथ उभरते हुए विकास क्षेत्रों में अवसरों से लाभ उठाने के लिए 6 सूत्रीय रणनीति अपना रही है।

1. क्षमता वृद्धि :

निर्माण क्षमता 15000 मेगावाट से बढ़ाकर 20000 मेगावाट करने का कार्य मार्च, 2012 तक पूरा होने की राह पर है। मुझे यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमनें वीएचपीवी, विजाग का अधिग्रहण 2008 में किया था। हमारी अर्जित विकास रणनीति के हिस्से के कारण यह 2010–11 में लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। इसके अलावा आपकी कंपनी ने केईएल, केरल की कसारगोड इकाई में 51 प्रतिशत हिस्सा अर्जित कर लिया है, जिससे रोटेटिंग विद्युत मशीनों के लिए क्षमता वृद्धि में तेजी आएगी। हम आंतरिक तथा अर्जित क्षमता में वृद्धि करते रहेंगे।

2. शीघ्र परियोजना निष्पादन :

आपकी कंपनी निरंतर निष्पादन सामर्थ्य में सुधार कर रही है। हमारी रणनीति के मुख्य बिंदु हैं – विक्रेता आधार में विस्तार, उन्नत निर्माण कदम, सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग, दर संविदाएं, अधिक आउटसोर्सिंग, अतिरिक्त टूल्स एवं प्लांट्स उपलब्ध कराना, अवे सेंटर फेब्रिकेशन और परियोजना प्रबंधकों का अधिक सशक्तीकरण। इसके अलावा पावर सेक्टर में कौशल की कमी को दूर करने के लिए आपकी कंपनी ने आईटीआई को अपनाने तथा इस सेक्टर में कौशल वर्धन के लिए आंतरिक अवसंरचना से लाभ उठाने जैसी विभिन्न पहलें की हैं। इन पहलों के आधार पर हम वर्ष के दौरान अब तक के सबसे अधिक 9442 मेगावाट के विद्युत संयंत्र सिंक्रोनाइज/कमीशन करने में सफल रहे हैं।

3. प्रतिस्पर्धी उत्पाद लागत एवं गुणता

लागत कम करने के लिए सतत् प्रयास किए जाते हैं। बल दिए जाने वाले बिंदुओं में वैश्विक सोर्सिंग, शीघ्र स्वदेशीकरण तथा डिजाइन टू–कास्ट (डीटसी), क्रय एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (पीएसएम) एवं लीन निर्माण पहल जैसी विभिन्न प्रचालन पहलें शामिल हैं। ये पहल तथा अन्य प्रयास गुणत्ता बनाए रखते हुए लागत में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएंगी, जिसके लिए आपकी कंपनी विख्यात है।

4. वैविध्यकरण

आपकी कंपनी शेयरधारकों के मूल्य वर्धन के लिए वैविध्यकरण की रणनीति बनाए रखने की मजबूत स्थिति में है, क्योंकि हम सोलर, न्यूक्लियर, परिवहन, ट्रांसमिशन एवं वितरण तथा जल जैसे नए क्षेत्रों में उपस्करों की आपूर्ति में विस्तार कर रहे हैं। हम इस बात के प्रति सकारात्मक रहे हैं कि हमारी वैविध्यकरण रणनीति से आने वाले समय में आपकी कंपनी के लिए अधिक वित्त स्रोत पैदा हो सकेंगे।

5. इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी

अपने समाज की भावी आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाने और इन आवश्यकताओं को नवीन प्रौद्योगिकी में रूपांतरित करने की सचेत प्रतिबद्धता के फलस्वरूप आपकी कंपनी अधिक मात्रा में अनुसंधान एवं विकास में लगातार निवेश कर रही है। कंपनी ने आई पी आर पूंजी में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जिससे यह 1438 पेटेंटों/कापीराइट की हो गई है। यह अत्यंत प्रोत्साहन की बात है कि आज आपकी कंपनी की नवीनता युक्त व्यवसाय की रणनीति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है।

6. कर्मचारी विकास

हम इस पर अधिक विश्वास करते हैं कि हमारी विकास की अभिलाषाओं के लिए हमारी सभी प्रतिभाओं का योगदान अनिवार्य है। तदनुसार, हम अपने मानव संसाधन का विकास करने के लिए पुनः प्रवृत्त हो रहे हैं ताकि हमारी वर्तमान व्यवसायिक चुनौतियों के अनुरूप प्रत्येक कर्मचारी की क्षमता में विकास होने के साथ–साथ उनके निष्पादन और उनके सामर्थ्य का भी विकास हो सके।

निष्कर्ष

मैं निदेशक मंडल में अपने सहयोगी निदेशकों तथा प्रबंध समिति के सदस्यों के प्रति उनकी बुद्धिमत्ता तथा समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय विशेषकर भारी उद्योग विभाग हमारे प्रयासों में अपना अमूल्य मार्गदर्शन एवं समर्थन देते रहे हैं। ग्राहकों, शेयरधारकों और हमारे व्यवसाय साझीदारों को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि आपका विश्वास प्राप्त करने के लिए आपने हमें अवसर प्रदान किए। आपकी कंपनी दूरदर्शी लीडरों और समर्पित कर्मचारियों का साथ पाकर अत्यंत सौभाग्यशाली है, जो सफलता के चालक हैं।

मैं भविष्य में बीएचईएल की चुनौतीपूर्ण एवं रोमांचक यात्रा में अपने सभी स्टेकहोल्डरों के सतत् समर्थन की आशा करता हूं।

नई दिल्ली
12 अगस्त 2011

बी. प्रसाद राव
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक मंडल दिनांक 31.07.2011 की यथास्थिति

बी. प्रसाद राव
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री सौरभ चन्द्र
अपर सचिव एवं
वित्तीय सलाहकार

श्री अम्बुज षर्मा
संयुक्त सचिव

श्री अषोक कुमार बसु
निदेशक

श्री एम ए पठान
निदेशक

श्रीमति रेवा नैय्यर
निदेशक

श्री वी.के. जयरथ
निदेशक

श्री त्रिम्बकदास एस. जंवर
निदेशक

श्री एस रवि
निदेशक

श्री अनिल सचदेव
निदेशक(मा.सं.)

श्री अतुल सराया
निदेशक (पावर)

श्री ओ.पी. भुटानी
निदेशक (ई,आरएंडडी)

श्री एम के दुबे
निदेशक (आईएसएंडपी)

श्री पी.के. बाजपेयी
निदेशक (वित्त)

श्री आई.पी. सिंह
कंपनी सचिव

प्रबंध समिति

दिनांक 19.07.2011 की यथास्थिति

खड़े हुए (बांए से दाएं) : एन. खंडेलवाल, ए.के.दवे, उमेश माथुर, राजीव हजेला, विजय कुमार, एस.एम. तालुकदार, एस.एस.गुप्ता, ए.दासगुप्ता डब्लु.वी.के.कृष्ण शंकर, बी. शंकर, सुबोध गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, जैनेन्द्र कुमार, डी. अशोक, डा. एच.एस. जैन, टी.एन.वीरराघवन

बैठे हुए दूसरी पंक्ति में (बांए से दाएं) : आर. कृष्णन, पी.के. उप्पल, एम.राजीव कुमार, आर.के.वांचू, यू.के.दास, एस.गोपालाकृष्णन, जी.गणपतिरमण, रंजन साही, पी.आर.श्रीराम, ए.वी.कृष्णन, वी.पांधी, ए.औरंगाबादकर, जी.एस.बिन्द्रा

बैठे हुए पहली पंक्ति में (बांए से दाएं) : डी.के. मोदी, पी.के. बाजपेयी, ओ.पी. भुटानी, अतुल सराया, बी.प्रसाद राव, अनिल सचदेव, एम.के.दुबे, पी.के. अग्रवाल, ए.चन्द्रबाबू

बी. प्रसाद राव	– अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
अनिल सचदेव	– मानव संसाधन – संचार – प्रणाली एवं सूचना प्रौद्योगिकी – सीएसआर, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण
अतुल सराया	– पावर सेक्टर व्यवसाय (मार्केटिंग, परियोजना इंजीनियरी, ईएंडसी, परियोजना प्रबंधन, स्पेयर्स एवं सेवाएं)
ओ. पी. भुटानी	– इंजीनियरी अनुसंधान एवं विकास – कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास – उन्नत अनुसंधान परियोजनाएं – प्रचालन मॉनीटरिंग, निवेश योजना, सामग्री प्रबंधन – प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग एवं संयुक्त उद्यम तथा एम एंड ए – केंद्रीय स्टैपिंग इकाई
एम. के. दुबे	– औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद व्यवसाय (कैप्टिव विद्युत संयंत्र, ट्रांसमिशन, परिवहन, रक्षा, मकैनिकल, इलेक्ट्रिकल्स, परियोजना प्रबंधन) – सेरामिक व्यवसाय – कम्पोनेंट फेब्रीकेशन संयंत्र – परियोजना इंजिनियरी एवं प्रणाली विभाग
पी. के. वाजपेयी	– कॉर्पोरेट वित्त – बजटिंग एवं नियंत्रण – लागत प्रबंधन – कोष प्रबंधन – लेखन एवं लेखापरीक्षा – कराधान – विदेशी मुद्रा प्रबंधन – आंतरिक लेखा परीक्षा – वित्तीय सेवाएं
डी. के. मोदी	– विशेष कार्य अधिकारी – कॉर्पो. कार्यालय
पी. आर. श्रीराम	– पावर सेक्टर – दक्षिण क्षेत्र
ए. औरंगाबादकर	– पावर सेक्टर – पश्चिम क्षेत्र
जी. गणपतिरमण	– इलेक्ट्रॉनिक्स डिविजन – इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिविजन – औद्योगिक प्रणाली समूह
वी. पांधी	– हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट संयंत्र – प्रदूषण नियंत्रण अनुसंधान संस्थान
ए. वी. कृष्णन	– हाई प्रेशर बॉयलर संयंत्र – सीमलैस स्टील ट्यूब संयंत्र – औद्योगिक वाल्व संयंत्र – पाइपिंग सेंटर – वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान
ए. चन्द्रबाबू	– बॉयलर अग्ज़िलरीज़ प्लांट
जी. एस. बिन्द्रा	– परियोजना इंजीनियरी प्रबंधन
रंजन साही	– कॉर्पोरेट विनिर्माण प्रौद्योगिकी एवं निवेश योजना – कॉर्पोरेट मॉनीटरिंग – कॉर्पोरेट सामग्री प्रबंधन
डॉ. एच. एस. जैन	– कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास
एस. गोपालाकृष्णन	– पावर सेक्टर मार्केटिंग – थर्मल एवं गैस
यू. के. दास	– स्पेयर्स एवं सेवाएं व्यवसाय
आर. के. वांचू	– परियोजना इंजीनियरी एवं प्रणाली
एम. राजीव कुमार	– पावर सेक्टर – पूर्वी क्षेत्र
पी. के. उप्पल	– अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन
आर. कृष्णन	– हेवी पावर इक्विपमेंट संयंत्र
पी. के. अग्रवाल	– पावर सेक्टर मार्केटिंग – न्यूक्लियर एवं हाइड्रो
जितेन्द्र कुमार	– पावर सेक्टर – उत्तर क्षेत्र
डी. अशोक	– सेरामिक व्यवसाय
सुबोध गुप्ता	– कैप्टिव विद्युत संयंत्र व्यवसाय – उद्योग क्षेत्र परियोजना प्रबंधन – रक्षा व्यवसाय
जैनेन्द्र कुमार	– पावर सेक्टर – परियोजना प्रबंधन
बी. शंकर	– मानव संसाधन एवं कॉर्पोरेट संचार
टी. एन. वीरराघवन	– ट्रांसमिशन व्यवसाय
डब्ल्यू. वी. के. कृष्णाशंकर	– कॉर्पोरेट योजना एवं विकास – सदस्य सचिव, प्रबंध समिति
ए. दास गुप्ता	– कॉर्पोरेट प्रणाली एवं सूचना प्रौद्योगिकी
एस. एस. गुप्ता	– हेवी इलेक्ट्रिकल संयंत्र – इलेक्ट्रिकल मशीन्स मरम्मत संयंत्र
एस. एम. ताल्लुकदार	– केंद्रीय स्टैपिंग इकाई – फैब्रिकेशन संयंत्र
विजय कुमार	– कॉर्पोरेट गुणता – संविदा समाप्ति – केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
राजीव हजेला	– प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग एवं संयुक्त उद्यम – अधिग्रहण एवं विलयन

<u>स्थायी आमंत्रिती</u>

उमेश माथुर	– क्षेत्रीय प्रचालन
ए. के. दवे	– ट्रांसफार्मर संयंत्र
एन. खंडेलवाल	– केंद्रीय फाउंड्री फोर्ज संयंत्र

कॉर्पोरेट संगठनात्मक संरचना

(02.07.2011 की यथास्थिति)



$ उद्योग क्षेत्र व्यवसाय के लिए निदेशक (आईएसएंडपी) को मैट्रिक्स रिपोर्टिंग

* उत्पादन इकाईयां

प्रबन्ध समिति

- पावर सेक्टर – मार्केटिंग
- पावर सेक्टर – क्षेत्र (उत्तरी क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र)
- परियोजना/प्रणाली इंजीनियरी प्रबंध
- परियोजना प्रबंधन
- तकनीकी सेवाएं
- अतिरिक्त पुर्जे और सेवा व्यवसाय समूह[$]
- हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट, वाराणसी
- प्रबंध सेवाएं एवं मानव संसाधन

- कैप्टिव विद्युत संयंत्र व्यवसाय
- औद्योगिक उत्पाद व्यवसाय (विद्युत एवं यांत्रिक)
- ट्रांसमिशन व्यवसाय समूह
- परिवहन व्यवसाय
- रक्षा व्यवसाय
- एनसीईएस के लिए केन्द्रीय विपणन समूह
- सेरामिक व्यवसाय यूनिट, बेंगलूर
  - इलेक्ट्रो पोर्सिलेंस डिवीजन, बैंगलूर*
  - इंसुलेटर प्लांट, जगदीशपुर*
- कंपोनेंट फेब्रिकेशन संयंत्र, रुद्रपुर*
- क्षेत्रीय प्रचालन प्रभाग
- परियोजना प्रबंधन समूह
- परियोजना इंजीनियरी और प्रणाली प्रभाग, हैदराबाद

- विदेशी व्यवसाय

प्रचालन

- हेवी इलेक्ट्रिकल संयंत्र, भोपाल*
- सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन, भोपाल

- ईएमआरपी, मुंबई

- ट्रांसफार्मर संयंत्र, झांसी*

- हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट संयंत्र, हरिद्वार*
- प्रदूषण नियंत्रण अनुसंधान संस्थान, हरिद्वार

- केन्द्रीय फाउंड्री फोर्ज संयंत्र, हरिद्वार*

- हेवी पावर इक्विपमेंट संयंत्र, हैदराबाद*

- इंडस्ट्रियल वाल्व संयंत्र, गोइंदवाल*

- हाई प्रेशर बॉयलर प्संयंत्र, तिरुचि*
- सीमलेस स्टील ट्यूब संयंत्र, तिरुचि*
- वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान, तिरुचि

- पाइपिंग सेंटर, चेन्नई

- बॉयलर ऑग्जिलियरी संयंत्र, रानीपेट*

- इलेक्ट्रानिक्स डिवीजन, बेंगलूर*
- इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिवीजन, बैंगलूर*
- इंडस्ट्रियल सिस्टम ग्रुप, बैंगलूर

कारपोरेट रूपरेखा

40 वर्षों से अधिक पहले स्थापित बीएचईएल ऊर्जा तथा अवसंरचना संबंधी सेक्टर में भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरी एवं निर्माणकारी उद्यम है। बीएचईएल विश्व की गिनी–चुनी कंपनियों में से एक है जिसके पास विद्युत संयंत्र उपस्करों की पूरी श्रृंखला का निर्माण करने की क्षमता है। अपनी स्थापना के समय से बीएचईएल विकास, निष्पादन एवं लाभप्रदता का सतत् शानदार रिकार्ड रहा है।

कंपनी ने आर्डर प्राप्ति निर्माण कौशल प्रौद्योगिकी पर निरंतर बल देने विकास की स्थिति प्राप्त कर ली है, जिससे विद्युत संयंत्र उपस्करों के मुख्य आपूर्तिकर्ता के रूप में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कर ली है, साथ ही औद्योगिक सेक्टर तथा रेलवे में उत्पादों के चयनित खंड में महत्वपूर्ण पैंठ बना ली है। कंपनी ने प्रतिवर्ष 15,000 मेगावाट के विद्युत उपस्कर सुपुर्द करने की क्षमता प्राप्त कर ली है और 2012 तक प्रतिवर्ष 20,000 मेगावाट तक पहुंचने के लिए प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

बीएचईएल भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे विद्युत उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, उद्योग, परिवहन, अक्षय ऊर्जा, रक्षा आदि की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। बीएचईएल के 15 निर्माणकारी प्रभागों, 02 मरम्मत इकाइयों, 4 पावर क्षेत्रों, 8 सेवा केंद्रों, 15 क्षेत्रीय कार्यालयों, 2 सहायक कंपनियों तथा भारत एवं विदेश में फैली अनेकों परियोजना स्थलों के व्यापक नेटवर्क से कंपनी सबसे अधिक उपयुक्त उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं को कुशलतापूर्वक एवं प्रतिस्पर्धी लागत पर देने में समर्थ है। कंपनी ने सुपर क्रिटिकल कोयला विद्युत संयंत्रों में कई रणनीतिक संयुक्त उद्यम के लिए करार किया है, ताकि उपस्करों की बिक्री से लाभ उठाने के साथ–साथ हरित ऊर्जा पहल हेतु प्रतिबद्धता को पूरा किया जा सके।

आईएसओ 9000 के अनुरूप गुणवत्ता प्रणाली ने गहरी जड़ें जमा ली हैं; जिसके कारण बीएचईएल की सीआईआई एक्जिम बिजनेस एक्सीलेंस स्कीम 2010–11 में 5 में से चार इकाईयों द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करके व्यवसाय श्रेष्ठता में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने की अपनी परम्परा को जारी रखते हुए कंपनी को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें लगातार 20वें वर्ष परियोजना निर्माता के उत्पाद समूह में ''ईईपीसी स्टार परफार्मर अवार्ड; सार्वजनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ योगदान के लिए स्कोप पुरस्कार; भारी उद्योग वर्ग में दैनिक भास्कर इंडिया प्राइड पुरस्कार–2010; लगातार 15वें वर्ष सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में लागत प्रबंधन उत्कृष्टता के लिए 2009 का आई सी डब्ल्यू ए आई राष्ट्रीय पुरस्कार; काउंसिल ऑफ पावर यूटिलिटीज के उपकरण निर्माण एवं लक्षद्वीप को सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाने के लिए इंडिया पावर अवार्ड; एक 'श्रम भूषण' तथा तीन 'विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार' सहित छह प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार; इंडियन इंस्टीट्यूटशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) से संपूर्ण व्यवसाय उत्कृष्टता एवं उद्योग प्रैक्टिस हेतु 'आई ई आई इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2010' तथा 'एनडीटीवी प्रोफिट बिजनेस लीडरशिप अवार्ड 2010' शामिल हैं।

बीएचईएल संयंत्र में 500 मेगावाट टरबाइन एलपी रोटर असेम्बली के अधीन

विद्युत उत्पादन

विद्युत उत्पादन खंड में बीएचईएल थर्मल, गैस एवं हाइड्रो आधारित यूटिलिटी तथा कैप्टिव विद्युत संयंत्रों हेतु उत्पादों एवं प्रणालियों की व्यापक श्रृंखला की आपूर्ति में भारत का सबसे बड़ा निर्माता है।

बीएचईएल के पास संकल्पना से कमीशनिंग तक विद्युत परियोजनाओं को निष्पादित करने की सिद्ध टर्नकी क्षमताएं हैं। बीएचईएल द्वारा सप्लाई किए गए विद्युत उत्पादन सेटों ने 1,00,000 मेगावाट आंकड़ा पार कर लिया है और कुल स्थापित क्षमता का लगभग दो तिहाई तथा भारत में विद्युत उत्पादन के तीन–चौथाई के रिकार्ड को बनाए रखा है। बीएचईएल 800 मेगावाट तक की स्टील टरबाइनों, जनरेटरों, बॉयलरों और उसके अनुरूप आग्जिलिमरों के साथ–साथ सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित 660/700/800 मेगावाट के सेटों की भी आपूर्ति करता है। बीएचईएल के पास 1000 मेगावाट यूनिट आकार तक जाने की सुविधा है। भारत में उपलब्ध उच्च राख तत्व वाले कोयले का कुशल उपयोग करने के लिए बीएचईएल थर्मल संयंत्रों के लिए सर्कुलेटिंग फ्ल्युडाइल्ड बैड कम्ब्युशंस (सीएफबीसी) बॉयलरों की भी आपूर्ति करता है। बीएचईएल अकेली भारतीय कंपनी है जो बड़े आकार के गैस आधारित संयंत्र बनाती है, जिसमें ओपन एवं कंबाइंड प्रचालनों के लिए 289 मेगावाट (आईएसओ) तक की उन्नत श्रेणी की गैस टरबाइनें शामिल हैं। बीएचईएल कस्टम–निर्मित हाइड्रो विद्युत उपस्करों की इंजीनियरी और उनका निर्माण करते हैं। इसकी श्रृंखला में फ्रांसिस, पेल्टन और कप्लान रनर्स टरबाइनें, पंच टरबाइनें, बल्ब टरबाइनें तथा मिनी–माइक्रो हाइड्रो संयंत्र तथा विभिन्न हैड–डिस्चार्ज मिश्रणों के लिए इसके अनुरूप जनरेटर शामिल है।

बीएचईएल विश्व की कुछेक कंपनियों में से एक है जो इंटिग्रेटिड गैसीफिकेशन कंबाइंड साइकिल (आईजीसीसी) प्रौद्योगिकी के विकास में लगी हुई है, इससे स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी का विकास होगा।

उद्योग

बीएचईएल कैप्टिव/औद्योगिक विद्युत यूटिलिटीज के अलावा धातुकर्मीय, खान, सीमेंट, कागज, उर्वरक, रिफाइनरी एवं पेट्रो–रसायन आदि कई उद्योगों की मांग को पूरा करने के लिए विविध औद्योगिक प्रणालियों एवं उत्पादों का अग्रणी निर्माता है। बीएचईएल विद्युत यूटिलिटीज को छोड़कर कई उद्योगों को प्रणालियां एवं उत्पाद सहित सेंट्रीफ्यूगल कम्प्रैसर, ड्राइव टरबाइन, औद्योगिक बॉयलर एवं आक्जलरी, वेस्ट हीट रिकवरी बॉयलर, गैस टरबाइन, पंप, हीट एक्सचेंजर, विद्युत मशीनें, वाल्व, हेवी कास्टिंग एवं फोर्सिंग, इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपीटेटर, आईडी, एफडी फैन सीमलैस स्टील ट्यूबों आदि की आपूर्ति की है। बीएचईएल

2010–11 में कमीशन की गई दादरी 490 मेगावाट द्वितीय इकाई

जोजोबेरा, झारखंड में 4x120 मेगावाट एवं 1x67 मेगावाट एटन कैप्टिव विद्युत संयंत्र

कंट्रोल्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन प्रणाली विशेषकर विभिन्न विद्युत संयंत्रों एवं उद्योगों के लिए वितरित डिजीटल कंट्रोल प्रणाली के मुख्य आपूर्तिकर्ता के रूप में भी उभरा है। कंपनी का उद्योग व्यवयाय संकल्पना से कमीशनिंग तक कैप्टिव विद्युत संयंत्रों हेतु ईपीसी संविदाओं को निष्पादित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

परिवहन

भारतीय रेलवे की अधिकतम रेलों में, चाहे इलेक्ट्रिक या डीजल पावर से चलती हों, बीएचईएल की ट्रेक्शन प्रोपल्शन प्रणाली एवं कंट्रोल्स लगे हुए हैं। सप्लाई की गई प्रणालियों में पारंपरिक डीजी तथा आधुनिकतम एसी ड्राइव्स शामिल हैं। भारत की पहली भूमिगत मेट्रो कोलकाता में बीएचईएल द्वारा सप्लाई किए गए ड्राइव्स और कंट्रोल्स पर चलती है।

लगभग सभी ईएमयू में बीएचईएल द्वारा निर्मित एवं सप्लाई किए गए इलेक्ट्रिकल्स लगे हुए हैं। बीएचईएल ने एसी ड्राइव्स के लिए ऊर्जा कुशल आईजीबीटी आधारित प्रोपल्शन प्रणाली का घरेलू उत्पादन के रूप में स्वयं को सफलतापूर्वक स्थापित करके फिर से अपनी क्षमता और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता को साबित किया है, जो परिवहन सेक्टर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

भारतीय रेलवे की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए झांसी में लोको निर्माण क्षमता में विस्तार प्रगति पर है। बीएचईएल ने इंडियन रेलवे हेतु ट्रैक रखरखाव मशीनों तथा कोच निर्माण में भी वैविध्यकरण किया है और यह रोलिंग स्टॉक की रेट्रोफिटिंग एवं ओवरहालिंग का भी काम करता है।

अक्षय ऊर्जा

पर्यावरण हेतु अपने सरोकार के अनुरूप बीएचईएल संधारणीय आधार पर अक्षय ऊर्जा आधारित उत्पादों के विकास एवं संवर्धन हेतु राष्ट्रीय प्रयास में योगदान कर रहा है। सौर ऊर्जा चालित स्ट्रीट लाइटिंग, ग्रामीण जल पंपिंग प्रणाली, रेलवे सिग्नलिंग, ऑफशोर ड्रिलिंग प्लेटफार्म जैसे छोटे उपभोग से लेकर बीएचईएल ने बड़े आकार के स्टैंड एलोन तथा ग्रिड इंटरएक्टिव सौर विद्युत संयंत्र देश के कई शहरों एवं दूरस्थ इलाकों में कमीशन किए हैं। ग्रिड संबद्ध सौर विद्युत राष्ट्रीय और मिशन के प्रस्तावित 20,000 मेगावाट लक्ष्य के एक अहम् भूमिका निभाने के लिए बीएचईएल ने सघनीकृत सौर थर्मल विद्युत (सीएसपी) क्षेत्रों में, ईपीसी समाधान प्रदान करने में सौर परियोजनाओं मं अग्रणी एबेनगोआ, स्पेन के साथ एक करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

तेल एंव गैस

बीएचईएल के पास भारतीय स्थितियों के अनुकूल विभिन्न प्रकार की ऑनशोर रिगों के डिजाइन, निर्माण एवं सेवा की विशेषता उपलब्ध है। उपस्कारों की श्रृंखला में ऑनशोर डील ड्रिलिंग रिग,

इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (25 केवीएसी टाइप डब्ल्यू एजी)

एसपीवी विद्युत संयंत्र

सुपर डीप ड्रिलिंग रिग, हेली रिग, वर्क ओवर रिग, मोबाइल रिग और डेजर्स रिग तथा इसके अनुरूप ड्रा वर्क्स एवं हायस्टिंग उपस्कर शामिल है। बीएचईएल के पास अब 9,000 मीटर तक की गहराई की ऑनशोर डीप ड्रिलिंग, 3,000 मीटर की गहराई की मोबाइल रिग तथा 6100 मीटर तक के गहरे कुंओं के लिए वेल सर्विसिंग रिग बनाने की क्षमता है। कंपनी ऑनशोर उपयोग के लिए पर्यावरणनुकूल एसी प्रौद्योगिकी आधारित ऑयल रिगों का निर्माण करने की प्रक्रिया में है।

बीएचईएल ऑनशोर ड्रिलिंग रिग उपस्कर जैसे ड्रा वर्क्स, रेटेरी–टेबल, ट्रेवलिंग ब्लॉक स्विवेल, मास्ट एवं सब स्ट्रक्चर, मड सिस्टम, एवं रिग इलेक्ट्रिक्स, ऑनशोर तथा ऑफशोर उपयोग के लिए 10,000 पीएसआई रेटिंग के वेल हेड्स एवं एक्स–मैस ट्री की आपूर्ति ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लि. और निजी ड्रिलिंग कंपनियों को कर रही है।

ट्रांसमिशन

बीएचईएल की भारत में विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में ट्रांसमिशन प्रणाली एवं उत्पादों की व्यापक श्रृंखला के साथ एक मजबूत स्थिति है। बीएचईएल द्वारा निर्मित उत्पादों में पावर ट्रांसफार्मर, इंस्ट्रुमेंट ट्रांसफार्मर, ड्राई टाइप ट्रांसफार्मर, शंट रिएक्टर वैक्यूम एवं एसएफ 6 स्विचगीयर, गैस इंसुलेटिड स्विचगीयर, सेरामिक इंसुलेटर आदि शामिल हैं। प्रमुख महत्वपूर्ण हार्डवेयर जैसे कैपीसिटर बैंक, सर्किट ब्रेकर, कंट्रोल एवं रक्षात्मक उपस्कर तथा थाईरिस्टर वाल्व इसकी निर्माण श्रृंखला में है।

पीजीसीआईएफ के लिए बीएचईएल द्वारा निष्पादित 400 केवी सबस्टेशन

बीएचईएल भारत में 333 एमवीए, 1200 केवी ट्रांसफार्मर का स्वदेश में ही विकसित एवं निर्माण करने वाली पहली कंपनी के रूप में उभरी है। बीएचईएल ने बीना स्थित पीजीसीआईएल के ट्रांसमिशन परीक्षण स्टेशन के लिए 1200 केवी सीवीटी तथा 1200 केवी यूएचवीएसी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए 530 केएन डिस्क इंसुलेटरों का भी निर्माण किया है। उल्लेखनीय रूप से बीएचईएल को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से उत्तर–पूर्वी तथा आगरा के बीच विश्व की प्रथम + /–800 केवी 6,000 मेगावाट अल्ट्रा वोल्टेज मल्टी–टर्मिनल डीसी ट्रांसमिशन लिंक के लिए पहला आर्डर मिला है।

बीएचईएल ने 36 केवी तथा 145 केवी गैस इंसुलेटिड सबस्टेशन (जीएआईएस) का घरेलू विकास करके उसको कमीशन किया है। अब कंपनी ट्रांसमिशन आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए 33 केवी डबल बस का विकास कर रही है। कंपनी सबसे बड़ी रेटिंग (5 एमवीए) के ड्राई टाइप ट्रांसफार्मरों का स्वदेशी निर्माण करने वाली अकेली कंपनी के रूप में उभरी है।

कंपनी फिक्स्ड सीरीज कंपसेशन/कंट्रोल्ड शंट रिएक्टर स्कीमों की संभाव्यता/सिस्टम अध्ययन, निष्पादन एवं कमीशनिंग की पूरी परियोजना की जिम्मेदारी लेती है। बीएचईएल के पास पावर सिस्टम स्टडीज एवं संभाव्यता अध्ययन अवधि के संबंधित डिजाइन एवं उपयोग हेतु विशेषज्ञता तथा व्यापक ऑन–दी–जॉब एक्सपोजर है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर, अरब देशों में राजनीतिक अस्थिरता से हुई अत्यंत खराब स्थितियों के वातावरण के कारण बीएचईएल के पारंपरिक बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस स्थिति के बावजूद भी बीएचईएल ने अपने निर्यात की गति बनाए रखी है

और नए बाजारों में भी प्रवेश किया है। कंपनी विदेशी बाजारों में अपने उत्पादों एवं सेवाओं की पूर्ण श्रृंखला की आपूर्ति को बनाए रखा है, जिसमें थर्मल, हाइड्रो एवं गैस आधारित टर्नकी पावर परियोजनाएं, सबस्टेशन परियोजनाएं, पुनरूद्धार परियोजनाओं के अलावा ट्रांसफार्मरों, मोटरों, कम्प्रैसरों, वाल्वों, इलेक्ट्रोस्टेटिक, प्रीसीपेटरों, फोटोवोल्टेइक उपस्करों, इंसुलेटरों, हीट एक्सचेंजरों, स्विचगीयरों आदि जैसे विविध उत्पाद शामिल हैं।

कंपनी कार्य, प्रौद्योगिकी गुणवत्ता और अन्य अपेक्षाओं के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की आवश्यकताओं को पूरा में सफल रही है। बीएचईएल ने फास्ट ट्रैक आधार पर परियोजनाएं लेने में अपनी क्षमता सिद्ध की है। विक्रयोपरांत सेवाओं पर बल देने से यूएई, बांग्लादेश, नेपाल, फ्रांस, श्रीलंका, कजाकिस्तान, इराक, न्यूजीलैंड, माल्टा, थाईलैंड, यमन और लीबिया से स्पेयर्स एवं सेवाओं के आर्डर मिले हैं। बीएचईएल के पास बड़ी परियोजनाओं के लिए अन्य कंपनियों के साथ इंटरफेस एवं सहायता के लिए अपेक्षित लचीलापन भी है, साथ ही इसने इंटरमीडिएट उत्पादों के निर्माण एवं आपूर्ति में अनुकूलता भी दर्शाई है।

कंपनी अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय को और बढ़ाने के लिए कई रणनीतिक व्यावसायिक पहल कर रही है, जिनसे विदेशी बाजारों में सौर तथा संबद्ध परियोजनाओं एवं उपस्करों तथा ट्रांसमिशन एवं वितरण के क्षेत्र में अवसरों की खोज करना शामिल है।

प्रौद्योगिकी अपग्रेडेशन, अनुसंधान एवं विकास

बीएचईएल के उत्पाद एवं प्रणालियां तीव्र प्रौद्योगिकी परक हैं और आर एंड डी/प्रौद्योगिकी विकास का एक समावेशी इंजीनियरी उद्यम बनाने के अपने प्रयास में एक रणनीतिक महत्व है। वर्ष के दौरान बीएचईएल ने आर एंड डी प्रयासों पर ₹ 982 करोड़ खर्च किए हैं जो पिछले वर्ष से 18 प्रतिशत अधिक है। आंतरिक रूप से विकसित उत्पादों एवं प्रणालियों से ₹ 7809 करोड़ का कारोबार किया गया जो पिछले वर्ष से 23 प्रतिशत अधिक है। वर्ष के दौरान कुल 91 पेटेंट एवं कॉपीराइट मिले, जिससे बौद्धिक पूंजी 1,438 पेटेंटों एवं कॉपीराइट की हो गई है।

महत्वपूर्ण रूप से इकॉनामिक टाइम्स इंटेलीजेंस ग्रुप ने बीएचईएल को पेटेंट फाइल करने में नंबर एक तथा आर एंड डी में द्वितीय उच्च निवेशक कंपनी का दर्जा दिया है। कंपनी ने भारत में अपने उन्नयन एवं उद्यमशीलता के लिए 'हाई टेक कॉर्पोरेट' वर्ग में प्रतिष्ठित सीआईआई थाम्पसन रियूटर्स इन्नोवेशन अवार्ड–2010 जीता है।

इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी उद्देश्य के अनुरूप हैदराबाद स्थित

जीईसीओएल, लीबिया के लिए 300 मेगावाट की वेस्टर्न माउंटेन एक्सटेंशन परियोजना

श्री प्रफुल पटेल, माननीय केंद्रीय भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्री बीएचईएल, भोपाल में नई आधुनिक विद्युत मशीन शॉप का उद्घाटन करते हुए।

कॉर्पोरेट आर एंड डी प्रभाग विकसित होती हुई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके आधुनिक इंजीनियरी संसाधनों को प्रस्तुत करने में बीएचईएल के अनुसंधान प्रयासों का अग्रणी है। हर निर्माणकारी प्रभाग में कार्यरत अनुसंधान एवं उत्पाद विकास केंद्र एक अनुपूरक भूमिका निभा रहा हैं। सिमुलेटरों, कम्प्यूटेशनल फ्ल्युड, डायनामिक्स, परमानेंट मैग्नेट मशीनों, सर्फेस इंजीनियरी इंटेलीजेंस मशीनों एवं रोबोटिक्स तथा मशीन डायनामिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। 7वीं श्रृंखला के रूप में बीएचईएल ने कम्प्रैसर एवं पंप डायनामिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है। हैदराबाद में नैनो टेक्नालॉजी के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रख्यात वैज्ञानिकों तथा भारत सरकार के विशिष्ट अधिकारियों को मिलाकर एक 'आर एंड डी सलाहकार परिषद्' का भी गठन किया गया है जो विकास के लिए आर एंड डी रणनीतियों पर बीएचईएल को सलाह देगी जिससे कि बाजार में नई चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बना जा सके।

कॉर्पोरेट आर एंड डी प्रभाग के अलावा, बीएचईएल में चार विशिष्ट संस्थान यथा–तिरूचि में वेल्डिंग अनुसंधान केंद्र, बेंगलूर में सेरामिक प्रौद्योगिकी सेंस्थान, भोपाल में इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन एवं हाइड्रो लैब केंद्र तथा हरिद्वार में प्रदूषण नियंत्रण अनुसंधान संस्थान भी हैं।

यूएचपी लैब, भोपाल में 180 एमवीए, 1200 केवी परीक्षण ट्रांसफार्मर तथा 80 एमवीए और 765 केवी सिंगल फेस शंट रिएक्टर

मानव संसाधन विकास संस्थान

एच आर मिशन अभिकथन ''बीएचईएल मिशन को प्राप्त करने हेतु मानव संसाधन के संपूर्ण सामर्थ्य का उपयोग करते हुए मूल्य–आधारित संस्कृति का संवर्धन एवं विकास करना'' द्वारा निदेशित, मा. सं.वि.सं. विस्तृत संगठनात्मक अनुसंधान पर आधारित दीर्घकालीन प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा आवश्यकता पर आधारित कई अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मानव संसाधन को उनके सामर्थ्य को बाहर निकालने और उसे निखारने में समर्थ बनाता है।

एक प्रमुख उन्नत रूम में 2010–11 में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित की गई जिसका उद्देश्य वास्तविक समय के आधार पर आंतरिक स्टेक होल्डरों तक पहुंचना तथा प्रक्रिया मानकीकरण, इष्टतमीकरण एवं अखंड उद्यम एकीकरण के माध्यम से व्यवसाय में रणनीतिक साझेदार के रूप में मानव संसाधन की भूमिका को पुनः परिभाषित करना है।

प्रमुख कार्यक्रमों में रणनीतिक आधारित कार्यक्रम, क्षमता आधारित कार्यक्रम तथा उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम, सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, रणनीतिक प्रबंधन कार्यक्रम, वरिष्ठ प्रबंधन कार्यक्रम, मध्यम प्रबंधन कार्यक्रम, युवा प्रबंधन कार्यक्रम और नए प्रबंधकों के लिए सेल्फ स्टार्टर कार्यक्रम जैसे कार्यपरक कार्यक्रम शामिल हैं।

इसके अलावा, मानव संसाधन विकास संस्थान कॉर्पोरेट मानव संसाधन को तथा इकाइयों/प्रभागों को मा. सं. वि. केंद्रों को प्रोफेशनल सहयोग भी देता है। मा. सं. वि. सं. चयनित रूप में अन्य संगठनों से परामर्शी कार्य भी स्वीकार करता है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंध

बीएचईएल सभी पणधारियों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्य वातावरण प्रदान करते हुए अपने सभी कार्यकलापों. उत्पादों और

सेवाओं के क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल कंपनी होने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यावरण के प्रति अपने सरोकार के अनुरूप कंपनी ने कई पर्यावरण सुधार परियोजनाएं (ईआईपी) शुरू की हैं। जिनमें बीएचईएल निर्माण इकाईयों में व आस–पास 31 लाख वृक्षों को लगाने, 47 लाख वर्ग मीटर की हरित कवरेज और 110 वर्षा जल संचयन जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यावरण को अच्छा बनाने, जल, ऊर्जा, ईंधन, तेल आदि जैसे कीमती संसाधनों का संरक्षण करना है।

विद्युत उत्पादन के लिए बीएचईएल सक्रिय रूप से स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का विकास एवं अधिग्रहण कर रहा है ताकि ग्राहकों को विद्युत उत्पादन से पर्यावरण पर होने वाले प्रभाव को कम से कम करने में समर्थ हो सकें। प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपभोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता तथा पर्यावरण हेतु अपने सरोकार पर पुनः बल देने के लिए बीएचईएल ने बॉयलर की कम्ब्यूशन की कुशलता में सुधार लाने और छव्ग उत्सर्जन में कमी लाने के लिए डॉयनामिक क्लासीफायर–प्रणाली का विकास किया है। कंपनी ने अधिक केंद्रित एवं सशक्त रूप में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने के लिए स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) शुरू किया है। आंतरिक कार्यान्वयन तथा ग्राहकों के साथ संयुक्त दावा परियोजनाओं में सीडीएम गतिविधि परियोजनाओं की एक व्यापक संदर्भ सूची तैयार की गई है। सीडीएम प्रत्येक इकाई के लिए एक नियोजित गतिविधि है और कार्बन क्रेडिट बजटीय गतिविधि का हिस्सा है।

बीएचईएल ने इसरो के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए 210 वर्ग मीटर स्पेस ग्रेड सोलर पैनलों तथा 28 स्पेस क्वालिटी बैटरियों की आपूर्ति की है। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के संदर्भ में बीएचईएल लक्षद्वीप के विभिन्न द्वीपों में एसपीवी संयंत्रों (कुल 2,15 एम डब्ल्यू ई) के नवीनीकरण एवं प्रचालन तथा अनुरक्षण के आर्डरों को पूरा करेगा। हरित ऊर्जा पहल के अनुरूप, वेस्ट हीट के उपभोग के लिए 100–140 मेगावाट की ऊर्जा कुशल सबसे बड़ी सिंगल सिलिंडर नॉन–रिहीट स्टील टरबाइन का विकास पहले ही कर लिया गया है।

कंपनी ने व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स से व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 2010 हेतु प्रतिष्ठित **स्वर्ण मयूर पुरस्कार** जीता है।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

बीएचईएल ने एक सीएसआर योजना तैयार की है जिसका मिशन है– "प्रतिबद्ध कॉर्पोरेट नागरिक बनो और अपना हर कदम कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए उठाओ"।

अनेकों कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के (सीएसआर) पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के कल्याण में सक्रिय प्रतिभागिता से समाज के प्रति अपना योगदान करने की परम्परा को पोषित करते हुए बीएचईएल देश में फैले अपने विनिर्माण संयंत्रों और परियोजना स्थलों के निकट स्थित गांवों और समुदायों में रहन–सहन दशाओं तथा स्वच्छता में सुधार लाने तथा शिक्षा को संवर्धित हेतु सामाजिक–आर्थिक तथा सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलाता है। आठ क्षेत्रों में स्व–रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक विकास, शिक्षा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा चिकित्सा सहायता, अनाथालय एवं वृद्धाश्रमों, अवसंरचना विकास तथा आपदा/विपदा प्रबंधन में विशेष बल दिया जा रहा है। इसके अलावा बीएचईएल देशभर में सामाजिक गतिविधियों में स्व कार्यरत विभिन्न एन जी ओ/ट्रस्टों/सामाजिक कल्याण सोसाइटियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप बीएचईएल ने 2010–11 से सीएसआर नीति अपनाई है। वोकाहर्ड फाउंडेशन द्वारा आयोजित ''सीएसआर थॉट लीडरशिप कॉन्क्लेव'' में कंपनी के प्रयासों की प्रशंसा की गई एवं मान्यता दी गई, और पूंजीगत माल सेक्टर में सीएसआर–क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीएचईएल को ''इंडिया शाइनिंग स्टार सीएसआर अवार्ड'' प्रदान किया गया। कॉर्पोरेट अभिशासन और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के उत्कृष्ट योगदान के लिए बीएचईएल के सीएमडी को इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा ''डिस्टिंग्विश्ड फेलो अवार्ड'' प्रदान किया गया।

संयुक्त राष्ट्र के ग्लोबल काम्पैक्ट कार्यक्रम में भागीदारी

विश्व के सबसे बड़े कॉर्पोरेट नागरिक के पहल के रूप में, ग्लोबल कॉम्पैक्ट कार्यक्रम सबसे पहला सरोकार है जो व्यवसाय और बाज़ार की सामाजिक वैधता हो दर्शाता और बनाता है। मानव अधिकारों, श्रम मानदंड, पर्यावरण और भ्रष्टाचार रोधी के प्रमुख मूल्यों को बढ़ावा देने के माध्यम से बीएचईएल सीएसआर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के ग्लोबल कॉम्पैक्ट कार्यक्रम में एक भुमिका निभा रहा है और इन्हें अपनी कार्यनीति एवं संस्कृति का हिस्सा बना लिया है। बीएचईएल ने यूएनजीसी की वेबसाइट पर नियमित प्रगति के सम्प्रेषण (सीओपी) के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है।

कंपनी सार्वजनिक रूप से अपने कर्मचारियों तथा अन्य सहयोगियों का समर्थन करती है और अपनी वार्षिक रिपोर्ट, प्रेस कांफ्रेंस तथा अन्य सार्वजनिक दस्तावेजों के माध्यम से ग्लोबल कम्पैक्ट कार्यक्रम में नियमित रूप से अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करती है।

बीएचईएल, तिरूचिपल्ली द्वारा संचालित विशेष बच्चों के लिए स्कूल अरिवलयम को दान में दी बस।

बीएचईएल, भोपाल में वृक्षारोपण अभियान–स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक कदम

वर्ष एक नजर में

(₹ करोड़ में)

	2010-11	2009-10	परिवर्तन (%)
बकाया आर्डर	164145	144300	13.75
प्राप्त आर्डर	60507	59037	2.49
कुल कारोबार	43337	34154	26.89
मूल्य वर्धन	18476	13171	40.28
कर पूर्व लाभ	9006	6591	36.64
कर पश्चात लाभ	6011	4311	39.43
लाभांश	1525	1141	33.65
कॉर्पोरेट लाभांश कर	249	191	30.37
प्रतिधारित अर्जन	4237	2979	42.23
कुल परिसंपत्तियां	57097	46960	21.59
निवल मूल्य	20154	15917	26.62
कुल उधार	163	128	27.34
ऋण : इक्विटी	0.01	0.01	-
प्रति शेयर (रुपयों में) :			
- निवल मूल्य	411.71	325.16	26.62
- अर्जन	122.80	88.06	39.45
आर्थिक मूल्य वर्धन	3793	2670	42.06
कर्मचारी (संख्या)	46748	46274	1.02

कुल कारोबार (₹ करोड़ में)



कर–पूर्व लाभ/कर–पश्चात लाभ (₹ करोड़ में)



वित्तीय चार्ट

प्राप्त आर्डर (₹ करोड़ में)



प्रति शेयर निवल मूल्य (₹ में)



2007–08 में 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी किए गए 2006–07 के आंकड़े (चार्ट) बेहतर तुलना के लिए वृद्धित शेयर पूंजी पर आधारित पुनः दिए गए है।

लाभांश अनुपात



प्रति शेयर अर्जन (₹ में)



2007–08 में 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी किए गए 2006–07 के आंकड़े (चार्ट) बेहतर तुलना के लिए वृद्धित शेयर पूंजी पर आधारित पुनः दिए गए है।

मानव शक्ति (संख्या में)



प्रति कर्मचारी कुल कारोबार (₹ करोड़ में)



वित्तीय चार्ट

खण्ड–वार राजस्व और परिणाम (₹ करोड़ में)



समेकित वित्तीय विवरण कर–पूर्व लाभ/कर–पश्चात लाभ (₹ करोड़ में)



31 मार्च, 2011 को बकाया क्षेत्र–वार आर्डर बुक



क्षेत्र–वार आर्डर बुक 2010–11



समेकित वित्तीय निष्पादन (₹ करोड़ में)



पुरस्कार

बीएचईएल के सीएमडी "सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन में उत्कृष्ट एवं सर्वोत्तम योगदान हेतु स्कोप पुरस्कार" भारत के माननीय प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह से प्राप्त करते हुए

बीएचईएल के सीएमडी एवं निदेशक (वित्त) भूतपूर्व केन्द्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्री वीरप्पा मोईली से आई सी डब्ल्यू ए आई पुरस्कार प्राप्त करते हुए

बीएचईएल के निदेशक (ई, आर एंड डी) डा. सैम पित्रोदा, अध्यक्ष राष्ट्रीय उन्नयम परिषद से सी आई आई– थाम्पसन रियूटर्स इन्नोवेशन अवार्ड प्राप्त करते हुए

बीएचईएल के सीएमडी श्री प्रणब मुखर्जी, केन्द्रीय वित्त मंत्री से एनडीटीवी बिजनेस लीडरशिप अवार्ड 2010 प्राप्त करते हुए

निदेशकों की रिपोर्ट

सदस्यगण,

दिनांक 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के व्यवसाय और परिचालन पर 47वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हम अत्यंत प्रसन्न हैं।

वित्तीय निष्पादन

	वित्तीय वर्ष	
(रुपये करोड़ में) सिवाय प्रति शेयर आँकड़ों में	**2010-11**	**2009-10**
क) कुल कारोबार	43337	34154
(ख) मूल्यह्रास, ब्याज एवं कर पूर्व लाभ	9605	7083
((ग) घटाएं : मूल्यह्रास	544	458
(घ) घटाएं : ब्याज और वित्त प्रभार	55	34
(ङ) कर पूर्व लाभ	9006	6591
(च) घटाएं : कर के लिए प्रावधान (आस्थगित कर सहित)	2995	2280
छ) कर पश्चात लाभ	6011	4311
(ज) जोडें / (घटाएं) : सांविधिक विनियोजन	-	1
(झ) वितरणीय लाभ	6011	4312
(ञ) जोड़ें : विगत वर्ष से अग्रेनीत शेष अग्रेनीत शेष	575	595
(ट) विनियोजन के लिए उपलब्ध शेष	6586	4907
(i) लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित)	1525	1141
(ii) कारपोरेट लाभांश कर (अंतरिम लाभांश में शामिल)	249	191
(iii) सामान्य प्रारक्षित निधि में अंतरित	4000	3000
(ठ) लाभ–हानि खाते में शेष राशि, जिसे अग्रेनीत किया जाना है	812	575
(ड) प्रति शेयर अर्जन (₹)	122.80	88.06
(ढ) प्रति शेयर एनएवी (₹)	411.71	325.16
(ण) आर्थिक मूल्यवर्धन (₹ करोड़ में)	3793	2670

महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धियां

वर्ष के दौरान कुल कारोबार 26.89 प्रतिशत बढ़कर पिछले वर्ष के ₹ 34154 करोड़ की तुलना में ₹ 43337 करोड़ हो गया। कुल कारोबार (उत्पाद शुल्क को छोड़कर) 26.49 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2009–'10 में ₹ 32861 करोड़ के मुकाबले 2010–11 में ₹ 41566 करोड़ हो गया। कर पूर्व लाभ वर्ष 2010–11 में 9006 करोड़ रहा जबकि वर्ष 2009–10 में यह ₹ 6591 करोड़ था। अतः लाभ में गत वर्ष की तुलना में 36.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कर पश्चात लाभ ₹ 6011 करोड़ रहा है जबकि वर्ष 2009–10 के दौरान यह ₹ 4311 करोड़ था। इसमें गत वर्ष की तुलना में 39.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

पिछले वर्ष की तुलना में कारोबार में वृद्धि तथा सामग्री लागत में बचत के कारण वर्ष के दौरान बेहतर वित्तीय निष्पादन हुआ है।

कम्पनी का निवल मूल्य ₹ 15917 करोड़ से बढ़कर ₹ 20154 करोड़ हो गया, इस प्रकार इसमें 26.62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रति शेयर निवल परिसम्पत्ति मूल्य (एनएवी) 2009–10 में ₹ 325.16 से बढ़कर 2010–11 में ₹ 411.71 करोड़ हो गया है।

लाभांश

निदेशक मंडल ने वर्ष 2010–'11 के लिए 179 प्रतिशत (₹ 17.90 प्रति शेयर) अर्थात ₹ 876.24 करोड़ के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। वर्ष 2010–11 के लिए ₹ 489.92 करोड की शेयर पूंजी पर 132.50 प्रतिशत (13.25 रुपये प्रति शेयर) अर्थात ₹ 648.61 करोड़ का अंतरिम लाभांश अदा किया जा चुका है। अतः वर्ष 2010–11 के लिए लाभांश का कुल भुगतान पिछले वर्ष में अदा किए गए ₹ 1140.58 करोड़ की तुलना में ₹ 1524.85 करोड़ (लाभांश कर रहित) था।

प्रस्तावित अंतिम लाभांश पर कारपोरेट लाभांश कर के लिए ₹ 142.15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अंतरिम लाभांश पर ₹ 107.73 करोड़ का कॉर्पोरेट लाभांश कर पहले से ही अदा किया जा चुका है।

प्राप्त आर्डर

वर्ष के दौरान ₹ 60507 करोड़ मूल्य के आर्डर प्राप्त हुए जबकि वर्ष वर्ष 2009–10 में ₹ 59037 करोड़ के आर्डर प्राप्त हुए थे। क्षेत्र–वार बुक किए गए आर्डर नियुक्तियाँ हैं:

(₹ करोड़ मे)	**2010-11**	**2009-10**
पावर सेक्टर*	46393	41982
उद्योग क्षेत्र*	10375	13484
अंतर्राष्ट्रीय परिचालन	3739	3571
बुक किए गए कुल आर्डर	60507	59037
वर्ष के अंत में शेष आर्डर बुक	164145	144300

*अंतः क्षेत्रीय ऑर्डरों को घटाकर

समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों की तुलना में बीएचईएल का दर्जा निर्धारण

वर्ष 2009–10 के लिए बीएचईएल के कार्यनिष्पादन को भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार 'उत्कृष्ट' का दर्जा दिया गया है। बीएचईएल की समझौता ज्ञापन का मिश्रित अंक '1.17' प्रदान किया गया है।

2010–11 के लिए एमओयू रेटिंग के भारत सरकार द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। तथापि, कम्पनी के स्वंय के आकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए कम्पनी का निष्पादन को 'उत्कृष्ट' के रूप में है।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

प्रबंध चर्चा और विश्लेषण पर एक रिपोर्ट अनुबंध 1 में दी गई है।

निदेशक मंडल

नियुक्ति

श्री. त्रिम्बकदास एव. जँवर को 12.11.2010 में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री. एस. रवि को 10.03.2011 से अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया है।

श्री. अम्बुज शर्मा, आईएएस, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मन्त्रालय को 15.03.2011 अंशकालिक सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

श्री. एम. के. दुबे को निदेशक (आईएसएंडपी) का कार्यग्रहण करने के लिए 25.06.2011 से अपर निदेशक नियुक्त किया गया।

श्री पी. के . बाजपेयी को निदेशक (वित्त) का कार्यग्रहण करने के लिए 01.07.2011 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

अन्तर्नियमावली के अनुच्छेद 67 (*IV*) के अनुसार सर्वश्री त्रिम्बकदास एव. जँवर, एस. रवि, अम्बुज शर्मा, एम. के. दुबे और पी. के. बाजपेयी कम्पनी की 47वीं वार्षिक आम बैठक तक अपने निदेशक पद पर बने रहेंगे और बैठक में निदेशकों के रूप में निदेशक की नियुक्ति हेतु पात्र हैं।

सेवा समाप्ति

श्री एस. रवि को 29.11.2007 को अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और 28.11.2010 को अपनी अवधि पूरी कर लेने पर वे कम्पनी के निदेशक नहीं हैं।

श्री. राजीव बंसल, आईएएस, संयुक्त सचिव भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय 15.3.2011 से अंशकालिक सरकारी निदेशक नहीं रहे।

निदेशक मंडल ने श्री. रवि तथा राजीव बंसल को उनके कार्यकाल के दौरान की गई महत्वपूर्ण सेवाओं तथा दिए गए सलाह, मार्ग निर्देशन की प्रशंसा को अपने रिकार्ड में रखा है।

इसके अलावा कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 255 व 256 तथा कम्पनी की अन्तर्नियमावली के अनुच्छेद 67*(i)* के अनुसार में श्रीमती रेवा नैयर, अनिल सचदेव, अतुल सराया वार्षिक आम बैठक में चक्रानुक्रम में सेवानिवृत होंगे और पात्र होने पर स्वंय की पुनर्नियुक्ति हेतु पेशकश करेंगे।

सूचीकरण करार के खंड 49 *IV (G) (i)* के अनुपालन में, नियुक्त और पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त विवरण, विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता की प्रकृति और उन कंपनियों, जिनमें वे निदेशक और निदेशक मंडल की समितियों में सदस्य रहे हैं, के नाम निदेशकों की रिर्पोट का भाग होकर **अनुबंध–2** में दिए गए हैं।

राजभाषा कार्यान्वयन

कम्पनी ने भारत सरकार की नीतियों के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन पर जोर देना जारी रखा। वर्ष के दौरान किए गए क्रियाकलाप निम्नानुसार हैं :

1. कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की सुविधा प्रदान करने तथा हिन्दी में काम करने के लिए आवश्यक जानकारी देने के लिए कॉरपोरेट कार्यालय सहित सभी इकाइयों/प्रभागों में निर्धारित संख्या में हिंदी कार्यशालाएं एवं हिंदी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

निदेशक (मा. सं) राजभाषा दिवस पर हिंदी के सुप्रसिद्ध लेखक श्री लीलाधर मंडलोई का अभिनंदन करते हुए।

2. कंपनी में हिंदी के प्रयोग के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किए जाने की दिशा में कॉरपोरेट कार्यालय सहित सभी यूनिटों/प्रभागों ने 14.9.2010 को हिंदी दिवस के रूप में मनाया और सिंतबर, 2010 में हिंदी सप्ताह माह के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

3. कॉर्पोरेट कार्यालय और कम्पनी को प्रमुख इकाइयों/प्रभागों में आयोजित किए गए राष्ट्रीय स्तर के सभी समारोह – जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदि का संचालन हिन्दी में किया गया।

4. कम्पनी की प्रमुख इकाइयों तथा प्रभागों ने वर्ष के दौरान 11 वार्षिक हिन्दी पत्रिकाओं यथा ईडीएन ने भेल चन्दन, ईपीडी ने भेल दर्पण, तिरुचि ने भेल किरण, आईएसजी ने सूर्य किरण आरसीपुरम, हैदराबाद ने भेल यशस्वी, भोपाल ने भेल भारती (छमाही), हरिद्वार ने भेल गंगा, झाँसी ने सृजन, पावर सेक्टर मुख्यालय, नई दिल्ली ने शक्ति पुँज, पावर सेक्टर – उत्तरी क्षेत्र, नोएडा ने अभिव्यक्ति, पावर सेक्टर – पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वाभा का प्रकाशन किया। कॉर्पोरेट कार्यालय ने भी वर्ष के दौरान अपनी त्रैमासिक हिन्दी पत्रिका 'अरुणिमा' के चार अंक प्रकाशित किए।

5. राजभाषा हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाली इकाइयों/प्रमाणों को पुरस्कृत करने तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने की दिशा में 06 इकाइयों यथा पावर सेक्टर – उत्तरी क्षेत्र, नोएडा, झाँसी, भोपाल, ईडीएन, आईएसजी एवं ईपीडी को अपनी इकाइयों में राजभाषा नीति का उत्कृष्ट अनुपालन करने के लिए राजभाषा शील्ड प्रदान की गई।

6. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में प्रमुख इकाइयों/प्रभागों तथा कॉर्पोरेट कार्यालय के कर्मचारियों ने कई पुरस्कार जीते।

7. संसदीय राजभाषा समिति ने पावर सेक्टर – मुख्यालय समिति ने पावर सेक्टर – मुख्यालय, आरओडी – मुम्बई, पावर सेक्टर – पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता और पावर सेक्टर – उत्तरी क्षेत्र, नोएडा इकाइयों का निरीक्षण किया और सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और कार्यालयी कार्य में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के सम्बन्ध में हमसे कुछ आश्वासन भी लिए।

8. कॉर्पोरेट राजभाषा कार्यान्वयन विभाग द्वारा सरकार की नीति के अनुसार हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ाने में मार्गदर्शन करने की दृष्टि बीएचईएल की 14 इकाइयों/प्रभागों का निरीक्षण किया गया।

संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक समझौते में भागीदारी

बीएचईएल संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता (यूएनजीसी) कार्यक्रम तथा मानवाधिकार, श्रम मानक, पर्यावरण और भ्रष्टाचार रोध पर इसके दस सिद्धांतों में शामिल मुख्य मूल्यों के समूह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

कंपनी एक उत्तरदायी कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में वैश्विक समझौता (जीसी) के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का आशय रखती है। बीएचईएल ने शीर्षस्थ भारतीय संगठनों द्वारा गठित एक शीर्ष स्तरीय नोडल एजेंसी वैश्विक समझौता सोसायटी (जीसीएन) के माध्यम से अन्य भारतीय संगठनों में वैश्विक समझौता के सिद्धांतों के संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाई है। सचिव, वैश्विक समझौता सोसायटी बीएचईएल के नामिती होने के कारण बीएचईएल सोसायटी के सभी कार्यकलापों में अग्रणी बना हुआ है। वर्ष के उल्लेखनीय कार्यकलापों में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन तथा भारतीय संदर्भ में मामला अध्ययनों/संगठनात्मक अनुभवों के आदान–प्रदान, वैश्विक कम्पैक्ट सिद्धांतों का अनुपालन के समाधान करना शामिल हैं।

वैश्विक समझौता कार्यक्रम के समर्थन में बीएचईएल के योगदान और प्रगति पर उल्लेखनीय संप्रेषण के मान्यतास्वरूप संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता ने बीएचईएल को 'उल्लेखनीय सीओपी' में रखा है।

बीएचईएल अपने सभी पणधारियों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्य वातावरण प्रदान करने के अतिरिक्त, अपने सभी कार्यकलापों, उत्पादों और सेवाओं में एक पर्यावरण अनुकूल कंपनी है और इसने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता कार्यक्रम को कंपनी की कार्यनीति, संस्कृति और दिन–प्रतिदिन के परिचालनों का हिस्सा बनाया है।

सतर्कता

बीएचईएल के सतर्कता संगठन का प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी है। बीएचईएल की प्रत्येक इकाई क्षेत्र में वरिष्ठ सतर्कता कार्यपालक के नेतृत्वाधीन एक सतर्कता ढांचा है, जो मुख्य सतर्कता अधिकारी को रिपोर्ट करते हैं।

पूर्ववर्ती वर्षों की तरह, 2010–11 के दौरान बीएचईएल सतर्कता के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक निवारक सतर्कता रही। सीवीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार सतर्कता प्रशासन में सुधार करने के लिए निवारक सतर्कता को प्राथमिकता को प्रोएक्टिव तथा भविष्यवाची सतर्कता पर शिफ़्ट करने के प्रयास किए गए।

कम्पनी की नीतियों, नियमों और प्रतिक्रियाओं की जानकारी न होने या उनकी गलत व्याख्या खामियों/अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। संगठन के कर्मचारियों के बीच इस जागरूकता का सृजन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करके किया जाता है। वर्ष 2010–11 के दौरान बीएचईएल की विभिन्न यूनिटों, क्षेत्रों तथा

कार्यालयों में ऐसे 67 कार्यक्रम आयोजित किए गए। कम्पनी के नियमों, कार्यविधियों तथा नीतियों के बारे में जानकारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्षेत्रों के लाइन कार्यपालकों के साथ विचार–विमर्श सत्र आयोजित किए गए। प्रणाली को अधिक प्रभावी और मारदर्शी बनाने के लिए सतर्कता विभाग ने 2010–11 के दौरान प्रणाली अध्ययन किया। प्रणाली में सुधार के लिए कई सुझाव दिए गए। सुधार के लिए दिए गए प्रमुख सुझाव इस प्रकार हैं:

- विक्रेता पंजीकरण कार्य विधि में संशोधन
- क्रय नीति
- रिवर्स नीलामी दिशानिर्देश
- टेंडर किए गए कार्यक्षेत्र/विशिष्टताओं में स्वीकृत वियलनों के कारण प्रस्तावों की वित्तीय लोडिंग के मापदंड

सीवीसी निर्देशों के अनुसार, कम्पनी ने वास्तविक समय के आधार पर वेब पर सभी संगत सूचना उपलब्ध कराने के लिए कई पहल की हैं। इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित को सुनिश्चित करने के लिए आवधिक जाँच की जाती हैं:

- क्रय आदेशों की स्थिति, हर महीने पूरे किए कार्य संविदाओं की स्थिति, सीवीसी फ़ॉर्मेट में सभी इकाइयों द्वारा डाउनलोड की जाती हैं।
- विक्रय पंजीकरण के सम्बन्धित कार्यविधि एवं फ़ॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
- विक्रेता पंजीकरण की स्थिति को वेब पर डाला जाता है और विक्रेता इसे देख सकते हैं।
- पूरे संगठन में विक्रय बिलों का ई–भुगतान किया जाता है विक्रेता बिलों के भुगतान में नियमतःपहले आओ पहले पाओ सिद्धान्त का पालन किया जा रहा है।
- विक्रेता बिलों के भुगतान की स्थिति ऑनलाइन देख सकते हैं।
- इन्डेट ऑनलाइन किए जाते हैं।
- विक्रेता पंजीकरण, बिलों को पास करने आदि की सूचना से सम्बन्धी नियम/कार्यविधि बीएचईएल/इकाइयों की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सुरक्षा

कम्पनी का सुरक्षा तंत्र पर्याप्त है और प्रत्येक संयंत्र/इकाई को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि कम्पनी के अधिकांश संयत्रो की सुरक्षा सीआईएसएफ द्वारा की जाती है फिर भी कम्पनी की अपनी सुरक्षा व्यवस्था है। अन्य संयंत्रों, कॉर्पोरेट कार्यालयों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख पुनर्वास महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित मैसर्स ईएटीएस अथवा एक्स सर्विसमेन कॉरपोरेशन जैसी निजी एजेंसियों द्वारा की जाती है।

कम्प्यूटरों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इलैक्ट्रानिक विभाग, भारत सरकार (एसआरएसी) ने की हमारे साफ्टवेयर सुरक्षा तंत्र का निरिक्षण कराया है और उनके सुझाव क्रियान्वित किए गए हैं।

प्रमुख संयंत्रों की सुरक्षा लेखापरीक्षा अधिकारिक रूप में आसूचना ब्यूरो द्वारा की जाती है और उनके द्वारा इंगित किए जाने पर अतिरिक्त अपेक्षाएँ संबंधित यूनिटों द्वारा तत्काल पूरी की जाती है। सुरक्षा की समीक्षा समय–समय पर आंतरिक रूप में भी की जाती है। प्रबंधन, सुरक्षा स्टॉफ तथा कम्पनी के कर्मचारियों को कम्पनी की सुरक्षा जरूरतों से सचेत किया जाता है।

सन्धारणीयता

सन्धारणीयता कम्पनी की रणनीति का एक अभिन्न भाग है। बीएचईएल अपने सभी क्रियाकलाप क्षेत्रों, उत्पादों और सेवाओं में पर्यावरण अनुकूल वातावरण बनाने, सुरक्षित तथा स्वस्थ कामकाजी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कम्पनी की कार्यनीति के अनुरूप पर्यावरण सुधार परियोजनाओं और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाता है। विगत में बीएचईएल संयंत्रों तथा टाउनशिप में पूरी की गई पर्यावरण सुधार परियोजनाओं में वृक्षारोपण अभियान, वर्षा जल सन्चयन संयन्त्र, कुशल जल एवं ऊर्जा प्रबन्धन, ध्वनि स्तर में कमी, रसायन भंडारण में सुधार और उसकी हैंडलिंग प्रणाली अवधि शामिल हैं।

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व संबंधी बीएचईएल स्कीम पिछले वर्षों में विकसित की गई है और सर्वोच्च प्रबंधन द्वारा इसे एक नीतिगत विवरण के रूप में इस सिद्धांत पर पृष्ठांकित किया गया है कि बीएचईएल एक प्रतिबद्ध कॉर्पोरेट नागरिक है और इसका कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व केवल व्यवसाय और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के बीच सहक्रिया बनाना ही नहीं है बल्कि व्यवसाय रणनीति का एक अभिन्न भाग बनाना है।

कम्पनी की सभी विनिर्माण इकाइयाँ/क्षेत्र अन्तर्राष्ट्रीय मानक तथा आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबन्धन प्रमाणन, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबन्ध हेतु प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिए हैं।

निदेशकों का दायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2कक) के अनुसरण में एतद्द्वारा यर पुष्टि की जाती है कि :

(i) 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट तैयार करते समय महत्वपूर्ण वियलक के संबंध में समुचित व्याख्या के साथ –साथ लागू लेखाकरण मानकों' का अनुपालन किया गया है।

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरंतर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान किए हैं जो कि इतने तर्कसंगत और उपयुक्त हैं कि वित्तीय वर्ष 2010–11 के अंत में कंपनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ–हानि का सही और उचित दृश्य प्रस्तुत कर सकें।

(iii) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं से बचाव के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार लेखा का समुचित रिकार्ड रखे जाने पर उपयुक्त एवं पर्याप्त ध्यान दिया।

(iv) निदेशकों ने 'गोइंग कंसर्न' आधार पर 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार किया है।

कॉरपोरेट अभिशासन

सूचीकरण करार के खंड 49 की अपेक्षा अनुसार निम्नलिखित के साथ कॉरपोरेट अभिशासन की विस्तृत रिपोर्ट अनुबंध 3 में दी गई है।

(i) सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र (खंड 49 (ट) के अनुसार), और

(ii) कंपनी के लेखापरीक्षकों से प्रमाणपत्र (खंड 49 (vii) के अनुसार

अन्य प्रकटन

ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय से संबंधित कंपनी (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में ब्यौरों का प्रकटन) नियम, 1998 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(1) (ड) के उपबंधों के अनुसार सूचना अनुबंध–iv में दी गई है।

कम्पनी (कर्मचारियों के ब्यौरे) नियम, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2क) के अधीन किसी भी कर्मचारी ने वर्ष के दौरान विहित सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक नहीं किया है।

कंपनी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 212 के अनुपालनार्थ सहायक कंपनी का विवरण अनुबंध–v में दिया गया है।

लेखापरीक्षक

आपकी कंपनी के लेखापरीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा की जाती है। वर्ष 2010–11 के लिए नियुक्त लेखापरीक्षकों के नाम वार्षिक रिपोर्ट के अलग से मुद्रित है।

2010–11 के लिए नियुक्त किए गए लागत लेखापरीक्षकों का विवरण तथा लागत लेखापरीक्षा विवरण का मुद्रण वार्षिक रिपोर्ट में अलग से किया गया है।

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित बिंदुओं के उत्तर तथा भारत के नियंत्रण एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणीयों के उत्तर अनुबंध–vi में दिए गए है।

आभार

निदेशक मंडल कंपनी के भारत और विदेश में महत्वपूर्ण ग्राहकों के प्रति संगठन में उनके द्वारा व्यक्त विश्वास और प्रदान किए गए सहयोग के लिए हार्दिक सराहना करता है और भविष्य में आपस में सहयोगपूर्ण संबंधों को बनाए रखने की आशा करता है।

निदेशक मंडल कंपनी के परिचालन और विकास संबंधी योजनाओं में भारत सरकारके विभिन्न मंत्रालयों, विशेषकर भारी उद्योग विभाग से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए भी कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करता है। निदेशकगण भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, लेखापरीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों, सांविधिक लेखापरीक्षकों, शाखा लेखापरीक्षकों और लागत लेखापरीक्षकों का भी हार्दिक धन्यवाद देते हैं। कंपनी सभी प्रौद्योगिकी सहयोगियों और आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त निरंतर सहयोग और वित्तीय संस्थाओं तथा बैंकरों द्वारा प्रदान किए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त करती है। निदेशक मंडल बीएचईएल परिवार के सभी सदस्यों के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करना चाहता है, जिनके उत्साह, समर्पण और सहयोग से उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन संभव हो सका।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के
निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से

बी. प्रसाद राव
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26 जुलाई, 2011

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध–1

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

क. वित्तीय परिचालन

कंपनी के वित्तीय कार्यनिष्पादन का विश्लेषण

(1) वित्तीय परिणाम

तुलनपत्र

1. शेयर पूंजी

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वष 2009-10
प्राधिकृत शेयर पूंजी	2000	2000
जारी अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी	490	490

वर्ष 2010–11 के दौरान शेयर पूंजी में कोई परिर्वतन नही हुआ ।

2. प्रारक्षित निधि और अधिशेष

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
प्रारक्षित पून्जी	3	3
सामान्य प्रारक्षित निधि	18850	14850
लाभ और हानि खाते	812	575
	19665	**15428**

प्रारक्षित निधि और अधिशेष लाभांश वितरण पश्चात लाभ जोड़ने के बाद वर्ष 2010–'11 में 4237 करोड़ रुपये बढ़ गया।

3. ऋण निधियां

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वष 2010-11	वित्तीय वष 2009-10
रक्षित ऋण -	-	
अरक्षित ऋण	163	128

आरक्षित ऋण पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियां दर्शाता है।

ऋण इक्विटी अनुपात



4. स्कायी परिसंपत्तियां

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
सकल ब्लॉक	8050	6580
घटाएं– मूल्यह्रास/परिशोधन	4649	4151
घटाएं– पट्टा समायोजन लेखा	-	14
निवल ब्लॉक	3401	2415
चालू पूंजीगत कार्य	1762	1550

वर्ष के दौरान विभिन्न उत्पादन यूनिटों तथा परियोजना स्थलों पर सुविधाओं की स्थापना और इन्हें चालू करने पर किए गए पूंजीगत व्यय के कारण सकल ब्लॉक और चालू पूंजीगत निर्माण कार्य मे क्रमशः 1470 करोड़ रुपये और 212 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

5. निवेश

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
दीर्घावधि व्यापार निवेश	439	80

मुख्य रूप से संयुक्त उपक्रम कंपनियों में 359 करोड़ रुपये के इक्विटी के कारण दीर्घावधि भागीदारी व्यापार निवेश में वृद्धि हुई है।

6. आस्थगित कर आस्तियां (निवल)

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
आस्थगित कर आस्तियां (निवल)	2164	1527

मुख्य रूप से प्रावधानों में वृद्धि के कारण आस्थगित कर आस्तियों में 637 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

7. मालसूची

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
मालसूची	10963	9235

परिचालनों की मात्रा में वृद्धि के अनुरूप मालसूची पिछले वर्ष की तुलना में 1728 करोड़ रुपये बढ़ गई। कुल कारोबार के दिनों के रूप में यह वर्ष 2009–10 में 99 दिनों से घटकर वर्ष 2010–11 में 93 दिन रह गई।

8. विविध देनदार (निवल)

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
विविध देनदार (सकल)	27355	20689

कुल कारोबार के दिन के रूप में यह वर्ष 2009–10 में 221 दिनों से बढ़कर 2010–11 में 230 दिन हो गई। मुख्य रूप से जो आस्थगित ऋणों में वृद्धि के कारण हैं।

9. नकद और बैंक अधिशेष

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
नकद और बैंक शेष	9630	9790

नकद और नकद समतुल्य वर्ष 2009–10 में 9790 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2010–11 में 9630 करोड़ रुपये थे।

10. ऋण और अग्रिम तथा अन्य चालू परिसंपत्तियां

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
ऋण तथा अग्रिम	3237	2793
अन्य चालू परिसंपत्तियां	310	407

परिचालन के स्तर में वृद्धि के अनुरूप और अग्रिमों 444 करोड़ रुपये की वृद्धि हो गई है। अन्य चालू परिसंपत्तियां बैंक जमाओं और निवेशों पर उपार्जित ब्याज प्रदर्शित करती हैं।

कुल कारोबार के दिनों की संख्या में मालसूची/देनदार



11. चालू देयताएं और प्रावधान

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
चालू देयताएं	31347	28024
प्रावधान	7597	4418

चालू देयताओं में वृद्धि मुख्यतः ग्राहकों से अग्रिमों में 1200 करोड़ रुपये तथा विविध लेनदारों और देयताओं में 2123 करोड़ रुपये की वृद्धि के कारण है। प्रावधान में मुख्य रूप से वृद्धि वारंटी प्रावधानों पर संशोधित नीति के अनुसार संविदागत देयताओं हेतु प्रावधानों में वृद्धि के कारण है।

लाभ–हानि खाता

12. कुल कारोबार

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
सकल कुल कारोबार	43337	34154
घटाएं– उत्पाद कर तथा सेवा कर	1771	1292
निवल कारोबार	41566	32862

वर्ष के दौरान उत्पाद शुल्क को छोड़कर कुल कारोबार में 26.49 प्रतिशत वृद्धि हुई। कंपनी के कुल राजस्व में पावर खंड और उद्योग खंड ने क्रमशः 79 प्रतिशत और 21 प्रतिशत का योगदान दिया।

13. अन्य आय

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
अन्य परिचालन आय	680	493
अन्य आय	394	347
ब्याज आय	627	808
	1701	1648

वर्ष के दौरान अन्य आय में 53 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। प्रचालन की मात्रा में वृद्धि के अनुरूप है और हमारा आय में कमी घटी ब्याज दरों और अन्य अल्प–अवधि निवेश में कमी के कारण हैं।

14. सामग्री की खपत, स्थापना और इंजीरियरी व्यय

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
सामग्री की खपत, स्थापना और इंजीनियरी व्यय	23209	20672

कुल कारोबार /प्रचालन में 26.89 प्रतिशत की वृद्धि होने के कारण समाग्री की खपत, इरेक्शन एवं इंजीनियरिंग व्यय में ₹ 2537 करोड़ या 12.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण कुल कारोबार/प्रचालन मात्रा में 26.89 प्रतिशत की वृद्धि है। निवल कारोबार प्रतिदान के रूप में 2009–10 के 62.91 प्रतिशत से घटकर 2010–11 में 55.84 प्रतिशत रह गया। (59.83 प्रतिशत नीति में परिवर्तन के कारण अतिरिक्त कारोबार के प्रभाव को हिसाब में न लेने पर) (अनुसूची 19 की टिप्पणी 13 देखें)

15. कर्मचारियों का पारिश्रमिक और लाभ

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
कर्मचारियों का पारिश्रमिक तथा लाभ	5397	6993
वापस लिया गया प्रावधान प्रावधान	-	1749
निवल कर्मचारी पारिश्रमिक और लाभ	5397	5244

कर्मचारी पारिश्रमिक एवं लाभ 2009–10 के ₹ 5244 करोड़ से बढ़कर 2010–11 में ₹ 5397 करोड़ हो गया है। कर्मचारी पारिश्रमिक एवं लाभ में पेशंन योजना प्रावधान भी शामिल है।

16. विनिर्माण, प्रषासन बिक्री और वितरण के अन्य व्यय

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
विनिर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण के अन्य व्यय	2536	2065

कंपनी के परिचालन स्तर में वृद्धि के कारण वर्ष 2009–10 की तुलना में उत्पादन, प्रशासन, बिक्री और वितरण के अन्य व्ययों में 471 करोड़ रुपये अथवा 22.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

17. प्रावधान (निवल)

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
प्रावधान (निवल)	2715	(-) 934
घटाएँ : वेतन संशोधन के लिए वापस किए गए प्रावधान	-	1749
	2715	815

प्रावधान (निवल) में वृद्धि मुख्य रूप से वारंटी प्रावधानों की संशोधित नीति में संविदागत देयताओं हेतु प्रावधानों में वृद्धि के कारण हैं।

18. ब्याज तथा अन्य उधार लेने की लागत

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
ब्याज और अन्य उधार लेने की लागत	55	34

ब्याज लागत वर्ष के दौरान वित्तीय पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियों पर पट्टा किराये को ब्याज संघटक और अन्य अवधि के ऋण पर ब्याज दर्शाता है।

19. मूल्यह्रास

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
मूल्यह्रास	544	458

मूल्यह्रास में ₹ 86 करोड़ की वृद्धि परिसंपत्तियों के कमीशनिंग पर सकल ब्लॉक में वृद्धि के कारण है।

20. कराधान हेतु प्रावधान

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
आय कर – चालू	3712	2006
– पिछले वर्ष	(-) 81	(-) 34
आस्थगित कर	(-) 636	313
अनुंषगी कर लाभ – चालू	-	(-) 5
	2995	2280

वर्ष में लाभ में वृद्धि के अनुरूप कराधान के प्रवधान में वृद्धि हुई

21. कर पष्चात् लाभ

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
कर पश्चात् लाभ	6011	4311

वर्ष के लिए निवल लाभ में ₹ 1700 करोड़ अथवा 39.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

22. लाभांष

कंपनी ने वर्ष 2010–11 के दौरान ₹ 489.52 करोड़ की शेयर पूंजी पर 132.50 प्रतिशत (₹ 13.25 प्रति शेयर) अर्थात ₹ 648.61 करोड़ का अंतरिम लाभांश अदा किया है। निदेशक मंडल ने 179 प्रतिशत (₹ 17.90 प्रति शेयर) अर्थात ₹ 876.24 करोड़ के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की है।

वर्ष 2010–11 के लिए लाभांश का कुल भुगतान पिछले वर्ष में ₹ 1140.58 करोड़ की तुलना में ₹ 1524.85 करोड़ (लाभांश कर रहित) है।

प्रस्तावित अंतिम लाभांश पर कॉर्पोरेट लाभांश कर के लिए ₹ 142.15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अंतरिम लाभांश पर ₹ 107.73 करोड़ का कॉर्पोरेट लाभांश कर अदा किया जा चुका है।

23. सामान्य प्रारक्षित निधि में अंतरण

गत वर्ष में ₹ 3000 करोड़ की तुलना में वर्ष 2010–11 के लिए ₹ 4000 करोड़ की राशि सामान्य प्रारक्षित निधि में अंतरित कर दी गई है।

(ii) सहायक कंपनी की वित्तीय पुनरीक्षा

क) भारत हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स लिमिटेड

कंपनी ने 100 प्रतिशत सहायक कंपनी के रूप में दिनांक 10.05.2008 से भारत हेवी प्लेट एंड वेसल्स लिमिटेड (बीएचपीवी) का अधिग्रहण कर लिया है। बीएचईएल पर्याप्त प्रबंधकीय और वित्तीय सहायता से कम्पनी के पुर्नजीवत करने की प्रक्रिया में हैं। 2010–11 में बीएचईएल ने ₹ 136.98 करोड़ के कारोबार पर ₹ 8.78 करोड़ का लाभ कमाया।

बीएचपीवी की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है–

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010 -11	वित्तीय वर्ष 2009-10
इक्विटी में बीएचईएल का निवेश	₹ 1 पर	₹ 1 पर
शेयरों को जारी करने के लि अग्रिम	34.00	34.00
कुल कारोबार	136.98	104.31
कर पश्चात् लाभ	8.78	(-) 8.60

ख) बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स मशीन्स लिमिटेड

19 जनवरी, 2011 को बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड के नाम से एक सहायक कम्पनी का निगमन किया गया जिसने बीएचईएल के पास 51% का मुख्य अंश है और केन्द्र सरकार के पास 49% है। बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लि. एल्टर्नेटरों तथा अन्य रोटेटिंग विद्युत मशीनों का निर्माण करेगी।

(iii) संयुक्त उपक्रम कंपनियों की वित्तीय समीक्षा

क) बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस)

बीजीजीटीएस, बीएचईएल तथा जीई, यूएसए के बीच एक संयुक्त उपक्रम है। इसका गठन जीई द्वारा डिजाइन की गई गैस टर्बाइनों की मरम्मत और सर्विस के लिए किया गया है। कंपनी वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है–

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	2.38	2.38
कुल कारोबार	418.52	434.54
कर पश्चात् लाभ	57.36	50.42
निवल मूल्य	91.34	70.58

पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में कमी आई है, जिसमें आरजीपीपीएल से हुई 23 करोड़ रुपए की बिक्री शामिल है। जबकि इस दिशा में चालू वर्ष में कोई बिक्री नहीं हुई।

ख) एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीपीएल)

विद्युत क्षेत्र में ईपीसी कार्यों के निष्पादन के लिए 28 अप्रैल, 2008 को बीएचईएल तथा एनटीपीसी के बीच संयुक्त उपक्रम शुरू किया गया। इसकी वित्तीय उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैः–

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010-11	वित्तीय वर्ष 2009-10
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	25.00	25.00
कुल कारोबार	106.49	2.30
कर उपरांत लाभ	9.26	(-) 0.76

ग) उड़नगुड़ी पावर कार्पोरेषन लिमिटेड

उडनगुडी में 1600 मेगावाट (2x800 मेगावाट) सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट निर्मित, प्रापण एवं परिचालन के लिए बीएचईएल तथा टीएनईबी में दिनांक 26 दिसंबर, 2008 को एक संयुक्त उपक्रम शुरू किया गया है। यह निगम तमिलनाडु में उडनगुडी, तूतीकोरिन जिले में 2x800 मेगावाट क्षमता का एक थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया में ही कम्पनी ने अपेक्षित पर विकास कार्य जारी है।

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010-11*	वित्तीय वर्ष 2009-10
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	32.50	5.00
निवल ब्लॉक	29.14	0.37
प्रगति में पून्जीगत कार्य	32.51	4.55

*अंनतिम आंकड़ों के आधार पर

घ) रायचुर पावर कार्पोरेशन लिमिटेड

बीएचईएल के बनाने, अपनाने और परिचालित करने के आधार पर कर्नाटक में सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के हेतु कर्नाटक पावर कारपोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम कम्पनी प्रवर्तित किया है। इस संयुक्त उद्यम को ''रायचुर पावर कारपोरेशन लिमिटेड के नाम से 15 अप्रैल, 2009 को निगमित किया गया।

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010-11*	वित्तीय वर्ष 2009-10
इक्विटी बीएचईएल का निवेश	331.52	5.00
निवल ब्लॉक	0.04	0.02
प्रगति में पून्जीगत कार्य	843.13	-

*अंनतिम आंकड़ों के आधार पर

ड) दादा धुनीवाले खांडवा पावर लिमिटेड

बीएचईएल ने बनाने अपनाने और परिचालित करने के आधार पर खाण्डवा, मध्यप्रदेश में 2x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने हेतु मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम प्रवर्तित किया है। यह संयुक्त उद्यम ''दादा धुनीवाले खाण्डवा पावर लिमिटेड'' के नाम 25 फरवरी, 2010 को निगमित किया गया था। बीएचईएल संयुक्त उद्यम की इक्विटी ₹ 2.50 करोड़ निवेश किए है।

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2010-11*	वित्तीय वर्ष 2009-10
इक्विटी बीएचईएल का निवेश	2.50	2.50
निवल ब्लॉक	0.02	-

*अंनतिम आंकड़ों के आधार पर

च) बराक पावर प्राइवेट लिमिटेड

बीएचईएल तथा पीटीसी के बीच दिनांक 1 सितंबर, 2008 को संयुक्त उपक्रम शुरू किया गया। बीएचईएल ने इक्विटी भागीदारी के लिए ₹ 5 लाख का योगदान किया है। यह संयुक्त उद्यम परिसमापन के अधीन है।

छ) पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड

बीएचईएल तथा सीमेन्स के बीच संयुक्त उपक्रम अभी परिसमापन अधीन है।

(iv) समेकित वित्तीय विवरण (सीएफ़एस)

''संयुक्त उद्यमों में हित की वित्तीय रिपोर्टिंग पर'' समेकित वित्तीय विवरण तथा लेखांकन मानक – 27 पर लेखांकन मा. क्र. 21 के अनुसार समेकित वित्तीय तैयार किए गए हैं।

उक्त लेखांकन मानदंड के अनुसार इंट्रा ग्रुप लेन–देन को समाप्त करने के बाद वित्तीय कार्यनिष्पादन के परिणामों का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नलिखित है :–

आंकड़े ₹ करोड़ में

	2010-11	2009-10	2009–2010 की तुलना में प्रतिषत की वृद्वि
लाभ व हानि खाता			
कुल कारोबार	43636	34454	26.65
कर पूर्व लाभ	9066	6621	36.93
कर पश्चात लाभ	6053	4327	39.89
तुलन पत्र			
निधियों के स्त्रोत			
शेयरधारक निधि	20155	15896	26.79
ऋण निधियाँ	270	148	82.43
कुल	20425	16044	27.31
निधियों का उपयोग			
निवल ब्लॉक (सीडब्ल्यूआईपी)	5813	4161	39.70
निवेश	11	6	83.33
आस्थगित कर परिसम्पत्तियाँ	2165	1529	41.60
निवल चालू परिसम्पत्तियाँ	12432	10346	20.16
अन्य	4	2	
कुल	20425	16044	27.31

विद्युत क्षेत्र

ईपीएस आधार बीएचईएल द्वारा कमीशन किया गया 2x600 मेगावाट उत्तरी चेन्नई टीपीएस जिसमें देश की पहली अधिक क्षमता की नई सीरीज का टरबो जेनरेटर लगा हुआ है।

ख. व्यवसाय खण्ड का कार्यनिष्पादन

पावर सेक्टर

आर्डर बुक

वर्ष 2010–11 के दौरान पावर सेक्टर मार्केटिंग ने प्रत्यक्ष रूप से 15,071 मेगावॉट के अनुरूप ₹ 44,341 करोड़ के मूल्य के ऑर्डर प्राप्त किए।

वर्ष के मुख्य उपलब्धियाँ:

सार्वजनिक तथानिजी क्षेत्र की यूटिलिटी से 660/700/800 मेगावॉट की रेटिंग के सुपर क्रिटिकल पैरामीटर के साथ मुख्य संयन्त्र उपकरण के रिकॉर्ड ऑर्डर प्राप्त किए।

- सुपर क्रिटिकल पैरामीटर के साथ 660/700/800 मेगावॉट रेटिंग की यूनिटों (09 टर्बाइन जेनरेटर सेटों और 7 स्टीम जेनरेटर सेटों) के रिकॉर्ड ऑर्डर जिसमें शामिल हैं:
- कड़ी प्रतिस्पर्धा में केपीसीएल के बेल्लारी–3 (1x700 मेगावॉट) के लिए नई 700 मेगावॉट रेटिंग का पहला ऑर्डर।
- बीएचईएल एवं राज्य सरकार की यूटिलिटी के संयुक्त उद्यम रायचूर पावर कम्पनी लिमिटेड से 2x800 मेगावॉट येरामारूस टीपीएस के लिए सुपर क्रिटिकल सेटों के लिए पहला ऑर्डर तथा इसके बाद इदलापुर टीपीएस के लिए 1x800 मेगावॉट का ऑर्डर।
- एनटीपीसी से 2x660 मेगावाट मौदा टर्बाइन जेनरेटर पैकेज के लिए बल्क टेन्डर के प्रति ऑर्डर।
- इंडिया बुल्स ग्रुप से 270 मेगावॉट के 10 सेटों का रिपीट ऑर्डर (5x270 मेगावॉट नासिक फ़ेज़–II एवं 5x270 मेगावॉट अमरावती फ़ेज़–II)।
- डब्ल्यूबीपीडीसीएल से सागरदीघी टीपीईपी स्टेज–II (2x500 मेगावॉट) का ऑर्डर, जिन्होंने परियोजना (2x300 मेगावॉट) से स्टेज–I (कमीशन किया जा चुका है) का ऑर्डर चीनी आपूर्तिकर्ता को दिया था।
- नए ग्राहकों में शामिल हैं:
  - वीज़ा पावर लिमिटेड
  - दैनिक भास्कर पावर लिमिटेड (डीबीपीएल)
  - बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड
  - रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल)

पावर सेक्टर में प्राप्त महत्वपूर्ण ऑर्डरों में शामिल हैं –

सुपर क्रिटिकल थर्मल सेट (6400 मेगावॉट):

- **कड़ी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) में प्राप्त आर्डर।**
  - केपीसीएल के 1x700 मेगावॉट बेल्लारी सीपीएस
  - बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड के 3x660 मेगावॉट ललितपुर टीपीएस
  - एनटीपीसी से बल्क टेन्डर में 2x660 मेगावॉट मौदा टीजी पैकेज
  - जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड से नीगरी एसटीपीपी (2x660 मेगावॉट) के लिए तथा प्रयागराज पावर जेनरेशन कम्पनी लि. (जेपी ग्रुप) से बाड़ा एसटीपी हेड (3x660 मेगावॉट) का पैकेज ऑर्डर।
- **सौदेबाज़ी के आधार पर प्राप्त ऑर्डर:**
  - बीएचईएल एवं केपीसीएल (कर्नाटक राज्य सरकार की यूटिलिटी) के संयुक्त उद्यम – रायचूर पावर कम्पनी लिमिटेड से 2x800 मेगावॉट येरामारुस टीपीएस सुपरक्रिटिकल विद्युत परियोजना।
  - बीएचईएल एवं केपीसीएल (कर्नाटक राज्य सरकार की यूटिलिटी) के संयुक्त उद्यम – रायचूर पावर कम्पनी लिमिटेड से 1x800 मेगावॉट इदलापुर टीपीएस सुपरक्रिटिकल विद्युत परियोजना।



बीएचईएल द्वारा निर्मित भारत का प्रथम स्वदेश में निर्मित 9एफ ए (250 मेगावाट आईएसओ) गैस टरबाईन सेट

2X600 *मेगावाट डीबीपीएल टीपीएस के लिए डीबीपीएल एवं बीएचईएल के बीच संविदा पर हस्ताक्षर करते हुए*

सबक्रिटिकल थर्मल सेट (7,800 मेगावॉट):

- **कड़ी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) में प्राप्त ऑर्डर**
  - ❒ इंडिया बुल्स ग्रुप से अमरावती फ़ेज़–II के लिए 270 मेगावॉट के 5 सेट पिछले वर्ष फ़ेज़–I के लिए 270 मेगावॉट के 5 सेटों का ऑर्डर किया था।
  - ❒ दैनिक भास्कर पावर लिमिटेड, वीज़ा पावर लिमिटेड तथा कोरबा वेस्ट पावर कम्पनी लिमिटेड से 600 मेगावॉट के 5 सेट।
  - ❒ पश्चिमी बंगाल विद्युत विकास कॉर्पोरेशन लि. से सागरदीघी टीपीईपी स्टेज–II के लिए 500 मेगावॉट के 2 सेट।
- **सौदेबाज़ी के आधार पर प्राप्त ऑर्डर**
  - ❒ इंडिया बुल्स ग्रुप से नासिक फ़ेज़–II के लिए 270 मेगावॉट के 5 सेट – पिछले वर्ष फ़ेज़–II के लिए 270 मेगावॉट से 5 सेटों का ऑर्डर।
  - ❒ एपीजेनको से रायलसीमा #6 के लिए 600 मेगावॉट का 1 सेट।
  - ❒ राज्य विद्युत बोर्ड को बरौनी टीपीएस के लिए 250 मेगावॉट के 2 सेट।

गैस टर्बाइन (871 मेगावॉट):

- **सौदेबाज़ी के आधार पर प्राप्त ऑर्डर**
  - ❒ प्रगति पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 750 मेगावॉट बामनौली सीसीपीपी (750 मेगावॉट)
  - ❒ उत्तर–पूर्व बिजली विद्युत निगम (नीपको) से मोनारचक (100 मेगावॉट) तथा त्रिपुरा राज्य बिजली निगम लि. से रोखिया (21 मेगावॉट) के लिए जीटीजी का ऑर्डर।

न्यूक्लियर व्यवसाय:

- **सौदेबाज़ी के आधार पर प्राप्त ऑर्डर**
  - ❒ केएपीपी 3 एवं 4 के लिए एनपीसीआईएल के 2x700 एमडब्ल्यूई टीजी पैकेज – न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए प्रथम 700 एगडब्ल्यूई टीजी ऑर्डर।

स्पेयर्स एवं सेवाएँ व्यवसाय समूह (एसएसबीजी)

एसएसबीजी ने स्पेयर्स के लिए ₹ 1651 करोड़ सेवाओं के लिए ₹ 471 करोड़ और आर एंड एम उपस्करों की आपूर्ति एवं ई एंड सी के लिए ₹ 25 करोड़ के ऑर्डर बुक करके वर्ष 2010–11 में कुल ₹ 2147 करोड़ के ऑर्डर बुक किए हैं। एसएसबीजी ने 2010–11 में नई प्रणालियों एवं उत्पादों के लिए ₹ 131 करोड़ के ऑर्डर बुक किए हैं। इसमें एनपीसीआईएल/कुदानकुलम से 1000 एमडब्ल्यूई एलएमज़ेड मेक की न्यूक्लियर स्टील टर्बाइन की पूरी ओवरहॉलिंग का ₹ 4.96 करोड़ तथा यूपीआरवीयूएनएल/अनपारा टीपीएस यूनिट 4 एवं 5 की गैर–बीएचईएल (मित्सुबिशी मेक) बॉयलर (2x500 मेगावॉट) के लिए स्पेयरों की आपूर्ति एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए ₹ 30.52 करोड़ का ऑर्डर शामिल है। एसएसबीजी ने वर्ष 2010–11 में 14 नए ग्राहक भी जोड़े हैं और उनसे ₹ 22.40 करोड़ के ऑर्डर प्राप्त किए थे। एसएसबीजी को बीएचईएल/एसएसबीजी द्वारा दी गई सेवाओं के लिए 13 ग्राहकों से प्रशंसा भी मिली है।

कमीशनिंग

बीएचईएल ने देश के भीतर और विदेश में वर्ष के दौरान कुल 7666.5 मेगावाट के 52 सेटों की कमीशनिंग की। पावर सेक्टर ने वर्ष के दौरान कुल 7073.5 मेगावाट के 30 सेटों की कमीशनिंग की। उसमें कुल 6333 मेगावाट के बीएचईएल के 27 यूटीलिटी सेट तथा 452.5 मेगावाट के 9 औद्योगिक सेट तथा विदेशों में 288 मेगावॉट के 3 सेट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल के एमयू ने 59 मेगावाट (विदेश) के 3 सेटों और देश में 534 मेगावाट के 10 औद्योगिक सेटों की कमीशनिंग की है।

बाढ़ के समय कोटेश्वरी ईकाई

क्षमता में वृद्धि के बाद कोटेश्वरी ईकाई

2x 525 मेगावाट मेथान टीपीएस, झारखंड में स्थापित 2x 525 मेगावाट इकाई रेटिंग का भारत का प्रथम थर्मल सेट

असेम्बली के अंतर्गत देश का प्रथम वृहत क्षमता नई सीरीज 600 मेगावाट टर्बोजनरेटर सेट

पीएलएफ के 96.4 प्रतिशत के साथ 2 x2 50 मेगावाट कोरबा पूर्व टीपीएस

इन परियोजनाओं के अलावा बीएचईएल ने देश की विद्युत उत्पादन क्षमता में और वृद्धि करने के लिए 1775 मेगावाट के 4 सेट को सिंक्रोनाइज भी किया है।

वर्ष के दौरान कमीशनिंग किए गए थर्मल यूटीलिटी सेट थे – काकातिया–1 (500 मेगावाट) आन्ध्र प्रदेश में, रायलसीमा 5 (210 मेगावाट) और सिम्हाद्री 3 (500 मेगावाट) छत्तीसगढ़ में, छत्तीसगढ़ में, कोरबा एसटीपीपी 7 (500 मेगावाट), दिल्ली में प्रगति जीटी 1, 2 (2x250 मेगावाट), गुजरात में सूरत लिग्नाइट 3, 4 (2x125 मेगावाट), हरियाणा में झज्जर 1 (500 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश में एलैन दुहानगन एचईपी 1, 2 (2x96 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर में सेवा एचईपी 1, 2, 3 (3x40 मेगावाट), कर्नाटक में रायचूर – 8, (250 मेगावाट), केरल में कुट्टियडी एचईपी 1, 2 (2x250 मेगावाट), राजस्थान में बरसिंगसर 1, 2 (2x125 मेगावाट), एवं छाबड़ा 2 (250 मेगावाट), त्रिपुरा में बारामुरा जीटी (21 मेगावाट), उत्तर प्रदेश में दादरी 6 (490 मेगावाट), उत्तराखंड में कोटेश्वर एचईपी 1, 2 (2x100 मेगावाट), पश्चिम बंगाल में फरक्का 6 (500 मेगावाट), मेजिया 7, 8 (500 मेगावाट),

वर्ष के दौरान विदेशों में कमीशन किए गए सेटों में देवीघाट 3 (5 मेगावाट), हीको 1, 2 (2x26 मेगावाट), पामीर (7 मेगावाट), सिद्धीरगंज 2 (126 मेगावाट), और डब्ल्यूएम एक्सटेन्शन 6 (157 मेगावाट) शामिल हैं।

बीएचईएल यूटीलिटी सेटों का कार्य निष्पादन

बीएचईएल के कोयला आधारित सेटों ने 7.51प्रतिशत की अधिक राष्ट्रीय औसत 75.7प्रतिशत का संयंत्र भार अनुपात (पीएलएफ) प्राप्त किया।

- वर्ष के दौरान, बीएचईएल द्वारा आपूरित 195/200/210/250/500 मेगावाट कोयला–आधारित सेट, जो देश के विद्युत उत्पादन का 60 प्रतिशत है, से होने वाला उत्पादन 78.9 प्रतिशत के पीएलएफ तथा 88.8 प्रतिशत ओए सहित 401709 मिलियन तक पहुंच गया।
- बीएचईएल के उपस्करों से युक्त सत्रह स्टेशनों ने 90 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ प्राप्त किया, यथा दहानु (100.5), रिहन्द (97.8), रायगढ़ (97.7), सिंगरौली (96.6), सीपत (96.5), कोरबा पूर्व (96.4), सिम्हाद्री (96.1), विन्ध्याचल (95), ऊँचाहार (93.3), कोरबा एनटीपीसी (93.1), टांडा (92.8), सीईएससी (92.0), भिलाई (91.4), कोरबा पश्चिम (91.0), कोटा (90.8), रामगुन्डम (90.7), साबरमती (90.4),।
- बीएचईएल द्वारा आपूरित 178 कोयला–आधारित सेटों ने 70 प्रतिशत से अधिक का पीएलएफ प्राप्त किया। इनमें से 61 सेटों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 73 सेटों ने 80 प्रतिशत–90 प्रतिशत के बीच पीएलएफ प्राप्त किया।
- बीएचईएल के कोयला सेटों ने 86.1 प्रतिशत की प्रचालन उपलब्धता दर्ज की।
- बीएचईएल के 139 थर्मल सेटों ने 90 प्रतिशत से अधिक अथवा उसके बराबर प्रचालन उपलब्धता प्राप्त की।
- बीएचईएल द्वारा आपूरित 171 कोयला–आधारित सेटों ने वर्ष के दौरान 90 दिनों से अधिक के लिए अबाधित प्रचालन दर्ज किया, जिनमें से:
  - ❐ 65 सेटों ने 90 दिनों से अधिक के लिए निरंतर रूप से दोबारा चालन किया।
  - ❐ 28 सेटों ने निरंतर रूप से 200 दिनों से अधिक चालन किया।

बीएचईएल ने अबाधित विद्युत आपूर्ति सुविधाजनक बनाने और विद्युत संयंत्रों को अच्छी चालन दशा में रखने के लिए लक्षित सक्षम ग्राहक सेवा प्रदान करने का अपना प्रयास जारी रखा।

राष्ट्रीय राजधानी टीपीपी (चरण–II)का नियंत्रण कक्ष जिसमें 2x490 मेगावाट अधिक कुशल विद्युत जेनरेटिंग सेट लगा हुआ है

वर्ष के दौरान विद्युत क्षेत्र ने 120 थर्मल सेटों (गैर–बीएचईएल सेटों सहित) की पूर्ण मरम्मत की।

बीएचईएल की टीम ने बाढ़ से खराब हुए टीएचडीसी के कोटेश्वर एचईपी को पाँच महीने के रिकॉर्ड समय में ठीक करके तथा अतिरिक्त दो इकाइयों (200 मेगावॉट) को लगाकर एक अहम कार्य किया। टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक ने आभार व्यक्त करते हुए बीएचईएल को बधाई दी।

बीएचईएल द्वारा उत्कृष्ट सहयोग/सेवाएँ प्रदान करने पर एनटीपीसी, एमएसपीजीसीएल, रिलायन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एपीजेनको तथा डब्ल्यूबीपीडीसीएल आदि जैसे ग्राहकों से प्रशंसा प्राप्त हुई।





*बीएचईएल ने 30 मेगावाट की रेटिंग वाले सेट और 3 निजी संगठन (तोरनगल्लू, टाटा जोजाबेरा और सूरत लिग्नाइट) शामिल नही है।

उद्योग क्षेत्र

बीएचईएल निर्मित केप्टिव विद्युत संयंत्र युक्त हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड

उद्योग क्षेत्र

उद्योग क्षेत्र में बीएचईएल ने कैप्टिव पावर, रेल परिवहन, विद्युत ट्रांसमिशन, तेल एवं गैस तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में ₹ 11405 करोड़ के आर्डर प्राप्त किए।

वर्ष के दौरान उद्योग खंडवार प्राप्त मुख्य आर्डर/अन्य व्यावसायिक उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:–

कैप्टिव विद्युत संयंत्र

- मैसर्स इंडिया पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हल्दिया, पश्चिम बंगाल से सिंगल रिहीट मशीन के साथ 3x150 मेगावॉट बॉयलर, टर्बाइन एवं जेनरेटर पैकेज के लिए पहला ऑर्डर।
- तमिलनाडु न्यूसप्रिन्ट एंड पेपर लिमिटेड से 1x41 मेगावॉट एसटीजी सेट के लिए डबल कन्ट्रोल्ड एक्सट्रैक्शन एसटीजी सेट के लिए महत्वपूर्ण ऑर्डर।
- मैसर्स श्री मेटालिक्स तथा भुवनेश्वर पावर के 67.5 मेगावाट रेटिंग का ऑर्डर।
- मैसर्स सूर्यदेव अलॉय्स से एसीसी कन्फ़िगरेशन के साथ 80 मेगावॉट एसटीजी/का ऑर्डर।
- एक वर्ष में मारुति सुजुकी से कैप्टिव पावर उपस्कर के लिए लगातार चार ऑर्डर।

रेल परिवहन

- अग्रणी अन्तर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में भारतीय रेलवे से 6000 एचपी लोकोमोटिव्स तथा 1400 एचपी एसी ईएमयू के लिए आधुनिक प्रॉपल्शन उपस्कर का ऑर्डर।
- रेलवे बोर्ड तथा भारतीय रेलवे से आईसीएफ़ आरसीएफ़, डीएलडब्ल्यू स्थित विनिर्माण इकाइयों से पारम्परिक एसी ईएमयू/डीईएमयू के लिए इलेक्ट्रिक्स के 198 सेटों तथा 588 ट्रैक्शन मोटरों का ऑर्डर।
- जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड से 700 एचपी क्षमता के 11 डीज़ल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव्स का ऑर्डर।

इस खंड में अन्य व्यावसायिक उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- बीएचईएल ने भारतीय रेलवे के लिए आईजीबीटी आधारित ट्रैक्शन प्रॉपल्शन उपस्करों का निर्माण करने के लिए स्वयं को स्थापित कर लिया है। आईजीबीटी आधारित उपस्करों के स्वदेशी विकास से भारतीय रेलवे को कीमती आयात पर कम निर्भर होने में सहायता मिलेगी।

भटिंडा, पंजाब में स्थित एचएमईएल गुरू गोबिंद सिह रिफाईनरी के लिए प्रेषण अधीन बायॅलर ड्रम (यूनिट–III)

- बीएचईएल ने इलेक्ट्रिक प्रॉपल्शन प्रणाली कोलकाता मेट्रो काचों के प्रोटोटाइप रेकों के लिए कन्ट्रोल तथा अन्य उपस्करों की आपूर्ति करके उसकी सफलतापूर्वक एवं कमीशनिंग की है और यह कमर्शियल प्रचालनों के अन्तर्गत सफलतापूर्वक चल रही है। शेष 11 रेकों के लिए उपस्करों के निर्माण एवं आपूर्ति का काम प्रगति पर है।
- बीएचईएल ने केईएल की कासरगोड इकाई का अधिग्रहण करने के लिए केरल सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम करार किया है। सावधानी से काम करने के बाद बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स मशीन्स लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम कम्पनी का पन्जीकरण कराया गया है। ऑल्टर्नेटरों के निर्माण की वर्तमान शृंखला के अतिरिक्त अन्य अनुपूरक उत्पाद जैसे एलटी मोटरें डब्ल्यूईजी के ऑल्टर्नेटरों तथा भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक्शन उपस्करों के निर्माण संयुक्त उद्यम साझा प्रस्ताव है।
- बीएचईएल ने सीएलडब्ल्यू को इलेक्ट्रिक लोको उपकरणों का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर डानकुनी, पश्चिम बंगाल में एक फ़ैक्टरी लगाने के लिए आईआर टेन्डर में भाग लेने हेतु ऑल्स्टॉम, फ्रान्स के साथ एक संयुक्त उद्यम करार पर हस्ताक्षर किए हैं।
- झाँसी इकाई में लोको निर्माण की क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इसके अलावा रेलवे की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए इसकी क्षमता को 50 से बढ़ाकर 75 प्रतिवर्ष करने का काम चल रहा है।

औद्योगिक उत्पाद (इलेक्ट्रिकल)

- देश में अभी तक का एचटी मोटरों के लिए सबसे बधिक मूल्य का सिंगल ऑर्डर को अन्तिम रूप दिया गया है। यह मैसर्स एनपीसीआईएल के आरएपीपी एवं केएपीपी 700 मेगावॉट सेटों के विशेष कूलेन्ट पम्प अप्लिकेशन हेतु 6 मेगावॉट 4पी की 20 एमसीआईएम के लिए है।
- मैसर्स आईओसीएल की परादीप रिफ़ाइनरी के लिए 124 मोटरों (180–2100 किलोवॉट) का ऑर्डर, जिसमें से 110 फ़्लेम–प्रूफ़ मोटरें हैं।

इस खंड में अन्य व्यावसायिक उपलब्धियों में शामिल हैं:

- बड़ी बीएफ़पी मोटरों का डिज़ाइन एवं विकास – एनटीपीसी बाढ़ 2x600 मेगावॉट के लिए 17500 किलोवॉट 11 केवी 4 पोल एससीआईएम। इस मोटर का सफलतापूर्वक परीक्षण करके एनटीपीसी ने इसका अनुमोदन कर दिया है।
- वर्टिकल सिंक्रोनसमोटर का विकास किया गया – 4000 मेगावॉट 11 केवी 16 पोल, मैसर्स डब्ल्यूपीआईएल के माध्यम से एएमआर लिफ़्ट इरिगेशन स्कीम के लिए मोटर का निर्माण एवं परीक्षण किया गया।
- विकास की सम्भावनाओं के अनुसार बाज़ार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भोपाल में प्रति वर्ष 2250 इलेक्ट्रिकल मशीनें बनाने की क्षमता में विस्तार।

औद्योगिक उत्पाद (मेकेनिकल)

- सेल – भिलाई स्टील प्लान्ट से स्टील टर्बाइन ड्राइव के साथ 3 टर्बो ब्लोअर पैकेज का ऑर्डर।

- फ़र्टिलाइज़र सेक्टर (एनएफ़एल, भटिंडा, एनएफ़एल, बंगाल, एनएफ़एल, पानीपत और जीएनएफ़सी, भरूच), तथा रिकवरी सेक्टर (बीपीसीएल मुम्बई), से कम्प्रेसरों का ऑर्डर। इसके अलावा एनएफ़एल विजयपुर से Co_2 कम्प्रेसर रिवेम्प का ऑर्डर भी मिला।
- ओएनजीसी बेस्सिन एवं सैटिलाइट एसेट के डब्ल्यूएच एंड एक्सएमटी की आपूर्ति के लिए उच्चतम मूल्य का ऑर्डर।

इस खंड में अन्य व्यावसायिक उपलब्धियों में शामिल हैं:

- सेन्ट्रिफ़्यूगल कम्प्रेसरों के निर्माण के लिए मैसर्स जीईएनपी, इटली के साथ सहयोग करार। इससे रिकवरी, फ़र्टिलाइज़र, पेट्रोकेमिकल्स, पाइपलाइन एवं अन्य उपयोगों के लिए बड़े आकार के कम्प्रेसरों की बाज़ार की ज़रूरतों को पूरा करने मे बीएचईएल की क्षमता में वृद्धि होगी।
- ऑइल रिग्स के लिए एसी हेतु मैसर्स एनओवी, अमेरिका के साथ समझौता, ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

रक्षा व्यवसाय

- देश में पहली बार बनाए जा रहे प्रथम वायु सेना पोत (स्वदेशी एयरक्राफ़्ट कैरियर) के लिए एकीकृत प्लाटफ़ॉर्म प्रबन्धन प्रणाली हेतु प्रतिष्ठित ऑर्डर। यह ऑर्डर कड़ी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में मिला है।

ट्रान्समिशन प्रणाली – सब–स्टेशन/स्विचयार्ड्स

- एबीबी स्वीडन के साथ मिलकर विश्व के प्रथम ±800 केवी, 6000 मेगावॉट अल्ट्रा हाई वोल्टेज मल्टी–टर्मिनल डीसी ट्रान्समिशन लिंक हेतु पीजीसीआईएल से प्रथम ऑर्डर। यह विश्व का प्रथम ±800 केवी, 6000 मेगावॉट अल्ट्रा हाई वोल्टेज मल्टी–टर्मिनल डीसी ट्रान्समिशन लिंक होगा। इस लिंक में तीन कन्वर्टर टर्मिनल और एक पावर ट्रान्समिशन सिस्टम होगा, जिसमें निर्मित क्षमता 8000 मेगावॉट होगी और यह अब तक का बनाया गया सबसे बड़ा एचवीसी सिस्टम होगा। अल्ट्रा हाई वोल्टेज (±800 केवी) से ट्रान्समिशन हानि कम से कम होती है। वित्तीय रूप में यह विश्व में के टीएंडडी सेक्अर में निश्चित किया गया सबसे बड़ा ऑर्डर है।
- डीपीएल से 220 केवी सब–स्टेशन तथा एसोसिएटेड ट्रान्समिशन लाइन हेतु ऑर्डर।
- केपीसीसीएल के विभिन्न सब–स्टेशनों पर लगाने के लिए 63 एमवीआर 04 शन्ट रिएक्टरों का ऑर्डर।

खंड में अन्य व्यावसायिक उपलब्धियों में शामिल हैं :

- देश में ही 1200 केवी ट्रान्सफ़ॉर्मरों का विकास एवं निर्माण करने में बीएचईएल भारत की पहली कम्पनी बन गई है। भोपाल में नव–निर्मित ब्लॉक में बीएचईएल ने 1200 केवी 180 एबवीए टेस्ट ट्रान्सफ़ॉर्मर का निर्माण किया है, जिसका यूएचवी लैब में टेस्ट ट्रान्सफ़ॉर्मर के ... उपयोग किया जाएगा।
- बीएचईएल ने बीना स्टेशन के लिए अपेक्षित 1200 केवी सीबीटी का भी निर्माण किया है। इसमें पहले बीना के लिए 1200 केवी परीक्षण ट्रान्सफ़ॉर्मर लाइन हेतु 420 केएन डिस्क इन्सुलेटरों की आपूर्ति कर चुकी है।

ट्रान्समिशन उत्पाद

- इंडिया बुल्स से 36 ट्रान्सफ़ॉर्मरों का ऑर्डर से 4078 एमवीए

अरासूर, तमिलनाडु स्थित पीजीसीआईएल का 400/220 केवी सबस्टेशन

की उपलब्धि, जिसमें नासिक फ़ेज़–II तथा परियोजनाओं के लिए 300 एमवीए, 400 केवी के 10 जेनरेटर ट्रान्सफ़ॉर्मर भी शामिल हैं।

- देश में आधुनिकतम ड्राई टाइप ट्रान्सफ़ॉर्मरों की सबसे अधिक रेटिंग का ऑर्डर। यह ऑर्डर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में रिलायन्स सासन परियोजना के लिए ब्लूस्टार से 15 एमवीए क्षमता के 6 ड्राई टाइप ट्रान्सफ़ॉर्मरों के लिए मिला।

नवीन एवं अक्षय ऊर्जा

- 8 एमवीए के लिए एसपीवी विद्युत उत्पादन संयन्त्रों हेतु 4 महत्वपूर्ण ऑर्डर : विभिन्न द्वीपों के लिए कुल 2.15 एमडब्ल्यूपी एसपीवी संयन्त्रों में वृद्धि, उन्नयन एवं प्रचालन तथा आरक्षण हेतु लक्षद्वीप संघ–शासित प्रदेश से तथा बरेली एवं नागपुर स्थित परियोजनाओ के लिए इंडिया बुल्स से 6 एमडब्ल्यूपी का ऑर्डर।

इस खंड में अन्य व्यावसायिक उपलब्धियों में शामिल हैं:

- बीएचईएल लगभग 240 मेगावॉट सोलर पीवी उत्पादों का निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ काम कर रही है। इससे भारत तथा विदेश में प्रतिस्पर्धी देशों पर सोलर पीवी उत्पादों एवं प्रणालियों को देने में कम लागत आएगी।
- बीएचईएल ने जीई इंडिया इन्डस्ट्रियल प्रा. लि. (जीईआईआईपीएल) के साथ निर्माण सहयोग करार किया है। दोनों साझेदार मिलकर विद्युत संयंत्रों, उद्योग तथा नगरपालिकाओं के लिए आधुनिकतम जल शोधन संयंत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। इस करार से बीएचईएल के रानीपेट संयन्त्र को ग्राहकों टर्नकी समाधान के रूप में बड़े आकार के जल–शोधन संयन्त्र देने में अपनी क्षमताओं का विकास करने में लाभ होगा।
- सघनीकृत सोलर थर्मल क्षेत्र ईपीसी समाधान देने के उद्देश्य से बीएचईएल ने मैसर्स एबेनगोआ, स्पेन के साथ एक करार किया है, जिसके माध्यम से पैराबोलिक तथा पावर टावर प्रौद्योगिकी पर आधारित ग्राहकों से ईपीसी समाधान दिए जाएंगे। बीएचईएल की तिरुचि, हैदराबाद, भोपाल, हरिद्वार और बेंगलूर इकाइयाँ मुख्य उपस्कर जैसे पावर ब्लॉक, हीट ट्रान्सफ़र उपस्कर, स्टीम जेनरेटर, पाइपिंग आदि डिलीवर करेंगी।

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

ओमान में पीडीओ अमाल साईट पर निष्पादनाधीन 2x फ्रेम 9ई जीटीजी ऑर्डर

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

- अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय में वैश्विक मन्दी समाप्त होने के बाद भी वैश्विक दृष्टिकोण समाधानीपरक रहा और यह अवसंरचनात्मक निवेश के लिए एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने में असमर्थ रहा। विश्व स्तर पर ऊर्जा निवेश में काफ़ी कमी आई है जिससे परिणामस्वरूप वित्तीय कठिनाई से परियोजना स्थगित और रद्द हो गई हैं। मध्य–पूर्व तथा उत्तरी अफ़्रीका में हुई हाल की घटनाओं से बाज़ारों में व्यवसाय की संभावनाएं काफ़ी प्रतिकूल रूप से काफी प्रभावित हुई हैं और कई परियोजनाएँ रुक गई हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में, चुनौतीपूर्ण प्रवृत्तियों के बावजूद बीएचईएल ने वर्ष के दौरान पाँच महाद्वीपों में फैले 24 देशों से ₹ 3738 करोड़ के वास्तविक निर्यात आर्डर प्राप्त किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ष में मौजूदा बाजारों और उत्पाद क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति दृढ़तापूर्वक स्थापित करने के अतिरिक्त, नए बाजारों और नए उत्पाद क्षेत्रों में सफल प्रवेश से वैश्वीकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

वर्ष 2010–11 के दौरान मुख्य उपलब्धियां:

वर्ष के दौरान बीएचईएल ने निम्नलिखित प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किए हैं:

- गैस टर्बाइन आधारित विद्युत परियोजना के लिए सबसे सिंगल निर्यात ऑर्डर यमन में अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए बीएचईएल ने 4x168 मेगावॉट बैस टर्बाइन आधारित मरीब–II विद्युत परियोजना का प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है। यह गैस टर्बाइन आधारित विदेशी विद्युत परियोजना के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है।
- यमन – नए बाज़ार में प्रवेश बीएचईएल ने मोटरों की आपूर्ति का ऑर्डर प्राप्त करके भारत में सफलतापूर्वक प्रवेश किया है।
- कीनिया से मोटरों का पहला ऑर्डर – बीएचईएल ने पहली बार मोम्बासा सीमेन्ट लिमिटेड, कीनिया से मोटरों की आपूर्ति का ऑर्डर प्राप्त किया है।
- हांग–कांग एवं तुर्की से सोलर सेलों का प्रथम ऑर्डर – नए बाज़ार में प्रवेश – बीएचईएल ने हॉग–कॉग और तुर्की से पहली बार सोलर सेलों की आपूर्ति का ऑर्डर प्राप्त किया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका को नियन्त्रण उपकरणों का ऑर्डर – बीएचईएल ने मेट्सो ऑटोमेशन, संयुक्त राज्य अमेरिका से बस एक्सटेन्डर मॉड्यूल्स की आपूर्ति के लिए ऑर्डर प्राप्त किया है।
- विक्रयोपरान्त सेवाओं पर सतत ध्यान देने से यूएई, बांग्लादेश, भूटान, फ़्रान्स, इन्डोनेशिया, कज़ाक्स्तान, श्रीलंका, लीबिया, माल्टा, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, ओमान, साउदी अरब, थाइलैंड और यमन से स्पेयर्स और सेवाओं के लिए ऑर्डर मिले हैं।

प्रमुख विदेशी ऑर्डरों का निष्पादन :

- वर्ष की मुख्य उपलब्धि में बांग्लादेश, लीबिया, ओमान और नेपाल में चार विद्युत संयन्त्रों की कमीशनिंग करनी रही।

400 मेगावाट मरीब चरण-II गैस टरबाईन विद्युत परियोजना की संविदा पर हस्ताक्षर करते हुए

बांग्ला देश में बीएचई एल द्वारा कमीशन किया गया 2x126 मेगावाट सिद्धिरगंज पीकिंग पावर प्लांट

वर्ष के दौरान मुख्य निष्पादित परियोजनाएँ इस प्रकार हैं:

- बांग्लादेश – सिद्धीरगंज गैस आधारित विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई (126 मेगावॉट गैस टर्बाइन सेट) कमीशन की गई।
- लीबिया – वेस्टर्न माउन्टेन पावर प्लान्ट एक्सटेन्शन प्रोजेक्ट, लीबिया की यूनिट 5 (157 मेगावॉट गैस टर्बाइन जेनरेटर सेट) स्थापित यह अभी तक का सबसे बड़ा पावर प्लान्ट बन गया है।
- ओमान – ओमान रिफ़ाइनरी कम्पनी के 2x26 मेगावॉट गैस टर्बाइन जेनरेटर सेटों को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया।
- नेपाल – देवीघाट हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स की 5 मेगावॉट यूनिट का उन्नयन, आधुनिकीकरण और अपरेटिंग करके सफलतापूर्वक कमीशन किया गया।
- ताझिकिस्तान – पामीर–I पावर प्लान्ट के लिए बीएचईएल द्वारा आपूर्त हाइड्रो जेनरेटर को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया।
- म्यान्मार – सप्लाई किए गए 16 ट्रान्सफ़ॉर्मरों को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया। साइक्लोन के दौरान क्षतिग्रस्त ट्रान्सफ़ॉर्मरों के स्थान पर इन नए ट्रान्सफ़ॉर्मरों को लगाया गया।
- इथियोपिया – सेमेरा स्थित 230 केवी सब–स्टेशनों को चार्ज किया गया। इसके साथ बीएचईएल एथियोपिया में चार सब–स्टेशनों को सफलतापूर्वक चार्ज कर चुका है।

कोस्ती, सूडान में 4x125 मेगावाट एसटीजी आधारित परियोजना में बॉयलर ड्रम को उठाते हुए

कोनियाम्बो, न्यू केलेडोनिया में निष्पादनाधीन 2x135 मेगावाट सीएफबीसी बायॅलर

पूंजी निवेश

आरसी पुरम, हैदराबाद में सीएनसी बोरर, 130एमएम

हरिद्वार में नई टरबाईन ब्लैड शॉप में लगाई गई सीएनसी 5 एक्सिस 2 स्पिनडल मशीनें

बीएचईएल, तिरुचिरापल्ली में बायॅलर ड्रम शॉप

बीएचईएल, तिरुचिरापल्ली में लगाई गई ड्रम यू शैल एज बनाने वाली मशीन

ग पूंजी निवेश

- बीएचईएल ने विनिर्माण यूनिटों और विद्युत परियोजना कार्यस्थलों में विनिर्माण क्षमता की वृद्धि और सुविधाओं के आधुनिकीकरण 2010–11 के दौरान ₹ 1655 करोड़ का पूंजी निवेश किया।
- मौजुदा पुरानी सुविधाओं की अवधि, विश्वसनीयता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए ₹ 58 करोड़ के अतिरिक्त निवेश के माध्यम से उनके पुनःनिर्माण तथा रिट्रोफिटिंग पर ध्यान केन्द्रित किया गया।
- 12वीं योजना तथा बाद की विद्युत अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कम्पनी के क्षमता वृद्धि कार्यक्रम को मार्च, 2011 तक प्रति 20,000 मेगावाट तक बढ़ानें का कार्य चल रहा है।
- चार क्षमता वृद्धि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष के दौरान पूरी बीएचईएल यूनिटों में 120 मुख्य आधुनिक मशीनिंग सुविधाएँ/प्रॉसेस संयंत्र कमीशन किए गए हैं। आज बीएचईएल में 500 सीएनसी मशीनें हैं, जिनमें बड़े आकार की देथ समानान्तर बोरर्स, वर्टिकल बोरर्स, कमीशनिंग केन्द्र, फ़्लेम कटिंग मशीनें, 5 एक्सिस मशीनिंग केन्द्र, इंक्रिमेन्टल पाइप बेडिंग मशीनें, स्पेशल पर्पस मशीनें हैं।
- विद्युत संयन्त्रों के कमीशनिंग लोड को बढ़ाने के लिए बीएचईएल ने परियोजना स्थलों पर बाधाओं को दूर करने के लिए 17 हेवी लिफ़्ट और मीडियम रेन्ज की क्रेनें ख़रीदी हैं। इन्हें मिलाकर परियोजना स्थलों पर कार्य करने के लिए अब 125 क्रेनें उपलब्ध हैं।

घ संयुक्त उपक्रम

क बीएचईएल जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस)–

जीई द्वारा डिजाइन की गई गैस टर्बाइनों की मरम्मत और सर्विसिंग के लिए बीएचईएल और जीई, यूएस द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में संवर्धित बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज लिमिटेड (बीजीजीटीएस) ने अपने परिचालन के तेरह पूर्ण वित्तीय वर्ष पूरे कर लिए हैं।

बीजीजीटीएस ने वर्ष 2010–11 के दौरान ₹ 57 करोड़ के कर उपरांत लाभ के साथ ₹ 418 करोड़ का कुल कारोबार किया। वर्ष के दौरान बीजीजीटीएस द्वारा विदेशों से निर्यात आर्डरों सहित ₹ 509 करोड़ के आर्डर प्राप्त किए गए। सरकारी तथा निजी क्षेत्रों के ग्राहकों को सफलतापूर्वक गैस टर्बाइन सर्विसिंग पूरी करने के साथ–साथ कुल–पुर्जे सप्लाई किए हैं। बीजीजीटीएस ने ₹ 32 करोड़ के निर्यात आर्डर भी पूरे किए हैं। वर्ष 2010–11 के लिए बीजीजीटीएस ने लगातार सुधरा हुआ रिकार्ड कार्यनिष्पादन दर्शाते हुए 660 प्रतिशत लाभांश की घोषणा की।



1200 केवी, 180 एमवीए, 1–फेज ट्रांसफार्मर

1200 केवी, 2000 पीएफ केपेसिटर वोल्टेज ट्रांसफार्मर

ख पावर प्लांट परफार्मेंस इन्प्रूवमेंट लिमिटेड (पीपीआईएल)–

पुराने जीवाश्म ईंधन चालित पावर प्लांटों के कार्यनिष्पादन में सुधार के लिए बीएचईएल ने सीमेंस, जर्मनी के साथ संयुक्त उपक्रम कंपनी पावर प्लांट परफार्मेंस इन्प्रूवमेंट लिमिटेड (पीपीआईएल) को संवर्धित किया गया है।

पीपीआईएल बकाया मामलों के समाधान तथा लंबित अनुबंधों के रुके हुए भुगतान की प्राप्ति के लिए प्रक्रियारत है। चूंकि, कंपनी की पर्याप्त व्यवसाय व्यवहार्यता दिखाई नहीं देती, इसलिए दोनों प्रवर्तक साझेदार पारस्परिक रूप से धीरे–धीरे कंपनी को बंद करने पर सहमत हो गए हैं।

ग एनटीपीसी, बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एनबीपीपीएल) –

बीएचईएल ने भारत और विदेश में विद्युत संयंत्रों और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं के लिए ईपीसी संविदा पूरी करने के लिए संयुक्त उपक्रम कंपनी "एनटीपीसी– बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड" को संवर्धित किया है। संयुक्त उपक्रम कंपनी विद्युत संयंत्रों और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं, जो प्रवर्तक कंपनियों के किसी चालू सहयोग करार के अधीन किसी सीमाबद्धता अथवा प्रतिबंध के अंतर्गत नहीं है, के लिए उपस्करों का विनिर्माण और आपूर्ति भी कर सकती है। संयुक्त उपक्रम कंपनी एनटीपीसी तथा बीएचईएल द्वारा समान रूप से ₹ 10 लाख की प्रारंभिक अधिकृत तथा प्रदत्त पूंजी के साथ 28 अप्रैल, 2008 को निगमित की गई थी। इसके अलावा, बोर्ड ने बीएचईएल के अंशदान को ₹ 5 लाख से बढ़ाकर ₹ 100 करोड़ करने का भी निर्णय लिया जिसे आवश्यकताओं पर निर्भर करते हुए किस्तों में किया जाएगा। बीएचईएल और एनटीपीसी प्रत्येक द्वारा ₹ 25 करोड़ का अभिदान करते हुए चुकता पूंजी ₹ 50 करोड़ है। जेवीसी ने मन्नवरम, आन्ध्र प्रदेश में भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया है और पहले से ही अनुमोदित निवेश के चरण – I का कार्यान्वयन प्रक्रिया में है। जेवीसी इसको दिए गए बैलेन्स ऑफ़ प्लान्ट्स के ऑर्डर भी निष्पादित कर रही है। एनबीपीपीएल ने कोयला हैंडलिंग संयन्त्रों की आपूर्ति के लिए मैसर्स डीएमडब्ल्यू अमेरिका क साथ सहयोग करार भी किया है।

घ बराक पावर प्राइवेट लिमिटेड –

बीएचईएल ने सिल्चर, असम में सीएफबीसी आधारित 2x125 मेगावाट के विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए पीटीसी इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम कंपनी संवर्धित की है। संयुक्त उपक्रम कंपनी 1 सितंबर, 2008 को बराक पावर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से स्थापित की गई। इसके लिए बीएचईएल तथा पीटीसी द्वारा समान रूप से ₹ 10 लाख की अधिकृत तथा प्रदत्त पूंजी प्रदान की गई है। स्थानीय कोयला अनुपलब्ध होने के कारण यह विद्युत संयंत्र संभाव्य नहीं पाया गया। इसे जेवी को बन्द किया जा रहा है।

ड उडनगुडी पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल)

बीएचईएल ने उडनगुडी, तूतीकोरिन, तमिलनाडु में बनाने, अपनाने और परिचालित करने के आधार पर 2x800 मेगावाट सुपरक्रिटीकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के साथ संयुक्त उपक्रम कंपनी संवर्धित की है। संयुक्त उपक्रम कंपनी 26 दिसंबर, 2008 को 'उडनगुडी पावर कारपोरेशन लिमिटेड' के नाम से निगमित की गई थी। संयुक्त उपक्रम में प्रारंभिक अधिकृत और प्रदत्त इक्विटी ₹ 10 करोड़ है जिसमें टीएनईबी और बीएचईएल ने समान रूप से अभिदान किया है। इक्विटी संरचना को बाद में वित्तीय संस्थान/बैंकों आदि को लाने के लिए कम किया जाएगा ताकि टीएनईबी और बीएचईएल समान रूप से 26 प्रतिशत की इक्विटी रख सकें। राज्य सरकार ने परियोजना के लिए संयुक्त उपक्रम कंपनी को भूमि आवंटित कर दी है। संयुक्त उपक्रम कंपनी भी कोयला लिंकेज, पर्यावरण और वन मंत्रालय की स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में है और बीएचईएल को मुख्य संयंत्र उपस्कर के आर्डर को अंतिम रूप दे रही है। वर्तमान में प्रदत्त इक्विटी पूंजी ₹ 65 करोड़ रही है और इसमें बीएचईएल तथा टीएनईबी का प्रत्येक का अंशदान ₹ 32.5 करोड़ है।

च रायचूर पावर कारपोरेशन लिमिटेड –

बीएचईएल ने येरामारुस, रायचूर, कर्नाटक में 2x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट तथा एदलापुर, रायचूर, कर्नाटक में 1x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट को बनाने, अपनाने और परिचालित करने के आधार पर स्थापित करने के लिए कर्नाटक पावर कारपोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) के साथ संयुक्त उपक्रम कंपनी संवर्धित की है। केपीसीएल के साथ संयुक्त उपक्रम करार पर 12 जनवरी, 2009 को हस्ताक्षर किया गया था और सं.उ.कं. को 15 अप्रैल, 2009 को 'रायचूर पावर कारपोरेशन लिमिटेड' के नाम से निगमित किया गया था। संयुक्त उपक्रम में प्रारंभिक अधिकृत तथा प्रदत्त इक्विटी ₹ 10 करोड़ है। इसमें केपीसीएल और बीएचईएल द्वारा समान रूप से अभिदान किया गया है। इक्विटी संरचना को बाद में वित्तीय संस्थान/बैंकों आदि को लाने के लिए कम किया जाएगा ताकि टीएनईबी और बीएचईएल समान रूप से 26 प्रतिशत की इक्विटी रख सके। संयुक्त उपक्रम कंपनी ने 2x800 मेगावाट की येरामारुस विद्युत परियोजना के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय की स्वीकृति प्राप्त कर ली है और 2x800 मेगावाट की येरामारुस परियोजना के लिए मुख्य संयंत्र उपस्कर की आपूर्ति और इएंडसी हेतु बीएचईएल को आर्डर दे दिया गया है जिसका मूल्य

₹ 6300 करोड़ है। ₹ 3100 करोड़ की 1x800 मेगावाट की इदलापुर परियोजना के लिए आर्डर को अंतिम रूप दिया जा चुका है और एमओईएफ की अनुमति के बाद एलओए भेजा जाएगा। इस समय प्रदत्त इक्विटी पूंजी ₹ 663 करोड़ है और इसमें बीएचईएल और केपीसीएल प्रत्येक ₹ 331.5 करोड़ का अंशदान है।

छ दादा धूनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड

बीएचईएल ने बनाने, अपनाने और परिचालित करने के आधार पर खंडवा, मध्यप्रदेश में 2x800 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) के साथ एक संयुक्त उपक्रम कंपनी संवर्धित की है। एमपीपीजीसीएल के साथ संयुक्त उपक्रम करार पर दिनांक 28 जनवरी, 2010 को हस्ताक्षर किया गया था और संयुक्त उपक्रम कंपनी "दादा धूनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड" के नाम से दिनांक 25 फरवरी, 2010 को निगमित की गई थी। संयुक्त उपक्रम कंपनी की प्रारंभिक प्राधिकृत और चुकता इक्विटी ₹ 5 करोड़ है, जिसमें एमपीपीजीसीएल और बीएचईएल का बराबर का अभिदान होगा। इक्विटी संरचना परिवर्तन स्वीकृत हो गया है जिसमें बीएचईएल की 26 प्रतिशत एमपीपीजीसीएफ की 10 प्रतिशत पीएसयू/पीएसयूएफ़आई/पीएसयू बैंक की 16 प्रतिशत और शेष 48 प्रतिशत साझेदार की श्रेणी वर्तमान में प्रदत्त इक्विटी पूंजी को ₹ 5 करोड़ कर दिया है इसमें बीएचईएल एवं एमपीपीजीसीएल का प्रत्येक का अंशदान ₹ 22.5 करोड़ होगा ताकि जेवीसी भूमि अधिग्रहण खर्चों को पूरा कर सके।

ज) लातूर पावर कम्पनी लिमिटेड (एलपीसीएल)

बीएचईएल ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत जेनरेशन कम्पनी लि. (महाजेनको) के साथ मिलकर लातूर, महाराष्ट्र में 2×600 मेगावॉट थर्मल पावर प्लान्ट या 1500 मेगावॉट गैस आधारित कम्बाइन्ड साइकिल पावर प्लान्ट (सीसीपीपी) लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम कम्पनी बनाई है। महाजेनको के साथ संयुक्त उद्यम करार 11 नवम्बर, 2010 को हस्ताक्षर किए गए और "लातूर पावर कम्पनी लिमिटेड" के नाम से 6 अप्रैल, 2011 को जेवीसी का निगमन किया गया। इस जेवीसी की प्रारम्भिक अधिकृत पूंजी ₹ 5 करोड़ की हैं। इक्विटी संरचना को बाद में वित्तीय संस्थानों, बैंकों, आदि को भी दी जाएगी ताकि महाजेनको और बीएचईएल प्रत्येक 26 प्रतिशत की इक्विटी धारित कर सकें।

झ) बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड

केरल सरकार के पूर्ण स्वामित्व उपक्रम केरल इलेक्ट्रिकल एवं अलॉइड इंजिनीयरिंग कम्पनी लिमिटेड (केईएल) की कासरगोड इकाई का अधिग्रहण करने के लिए केरल सरकार के साथ 8 सितम्बर, 2010 को एक संयुक्त उद्यम करार पर हस्ताक्षर किए गए। इस कम्पनी का निगमत "बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड" के नाम से 19 जनवरी, 2011 को किया गया जिसमें बीएचईएल की मुख्य स्टेक 51 प्रतिशत तथा केरल सरकार की 49 प्रतिशत है। यह कम्पनी ऑल्टर्नेटर तथा अन्य रोटेटिंग इलेक्ट्रिकल मशीनें बनाएगी।

ङ) अनुसंधान और विकास तथा प्रौद्योगिकीय उपलब्धियां

बीएचईएल उन्नयन एवं रचनात्मक विकास पर अधिक ज़ोर देता है, अतः कम्पनी के अनुसन्धान एवं विकास के प्रयासों का उद्देश्य विद्यमान उत्पादों के निष्पादन एवं कुशलता में सुधार करने के साथ–साथ आधुनिकतम प्रौद्योगिकी तथा प्रक्रियाओं का उपयोग करते हुए नए उत्पादों का विकास करना है, ताकि वे प्रौद्योगिकी एवं विशेषताओं के अलावा वैश्विक बैन्चमार्कों की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। तदनुसार बीएचईएल दो तीखी

सर्फेस इंजीनियरिंग के लिए लेजर हार्डनिंग प्रणाली

देवीघाट एचईपी, नेपाल में लगाया गया बीएचईएल आरएंडडी केन्द्र द्वारा विकसित ब्रशलेस एक्साइटर

रणनीतियाँ यथा–आक्रामक आन्तरिक प्रयास और नवीनता को प्रेरित करना रहा है, जो भारत सरकार द्वारा घोषित ''नवीनता दशक (2010–2011)'' के अनुरूप हैं इसके परिणामस्वरूप, कम्पनी ने आर एंड डी के खर्च में पिछले वित्तीय वर्ष (₹ 829 करोड़ के स्थान पर ₹ 98.86 करोड़) की तुलना में 18 प्रतिशत वृद्धि की है, और आन्तरिक रूप से विकसित उत्पादों एवं सेवाओं के कारोबार में 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ ₹ 7809 करोड़ का कारोबार हुआ है, तो कम्पनी के कुल कारोबार का लगभग 20 प्रतिशत है।

बीएचईएल की नवीनता की प्रेरणा में बीएचईएल की आईपीआर पूंजी 1438 आईपीआर की हो गई है और इस साल सबसे अधिक आईपीआर (303) फाइल किए गए हैं।

- ग्राहकों को समकालीन उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्रदान करने के अपने प्रयास के रूप में बीएचईएल 1200 केवी ट्रान्सफ़ॉर्मरों का देश में विकसित कर और निर्माण करने वाली पहली कम्पनी बन गई है। बीएचईएल यूएचवी लैब में परीक्षण ट्रान्सफ़ॉर्मर के रूप में प्रयुक्त होने के लिए 1200 केवी टेस्ट ट्रान्समिशन लाइन, हेतु बीमा के लिए 1200 केवी कैपेसिटर वोल्टेज ट्रान्सफ़ॉर्मर (सीवीटी) का भी विकास एवं निर्माण किया है जो यूएचवीएसी ट्रान्सफमिशन प्रणाली में कम्पनी के लिए एक सोपान है। 1200 केवी यूएचवीएसी ट्रान्समिशन लाइनों के लिए भी देश में पहली बार 530 केएन डिस्क इन्सुलेटरों का भी विकास किया गया है। इसके अलावा कम्पनी ने 765 केवी 500 एमवीए ट्रान्सफ़ॉर्मर भी बनाया है जिसे पावर ग्रिड सब–स्टेशन वर्धा में फ़ील्ड ट्रायल के लिए भेजा जाएगा।
- हाइड्रो यूटिलिटीज के लिए कुशलता और राजस्व में वृद्धि करने के उद्देश्य से बीएचईएल ने हाइड्रो पावर प्लान्ट उपकरण रखरखाव प्रबन्ध प्रणाली/(एमएमएस) – प्रणाली विकसित की है। यह सॉफ़्टवेयर डाउनटाइम, मरम्मत और प्रतिस्थापन के कारण उपरी लागत में कमी करके सतत पावर जेनरेशन को सुनिश्चित करना है। एमएमएस प्रभावी एवं कुशल रखरखाव अनुसूची तथा अन्यु रिट्रिवल कार्यों के माध्यम से संयन्त्र की दीर्धकालीन उद्देश्यों की प्राप्ति को भी सुनिश्चित करता है। प्रमुख यूटिलिटीस ने अपने सभी टेंडर दस्तावेज़ों में एमएमएस पेकेज को शामिल करना अनिवार्य कर दिया है। इस प्रणाली की आपूर्ति एनएचपी को उसकी सेवा एचईपी में लगाने के लिए की जा रही है।
- अपने उत्पादों के लिए प्रभावी नियन्त्रण प्रणाली विकसित करके अपने ग्राहकों को लाभ पहुँचाने के लिए पावर ट्रान्सफ़ॉर्मरों के लिए एक कम लागत का डिजिटल ऑनलाइन मॉनीटरिंग एवं कन्ट्रोल सिस्टम (ओएलएमसीएस) विकसित करके उसका परीक्षण किया गया है। इसकी सहायता से इकाई बाइंडिंग तापमान, विद्युत पैरामीटरों, आर्द्रता एवं ऑइल इन गैस का मापन एवं मॉनीटरिंग करने के अलावा अलार्म संकेत भेजने के साथ–साथ प्रचालन स्थिति की सुपरविशन और ट्रान्सफ़ॉर्मर की शेष कार्य जीवन का अनुमान तथा ओवरलोड को कन्ट्रोल किया जा सकता है। इस प्रणाली से ऊर्जा में बचत होती है और वोल्टेज प्रोफ़ाइल बना रखा है तथा इसका टाइप टेस्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर किया गया है।
- सोलर पीवी प्रणाली की लागत में सुधार करने के अपने सतत प्रयासों में बीएचईएल ने एक उच्च कुशल पैसिवेटेड इन्टरफ़ेस (पीआई) हेटेरो जंक्शन सोलर ऑन फुल साइज़ (125 मिमी स्यूडो–स्कवेर), मोनो क्रिस्टल्लाइन सिलिकॉन वेफ़र्स डिज़ाइन एवं विकास किया है। प्रॉसेस ऑप्टिमाइज़ेशन के साथ 16.9 प्रतिशत की उच्च कुशलता प्राप्त की गई है। यह इस तरह के सेलों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्ट की गई कुछ प्रथम कुशलताओं में से एक है। इस विकास के अनुरक्षण में सेलों एवं मॉड्यूलों के बैच उत्पादन के लिए कदम उठाए जाएंगे और वे मॉड्यूलों का अर्हता परीक्षण किया जाएगा।
- प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग की प्रतिबद्धता पर बल देने तथा पर्यावरण के प्रति सरोकार रखते हुए, बीएचईएल ने एक डायनामिक क्लासिफ़ायर प्रणाली बनाई है। यह प्रणाली पल्वराइज़र की वर्गीकृत कुशलता में सुधार लाती है और बर्नरों के लिए एक समान आकार का कोयला उपलब्ध कराने के लिए कणों के आकार पर बेहतर नियन्त्रण रखती है, जिससे बॉयलर की कम्बस्चन कुशलता में सुधार आता है और बॉयलर से NOx का कम उत्सर्जन होता है। इस डायनामिक क्लासिफ़ायर सिस्टम को डॉ. नरला टाटा राव थर्मल पावर प्लान्ट, विजयवाड़ा में लगाया गया है।
- ग्राहकों की आवश्यकतानुसार बनाए गए डिज़ाइनों को सतत रूप से प्रदान करते हुए बीएचईएल ने 16 मेगावॉट से 60 मेगावॉट की रेटिंग वाले हाइड्रो जेनरेटरों की रेन्ज के लिए अधिक विश्वसनीय 500 कि. वॉट, 300 आरपीएम ब्रशलैस एक्साइटर का विकास किया है। इससे हाइड्रो जेनरेटरों की शृंखला की ज़रूरत पूरी होगी और यह बीएचईएल निर्मित हाइड्रो जेनरेटरों की रेट्रोफिट जॉब के लिए भी उपयुक्त है। नेपाल के देवीघाट हाइड्रो पावर स्टेशन में फ़ील्ड ट्रायल शुरू हो गया है और अगले कदम में बीएचईएल की योग्यता 250 मेगावॉट तक के हाइड्रो जेनरेटरों के लिए ब्रशलैस एक्साइटर विकसित करने की है।

- ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार उत्पादों एवं डिज़ाइनों को सतत रूप से प्रदान करते हुए बीएचईएल ने भिलाई स्टील संयन्त्र में विद्युत गुणवत्ता नियन्त्रण तथा विद्युत आर्क फ़र्नेस (ईएएफ़) के प्रचालन के दौरान वोल्टेज में उतार–चढ़ाव में कमी लाने के लिए 2.5 एमवीएआर स्टेट काम का विकास करके उसे लगाना है। ईएएफ़ प्रचालन में वोल्टेज में भिन्नता तथा एक हार्मोनिक करन्ट से बस प्लान्ट के वितरण के जुड़े इलेक्ट्रॉनिक संवेदनशील उपस्करों और वितरण से जुड़े अन्य उपकरणों की कुशलता प्रभावित होती है। ईएएफ़ के लिए विकसित बीएचईएल का स्टेटकॉम इस्पात की उत्पादकता को बढ़ाता है और इलेक्ट्रॉड की खपत तथा पीक डिमान्ड में कमी लाता है।
- हाई एवं अल्ट्रा हाई वोल्टेज गैस इन्सुलेटेड ट्रान्समिशन उपकरणों के लिए समर्तित अवसंरचना स्थापित करने के उद्देश्य से बीएचईएल अपनी हैदराबाद स्थित आर एंड डी डिविज़न में गैस इन्सुलेटेउ सब–स्टेशन (जीआईएस) के लिए अल्ट्रा हाई वोल्टेज (युएचवी) प्रयोगशाला स्थपित कर रहा है। इस सुविधा से गैस इन्सुलेटेड ट्रान्समिशन उपस्करों से सम्बन्धित प्रौद्योगिकी और डिज़ाइन मूल्यांकन प्रक्रियाओं में बीएचईएल कर्मचारियों के विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसमें दो कार्यात्मक उपकरण शामिल होंगे तथा हाई वोल्टेज डि–इलेक्ट्रिक परीक्षण सुविधा और धूलरहित डिज़ाइन एवं एसेम्ब्ली स्थान।
- भावी क्षेत्रों में विकसपरक कार्यों के अनुरूप बीएचईएल हैदराबाद स्थित अपने कॉर्पोरेट आर एंड डी डिविज़न में जैसे औद्योगिकी केन्द्र (सीएससी) की स्थापना कर रहा है। इस सुविधा से बीएचईएल के संयन्त्र उत्पादों एवं प्रणाली में नैनो सामग्री के उपयोग की समस्याएँ तलाशी जाएंगी। विद्युत संयन्त्र उपकरण नैनो स्ट्रक्चर्स वीयर रेसिस्टेन्ट कोटिंग, विद्युत–रोधी सामग्री सोलर सेल, कार्बन नैनो ट्यूब उपयोग, नैनो फ़्लूइडिक्स, ईँधन सेल एवं सेन्सर्स जैसे सामानों के उपयोगों के लिए सामग्री के विकास का अध्ययन किया जाएगा। सर्वोत्तम आर एंड डी तथा अल्ट्रा हायर क्रिटिकल विद्युत एवं अक्षय ऊर्जा में बीएचईएल को भावी तत्पर बनाने के लिए सीएनटी को स्थापित किया जा रहा है।
- बीएचईएल ने देश के अन्तरिक्ष कार्यक्रम में अपना योगदान करने की अपनी परम्परा को कायम रखा है। कम्पनी ने इसरो को उनके अन्तरिक्ष कार्यक्रम के लिए अभी तक 210 वर्ग मीटर अन्तरिक्ष ग्रेड सोलर पैनल तथा 28 स्पेस गुणवत्ता बैटरियों की आपूर्ति की है। वर्ष के दौरान इसरो द्वारा छोड़े गए कार्टो2बी एवं जीएसएटी 4 सैटिलाइटों में क्रमशः बीएचईएल की 24एएच नि.–सीडी. बैटरियों तथा सोलर पेनल लगे हुए हैं।
- भारत सरकार के ''राष्ट्रीय स्वच्छ कोयला (कार्बन) प्रौद्योगिकी मिशन'' के अनुसरण में भारत में उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल विद्युत संयन्त्रों का विकास करने और स्थापित करने के लिए

पूर्व सचित (भारी उद्योग), भारत सरकार द्वारा हाई वोल्टेज लेबोरेट्री का शिलान्यास करते हुए

निदेशक (ई,आरएंडडी), बीएचईएल नैनो प्रोद्योगिकी केन्द्र शिलान्यास करते हुए

अगस्त, 10 में बीएचईएल, आईजीसीएआर एवं एनटीपीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बीएचईएल विकास में स्थापना तक पूरे परिदृश्य में एक अग्रणी भूमिका अदा करेगा।

च) मानव संसाधन प्रबंधन

1) औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान भागीदारिता की संस्कृति पर बल देना जारी रहा और कंपनी की विभिन्न यूनिटों और सेवा प्रभागों में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे। अतः वर्ष 2010–11 के दौरान मानव दिवसों की हानि शून्य थी।

शीर्ष–स्तरीय द्विपक्षीय मंच नामतः "बीएचईएल की संयुक्त समिति" की वर्ष के दौरान 02 बैठकें हुईं। इसके अलावा वर्ष के दौरान असंगति समिति की 02 बैठकें हुई जिसमें 2007 के वेतन संशोधन के कार्यान्वयन से उत्पन्न विभिन्न मुद्दों पर विचार करके सौहार्दपूर्ण रूप से उनका समाधान किया गया। लगभग 33 वर्षों के बाद भोपाल इकाई में प्रतिनिधि यूनियन का निर्णय करने के लिए 22 अप्रैल, 2010 को चुनाव किए गए। इसके अलावा संयुक्त समिति की उप–समिति की नवम्बर, 2010 में बैठक हुई, जिसमें अप्रैल, 2011 में संयुक्त समिति के पुनर्गठन के लिए चुनाव कराने का निर्णय किया गया। कार्यपालकों और पर्यवेक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठकें हुईं जिनमें कार्य और हित से संबद्ध मुद्दों पर चर्चा हुई।

वर्ष के दौरान कम्पनी की विभिन्न इकाइयों में प्लान्ट काउन्सिल की 48 और शॉप काउंसिलों की 177 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें लागत में कमी, उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने तथा ग्राहक प्रतिबद्धता, क्रमिक डिलिवरी, उत्पाद गुणता आदि पर विस्तार से चर्चा हुई ताकि सम्पूर्ण निष्पादन में सुधार आ सके।

राष्ट्रीय आपदा तथा विपदाओं में पीड़ितों की सहायता करने में बीएचईएल सदैव आगे रहे हैं। इस परम्परा को निभाते हुए और एकता का परिचय देते हुए जम्मू तथा कश्मीर राज्य के लेह क्षेत्र में बादल फ़टने से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए बीएचईएल कर्मचारियों ने ₹ 4.36 करोड़ (₹ चार करोड़ छत्तीस लाख) प्रधान मन्त्री राष्ट्रीय सहायता कोष से दान दिए।

2) बीएचईएल, यूनिटों तथा कर्मचारियों द्वारा जीते गए पुरस्कार

प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार (श्रम मंत्रालय द्वारा को घोषित)

- प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार निजी तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्यनिष्पादन, अन्वेषणकारी क्षमताओं, उत्पादकता में उल्लेखनीय योगदान, असाधारण प्रतिभा प्रदर्शन एवं प्रखर बौद्धिकता का परिचय देने वाले कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है।
- **प्रधान मन्त्री श्रम पुरस्कार 2008** (15 अगस्त, 2010 को घोषित), श्रम भूषण पुरस्कार (एक पुरस्कार ईडीएन – बैंगलूर के कर्मचारी ने जीता); श्रम वीर पुरस्कार (एक पुरस्कार एचईपी भोपाल के कर्मचारी ने जीता); श्रम श्री पुरस्कार (दो पुरस्कार सीएफएफपी – हरिद्वार से कर्मचारियों ने और एक पुरस्कार एचपीईपी – हैदराबाद के कर्मचारी ने जीता)।
- **प्रधान मन्त्री श्रम पुरस्कार 2009** (21 फ़रवरी, 2011 को घोषित), श्रम वीर पुरस्कार (एक पुरस्कार सीएफ़एफ़पी – हरिद्वार के कर्मचारी ने जीता); श्रम श्री पुरस्कार (एक पुरस्कार एचपीईपी – हरिद्वार के कर्मचारियों ने जीता); श्रम श्री पुरस्कार एचपीईपी – हैदराबाद के कर्मचारी ने जीता)।
- **प्रधान मन्त्री श्रम पुरस्कार 2010** (05 जुलाई, 2011 को घोषित), श्रम भूषण पुरस्कार (एक पुरस्कार एचपीबीपी – तिरुचि के कर्मचारियों ने जीता); श्रम श्री अवार्ड (एक पुरस्कार बीएपी – रानीपेट कर्मचारी ने जीता)।

राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2009 (श्रम मंत्रालय द्वारा घोषित)

राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार औद्योगिक उपक्रम (फैक्टरी अधिनियम, 1986 के अधीन शामिल) की ओर से अच्छे सुरक्षा निष्पादन और दुर्घटना निवारण कार्यक्रम में प्रबंधन और कामगारों दोनों की दिलचस्पी बढ़ाने और बनाए रखने के मान्यता स्वरूप दिया जाता है। एसएसटीपी – तिरुचि यूनिट को विजेता घोषित किया गया।

एनर्जी स्मार्ट ऑर्गनाइज़ेशन 2008 (इन्स्टिट्यूशन ऑफ़ इन्जिनीयर्स (I) – आन्ध्र प्रदेश राज्य केन्द्र द्वारा घोषित)

24 – 25 नवम्बर, 2010 को आयोजित ''ऑल इंडिया सेमिनार ऑन एन्हान्स्ड एनर्जी एफ़िशिएन्सी'' के दौरान हैदराबाद इकाई को **''एनर्जी स्मार्ट ऑर्गनाइज़ेशन''** घोषित किया)

3) मानव संसाधन विकास

वर्ष 2010–'11 में कुल 31166 कर्मचारियों को प्रति कर्मचारी 15.02 प्रशिक्षण श्रम दिवस के अनुसार विभिन्न किस्म के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किया गया।

कर्मचारियों के अतिरिक्त, 6819 एक्ट एप्रेंटिसों को 1552577 प्रशिक्षण मानव दिवस देते हुए विभिन्न यूनिटों में प्रशिक्षित किया गया था।

बीएचईएल में ग्राहक प्रशिक्षण एक नियमित कार्यकलाप रहा है और वर्ष के दौरान 112612 श्रम दिवस देते हुए 1389 ग्राहकों को प्रशिक्षित किया गया था।

सामाजिक प्रतिबद्धता के प्रति सजग होकर विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों से 8878 व्यावसायिक प्रशिक्षणार्थियों को भी प्रशिक्षित किया गया था।

मानव संसाधन विकास संस्थान, नोएडा

वर्ष 2010–11 के दौरान एचआरडीआई ने 252 दिनों तक विस्तारित 69 कार्यक्रम संचालित किए। कुल 7286 प्रशिक्षण श्रम दिवस देते हुए कुल 1544 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है।

मॉनीटरिंग पर बल

वर्ष 2008–09 से प्रत्येक इंजिनीयर प्रशिक्षार्थी/कार्यपालक प्रशिक्षार्थी के लिए मॉनीटरिंग अनिवार्य कर दी गई है। वर्ष 2010–11 के दौरान एचआरडीआई तथा इकाइयों में 368 मेंटरों को 13 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया।

इंजीनियर/कार्यपालक प्रशिक्षणार्थी प्रवेश प्रशिक्षण

ईटी को बीएचईएल में दक्षता 2007 नियम पुस्तिका के अनुसार एक–वर्षीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया था और उसके बाद बीएचईएल में सफल आमेलन किया गया था।

- वर्ष के दौरान 634 ईटी (4 बैच) को सफलतापूर्वक आमेलित किया गया था तथा अतिरिक्त 1000 ईटी ने भी कॉमन इंडक्शन प्रोग्राम लर्निंग सफ़लतापूर्वक पूरा किया।
- इसके अतिरिक्त फरवरी 2011 में बीएचईएल की विभिन्न ईकाइयों में 900 ईटी ने कार्यग्रहण किया उनकी सीआईटी भी सफलता पूर्वक पूरी हो गई है।

4) मानवशक्ति संख्या

दिनांक 31.03.2011 की यथास्थिति कंपनी की मानवशक्ति संख्या 46,748 थी।

5) राष्ट्रपति के निर्देशों से संबंधित सूचना

निर्दिष्ट अभ्यर्थियों के आरक्षित कई अर्थात अजा, अजजा, ओबीसी और शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सीधी भर्ती तथा निर्दिष्ट पदों की पदोन्नति में निर्धारित आरक्षण के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी केन्द्र सरकार की आरक्षण नीति पर राष्ट्रपति आदेश हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति के आदेशों में आवास में आरक्षण भी शामिल है। इस विषय पर समय–समय पर जारी राष्ट्रपति आदेशों का सख़्ती से पालन किया गया है और सरकार द्वारा निर्धारित पद आधारित रोष्टा प्रणाली के माध्यम से आरक्षण प्रतिशत को सुनिश्चित किया गया है। तथापि इन दिशानिर्देशों का कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर कोई सीधा प्रभाव नहीं है।

i) **अजा और अजजा के कल्याण के लिए कम्पनी की गतिविधियाँ** कंपनी राष्ट्रपति के निर्देशों और भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ओबीसी एवं शा. वि. के आरक्षण के संबंध में समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कर रही है। वर्ष 2010–'11 के दौरान अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के सामाजिक–आर्थिक विकास पर केन्द्रित विभिन्न समुदाय विकास गतिविधियों का बीएचईएल यूनिटों के भीतर और इसके आसपास के विभिन्न स्थानों जहां बीएचईएल कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व स्कीम के अंतर्गत कंपनी विद्यमान हैं, में आयोजन किया गया।

ii) **अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्वः**

कर्मचारियों की कुल संख्या में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों का

प्रतिनिधित्व दिनांक 31.12.2010 को क्रमशः 19.59 प्रतिशत, 5.40 प्रतिशत तथा 18.28 प्रतिशत था।

तथापि वर्ष के दौरान सीधी भर्ती में आरक्षण अनुसूचित जाति के लिए 16.86 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 8.00 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 21.49 प्रतिशत था। इसमें ऐसे व्यक्ति शामिल नहीं हैं जिन्होंने ऑफर जारी कर दिए गए थे लेकिन उन्होंने 31.12.2010 के बाद कार्यग्रहण किया। इस मामले में विशेषकर अनुसूचित जनजाति श्रेणी में अपेक्षित प्रतिशत आरक्षण का ध्यान रखा गया था।

दिनांक 01 जनवरी, 2010 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व और पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या दर्शाते हुए संशोधित निर्धारित प्रपत्र में सरकार को प्रस्तुत वार्षिक विवरण **अनुबंध–क** में दिया गया है।

iii) 01 जनवरी, 2011 की स्थिति के अनुसार शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या

दिनांक 01.01.2011 की स्थिति के अनुसार कंपनी में इस समय कुल 755 शारीरिक विकलांग कर्मचारी हैं। 01.01.2011 की स्थिति के अनुसार कंपनी के शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की समूहवार संख्या **अनुबंध–ख** में दी गई है।

छ सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

- बीएचईएल सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 को अक्षरशः लागू करने में अग्रणी है। आरटीआई के भाग के रूप में अपीलीय प्राधिकरण के साथ कंपनी स्तर पर एक मुख्य लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) तथा एक केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) और प्रत्येक प्रशासनिक यूनिट के लिए 14 मुख्य लोक सूचना अधिकारी कार्यरत हैं।
- बीएचईएल की वेबसाइट के माध्यम से अधिनियम की धारा 4(1) (ख) के अनुरूप पूर्वक्रियात्मक प्रकटन किए गए थे। सूचना मांगने वाले आवेदकों की सुविधा के लिए बीएचईएल की वेबसाइट पर आरटीआई वेब पेज पर उचित दिशानिर्देश दिए गए हैं। अधिनियम की अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक यूनिटों और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।
- वर्ष 2010–11 के दौरान बीएचईएल को सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 1028 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 146 आवेदन अपीलें प्रथम अपील अधिकारी के पास फाईल की गई। इन सभी आवेदनों और अपीलों का अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निपटान किया गया।
- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के कार्यान्वयन पर और बल देते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में इस समूह में मानव सन्साधन को और मज़बूत किया गया है।
- बीएचईएल स्टैंडिंग कॉन्फ्रेन्स ऑफ़ पब्लिक एन्टरप्राइसेस (स्कोप) द्वारा गठित 'सन्चालक समिति' का सक्रिय सदस्य है। जिसमें विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के समान हित के आरटीआई मुद्दोंपर विचार–विमर्श किया जाता है ताकि स्कोप नीति स्तर पर उन्हें उपयुक्त रूप से बाहर कर सके।

ज आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

- कंपनी की प्रमुख विनिर्माण यूनिटों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में आंतरिक लेखापरीक्षा प्रकोष्ठ स्थापित हैं जो निदेशक (वित्त)/ बोर्ड स्तरीय लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम के अनुसार लेखापरीक्षा करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न नीतियों तथा प्रक्रियाओं की नियमित लेखापरीक्षा प्रणाली पुनरीक्षा और अनुपालन की देखरेख के जरिये आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता और प्रभाव की जांच करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा के कामकाज और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की पुनरीक्षा बोर्ड स्तरीय लेखापरीक्षा समितियों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है।
- कंपनी ने प्रमुख जोखिम क्षेत्रों में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। यह उपाय सभी महत्वपूर्ण कार्यकलापों यथा बजट, क्रय, सामग्री, भंडार, निर्माण कार्य, वित्त, कार्मिक आदि को शामिल करते हुए प्रबंधन द्वारा जारी विभिन्न संहिताओं,

नियम पुस्तिकाओं और कार्यविधियों के रूप में हैं। इन संहिताओं, नियम पुस्तिकाओं और कार्यविधियों को समय–समय पर अद्यतन किया जाता है और उनका सख्ती से अनुपालन किया जाता है, जिनकी जांच आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा की जाती है।

झ विलयन और अधिग्रहण

बीएचईएल ने निरवयव (इनआर्गेनिक) विकास के लिए अभिगत क्षेत्रों में विलयन और अधिग्रहण से संबद्ध अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। बीएचईएल नवीकरणीय ऊर्जा और परिवहन तथा पारेषण जैसे अन्य संभावित क्षेत्रों में यूरोप और सं.रा.अ. में अधिग्रहण अवसरों पर सक्रियता पूर्वक कार्रवाई करके इस प्रयास में बीएचईएल ने अपने सूचीबद्ध एमएंडए सलाहकारो के साथ बीएचईएल के लक्ष्य विषयों/क्षेत्रों पर चयन हेतु नवम्बर, 2010 को मुम्बई में ''एमएंडए सलाहकार सम्मेलन'' आयोजित किया। बीएचईएल ने पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी भारत हेवी प्लेट्स एवं वेसल्स, विशाखापट्नम (बीएचपीवी) जिसका अधिग्रहण मई, 2008 में किया गया था, उसका कायापलट करते हुए इसने वित्तीय वर्ष 2010–11 में ₹ 8.77 करोड़ कर पश्चात लाभ कमाया है।

ञ अवसर और खतरे

विश्व

वैश्विक आर्थिक मंदी का वैश्विक ऊर्जा बाजार पर अप्रत्याशित प्रभाव पड़ा था। सौभाग्यवश 2010 में 4.9 प्रतिशत के विकास में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सरकारी सहयोग से उछाल आया और मालसूची की पुनःपूर्ति से विस्तार रुकी और उद्योग एवं व्यापार में नए विकास का अंकुरण हुआ। आर्थिक विकास का नेतृत्व गैर–ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं ने किया संकट के साथ प्रभावित हुई थी, हमेशा की तरह, आर्थिक विकास ऊर्जा मांग की प्रमुख निर्धारक है और ऊर्जा खपत सामान्यतया आर्थिक चक्र का दर्पण है। अतः वैश्विक अर्थव्यवस्था सुधार की गति अगले कई वर्षों के लिए ऊर्जा सम्भावनाओं की कुंजी है। लेकिन यह जलवायु परिवर्तन तथा ऊर्जा सुरक्षा की दोहरी चुनौती पर सरकार का प्रत्युत्तर दीर्घ समय में ऊर्जा के भविष्य को तय करेगा। बीपी स्टेटिस्टिकल रिव्यू ऑफ़ वर्ल्ड एनर्जी 2011 के अनुसार वर्ष 2009 में जीडीपी से अधिक ऊर्जा मांग में कमी (जब 30 वर्षों में पहली बार गिरावट देखी गई) आई (जब लगभग 40 वर्षों में काफ़ी वृद्धि हुई)।

हाल ही के वर्षों में विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समुदाय द्वारा जलवायु परिवर्तन, अकुशल जीवाश्म ईंधन की सब्सिडी में सुधार, कम कार्बन गैस प्रौद्योगिकी के विकास और उपयोग महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय करारों, जिसमें वैश्विक ऊर्जा प्रणाली के माध्यम से नीति बनाने में उल्लेखनीय कदम को देखता है।

वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक 2010 उपर्युक्त नीति परिदृश्य में 2008 से 2035 के बीच विश्व की प्रकाशित ऊर्जा मांग में 35 प्रतिशत या प्रति वर्ष औसतन 1.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। 2035 में जीवाश्म ईंधन–तेल, कोयला और प्राकृतिक गैस मुख्य ऊर्जा स्रोत बने रहेंगे तो कुल प्रारम्भिक ऊर्जा मांग के लगभग ½ हिस्सा होगी। 2035 तक चीन की वर्तमान वैश्विक मांग 17 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो जाएगी और भारत की मांग में 18 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

अगले 2½ दशकों में विश्व की ऊर्जा मांग को पूरा करने में प्राकृतिक गैस एक केन्द्रीय भूमिका निभाएगी। आर्थिक मन्दी के कारण 2009 में वैश्विक प्राकृतिक गैस की मांग में जो कमी आई थी उसमें 2010 से दीर्घकालीन वृद्धि होगी। यह अकेला जीवाश्म ईंधन है, जिसकी मांग 2035 में 2008 से अधिक होगी।

अक्षय ऊर्जा विश्व के एक सुरक्षित, विश्वस्तरीय और सन्धारणीय ऊर्जा पथ पर ले जाने के लिए एक केन्द्रीय भूमिका निभाएगी। इसकी सम्भावनाएँ काफ़ी अधिक हैं लेकिन विश्व की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में उनका योगदान प्रौद्योगिकी उन्नयन तथा अन्य ऊर्जा स्रोतों में की तुलना में अक्षय ऊर्जा को लागत प्रतिस्पर्धी बनाने में सरकारी सहयोग पर निर्भर करता है।

भारत

2010–11 के दौरान जीडीपी में 8.6 प्रतिशत (एई) की विकास दर से अर्थव्यवस्था उच्च विकास की ओर मुड़ी है। वैश्विक वित्तीय संकट के परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट के कारण की पिछले दो वर्षों में विकास की दर मध्यम रही है। 2010–11 के

दौरान कृषि तथा उद्योग एवं सेवाओं में सतत गतिविधियों के स्तर से विकास में उछाल आया है।

सम्पूर्ण विकास के संकेतक मिले–जुले है। कृषि के विकास की सम्भावनाएँ हैं और आईएमडी के सामान्य मज़बूत एवं 2010–11 में रबी के अच्छे उत्पाद का अनुमान है। लेकिन वर्ष के दूसरे भाग में औद्योगिक विकास के मध्यम रहने से मूल प्रभाव में गिरावट और पून्जीगत सामान उत्पादन में संकुचन दिखाई देता है। लेकिन कुछ मदों की अस्थिर उत्पादन से कमी बाधित हुई है। अन्य संकेतक जैसे पर्चेज़िंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई), प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर वसूली, माल निर्मल तथा बैंक क्रेडिट यह बताते हैं कि विकास की गति बनी हुई है। सेवा क्षेत्र के संकेतक सरकारी खर्च सम्बन्धित सेवाओं में कुछ कमी के बाद भी मज़बूत बने रहे। लेकिन उच्च ऊर्जा और वस्तुओं की कीमतें उत्पादन और निवेश को प्रभावित कर सकती है और उच्च विकास को बनाए रखने में उस समय एक चुनौती दे सकती है, जब निवेश की गति धीमी हो जाए।

पावर सेक्टर

भारत सरकार बड़े स्तर पर निजी व विदेशी निवेश तथा आधारित प्रौद्योगिकी के साथ एक कुशल एवं तीव्र विकासशील बिजली सेक्टर बनाने के लिए मज़बूती से प्रतिबद्ध है। विभिन्न नीतियाँ एवं नियामक सुधार जैसे बिजली अधिनियम 2003 इसका उदाहरण है। इसके परिणामस्वरूप पिछले कई वर्षों में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 11वीं योजना में देश में समग्र विस्तार में विशेषकर थर्मल में 2010–11 34.5 जीडब्ल्यू की वृद्धि हुई, जो किसी भी योजना से अधिक है। इस बात के संकेत हैं कि 2011–12 में इस सेक्टर में और अधिक अर्थात सपूर्ण XIवीं योजना अवधि (2011–12 में समाप्त) में लगभग 60जीडब्ल्यू अर्थात पिछली पंच–वर्षीय योजना से दोगुनी होगी। अभी देश का पावर सेक्टर, उल्लेखनीय अपवादों को छोड़कर तीव्र मांग–आपूर्ति के असन्तुलन, बार–बार पावर कट और अपर्याप्त कवरेज से आरोपित है। 2011–12 में पीक लोड कमी 10.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। यह माना जाता है कि बिजली की उपलब्धता में कमी अर्थव्यवस्था के सतत विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा है। इस सन्दर्भ में मांग एवं आपूर्ति में अन्तर एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है और इसके परिणामस्वरूप इस सेक्टर के विभिन्न खंडों; उत्पादन, ट्रान्समिशन एवं वितरण में अधिक क्षमता विस्तार किया जा रहा है। 12वीं एवं 13वीं योजना अवधि में भारत सरकार की योजना प्रत्येक योजना में राष्ट्र की विद्युत क्षमता में 100 जीडब्ल्यू के विस्तार तथा इसके अनुरूप टीएंड डी में भी विस्तार करने की योजना ही सभी स्टेकहोल्डरों के लिए से अधिक अवसर उपलब्ध हैं। भारत, चीन और विकसित देशों की कम्पनियाँ भी भारत के बाज़ारों से इन अवसरों का ... करने के लिए प्रयास कर रही थी।

भारत का पावर सेक्टर भी ऊर्जा कुशल, पर्यावरणानुकूल प्रथा कम ईँधन खपत वाली प्रौद्योगिकियों जैसे सुपरक्रिटिकल पैरामीटर वाले उच्च रेटिंग के थर्मल सेट यूएचवी ट्रान्समिशन सेटों आदि के माध्यम से पर्यावरण बदलाव की चुनौतियों का उत्तर दे रहा है। आइजीसीसी और उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी का भी तेज़ी से अनुसरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ क्षेत्र स्टेकहोल्डरों के लिए चिन्ता का विषय बने हुए हैं। बैलेन्स ऑफ़ प्लान्ट्स में क्षमता असन्तुलन तथा पावर वैल्यू चेन इस सेक्टर के क्षमता विस्तार लक्ष्यों को पूरा करने में मुख्य बाधाएँ हैं। भूमि अधिग्रहण में कठिनाइयाँ, नियामक अनुमति में देरी, अनियमित ईँधन सप्लाई, पर्याप्त बुनियादी ढाँचे की कमी, और राज्य की यूटिलिटीज की खराब होती वित्तीय स्थिति इस सेक्टर की वर्तमान सतत गति बनाए रखने में जोखिम हैं।

उद्योग क्षेत्र

लगातार दो कम विकास के वर्षों के बाद 2010–11 में वास्तविक जीडीपी विकास ने विकास की निकट दर हासिल कर ली, लेकिन गैर–कृषि जीडीपी विकास दर प्रवृत्ति से नीचे रही। 2010–11 में मुख्य बल कृषि से आया जिसे सामान्य मानसून से लाभ हुआ जबकि उद्योग और सेवाओं में मामूली कमी आई।

2010–11 में औद्योगिकी क्षेत्र ने गिरावट दर्ज की क्यों कि आईआइपी की विकास अस्थिरता की बीच–बीच में होने वाली घटनाओं से मध्यम रही, जिसका मुख्य कारण उच्च मूल प्रभाव और पूंजी में तेज़ गिरावट तथा इन्टरमीडिएट माल था, जिससे 2010–11 की तीसरी तिमाही में निवेश मध्यम रहा।

पूंजीगत माल सेक्टर हेतु अग्रणी संकेतक (व्यवस्था विश्वास, पूंजी उपलब्धता, क्षमता उपयोग) हाल ही के महीनों में मध्यम रहे, क्यों कि विनिर्माण मूल्य वृद्धि उम्मीद से आगे रही। अधिक ब्याज दर

से पूंजी की बढ़ी हुई लागत से निर्माण एवं उद्योग को क्षमता विस्तार स्थगित करना होगा। यद्यपि पूंजीगत उद्योग में कार्यरत कम्पनियाँ से ऑर्डर इन्क्वायरी मिल रही है लकिन परियोजना को निश्चित करने में प्रतिकूल स्थितियाँ से इस क्षेत्र में ऑर्डरों के मिलने में कमी आ रही है। इसके अलावा बढ़ती ब्याज दर के कारण लघु अवधि में मांग मध्यम बनी रहेगी। लेकिन काफ़ी समय के बाद मांग बनेगी जिसके लिए अवसंरचना में खर्च करने की आवश्यकता है ताकि देश की आर्थिक स्थिति प्रगामी बनी रहे। शहरी तथा ग्रामीण खपत में खर्च होने वाली में आय से वृद्धि से मज़बूती आ सके।

सीएमआईआई (मई, 2011) के अवसर औद्योगिक उत्पादन में 2011–12 के दौरान 9–10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है साथ ही विभिन्न उद्योगों में क्षमता विस्तार की मिलता है। पूंजीगत सामान के उत्पादन में भी तेज़ी से वृद्धि होगी।

ट भविष्य के लिए तैयारी

- कम्पनी ने विकास के जिस छह प्राथमिक क्षेत्रों यथा क्षमता वृद्धि, शीघ्र परियोजना निष्पादन, उत्पादन लागत प्रतिस्पर्धी, एवं गुणवत्ता, विविधिकरण, इंजिनीयरी एवं प्रौद्योगिकी तथा व्यक्ति विकास पर ज़ोर दे रही है ताकि पावर सेक्टर में अपनी लीडरशिप बनाई रखी जा सके और उभरते हुए क्षेत्रों में अवसरों से लाभ उठाया जा सके।
- निर्माण क्षमता में वृद्धि की दिशा में प्रति वर्ष 15000 मेगावॉट डिलीवर करने की क्षमता प्राप्त की जा चुकी हैं मार्च 2012 तक इसे 20000 मेगावॉट प्रति वर्ष बढ़ाने का काम प्रगति पर है। समयपरक, सुनियोजित एवं मापन योग्य निवेश को सुनिश्चित करने के माध्यम से कम्पनी घरेलू पावर सेक्टर में अवसरों के लाभ उठाने की तैयारी में है।
- बीएचईएल भावी विकास को बनाए रखने के लिए कई अवसर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिनमें शामिल हैं:
  - भारत तथा अन्य परस्पर रूप से सहमत देशों में ट्रान्समिशन एवं वितरण (टीएंडडी) व्यवसाय करने के लिए तोशिबा, जापान के साथ एक जेवीसी बनाने हेतु रणनीतिक सहयोग। यह जेवीसी अन्य उत्पादों के अलावा 765 केवी ट्रांसफरों और रिएक्टरों एवं प्रणालियों एवं जीआईएस सहित ईएचवीएसी एवं यूएचवीएसी में उपकरण एवं परियोजनाएँ कवर करेगी।
  - परिवहन व्यवसाय, जिसमें बीएचईएल इलेक्टिक लोको उपकरणों हेतु फ़ैक्टरी एवं डीज़ल लोको फ़ैक्टरी लगाने के लिए टेंडर में भाग ले रहा है।
  - 700 एमडब्ल्यू हेतु न्यूक्लियर परियोजनाओं हेतु एनपीसी आईएल एवं एल्स्टॉम के साथ एक त्रिपक्षीय जेवी बनाकर न्यूक्लियर खंड व्यवसाय में सक्रिय भागीदारी।
  - सघनीकृत सोलर थर्मल पावर सयन्त्र (सीएसपी) के लिए एबेनगोआ, स्पेन के साथ संयुक्त कार्य व्यवस्था तथा सिलिकॉन वेफ़र्स, सोलर सेल तथा माड्यूलों के लिए निर्माण सुविधा (240 मेगावॉट) स्थापित करने हेतु एक जेवी बनाकर बीईएल के साथ रणनीतिक गठबन्धन।
  - जल व्यवसाय क्षेत्र में फ़ोकस करने के लिए जल–शोधन उपकरण हेतु सीई इंडिया इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड (जीईआईआईपीएल) के साथ निर्माण सहयोग करार।
- सप्लाई चेन को अधिक कुशल बनाने तकि परियोजना निष्पादन के शीघ्रता लाने के लिए कम्पनी विक्रेता आधार में विस्तार, आउटसोर्सिंग, उन्नत निर्माण कार्रवाई अतिरिक्त औज़ार एवं संयन्त्र उपलब्धता, वैश्विक सोर्सिंग तथा अवे सेन्टर फ़ेब्रिकेशन करने आदि जैसी पहल सतत रूप से की जा रही है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल एंड सीईओ जीई इंडिया जल शोधन उपस्कर एवं प्रणाली, के लिए अनुबंध प्रलेखों का आदान–प्रदान करते हुए

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एबेनगोआ सोलर भारत में सघनीकृत सौर विद्युत परियोजना के विकास के लिए अनुबंध प्रलेखों का आदान –प्रदान करते हुए

- पूरी कम्पनी में चिह्नित उत्पादों में क्षमता निर्माण पहलों जैसे लीव मैन्यूफ़ैक्चरिंग (एलएम), डिज़ाइन टू कॉस्ट (डीटीसी) तथा क्रम आपूर्ति–प्रबन्धन (पीएसएम) से कम्पनी लागत में प्रतिस्पर्धी रहने में लगाई हो सकेगी।
- कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करने की अपनी रणनीति के हिस्से के रूप में 2007–11 के दौरान 15,606 व्यक्तियों की भर्ती की गई है। व्यवसाय अपेक्षाओं के अनुरूप मानव सन्साधन प्रक्रियाओं तथा प्रणालियों को बनाना जारी रहेगा साथ ही सक्सेशन प्लानिंग के अलावा कर्मचारियों के काम कौशल में और क्षमता में भी वृद्धि की जाएगी।
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धीमी प्रगति के बावजूद भी बीएचईएल वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में आधी स्थिति मज़बूत बनाने तथा अपनी अन्तर्राष्ट्रीय उपस्थिति को का विस्तार नए बाज़ारोंमें करने के लिए तैयार है। भौगोलिक वैविध्यकरण के लिए निर्माण बाज़ारों में निर्माण एवं सेवा के लिए संभावनाएँ तलाशी जाएंगी।
- संभावित अवसरों का लाभ उठाने के लिए बीएचईएल राज्य यूटिलिटीज के साथ संयुक्त उद्यमों के माध्यम में रणनीतिक गठबन्धन करता रहेगा, ताकि थर्मल परियोजनाओं में उपकरणों की बिक्री लाभ लेने के अलावा अन्यों के साथ प्रौद्योगिकी की सोर्सिंग, महत्वपूर्ण इनपुट एवं उपकरणों से भी लाभ उठा सके।
- बीएचईएल देश भर में फ़ैले अपने विनिर्माण संयंत्रों के आस–पास के गाँवों में समान–आर्थिक तथा समुदाय विकास कार्यक्रमों की दिशा में अपनी ज़िम्मेदारी बढ़ाएगा।
- बीएचईएल उन्नयन व्यवसाय रणनीति में श्रेष्ठता प्राप्त कदम रहेगा ताकि यह संनिश्चित किया जा सके कि कम्पनी उद्योग विकास में सबसे आगे है और अपने उत्पादों और सेवाओं में सतत सुधार करेगी।
- ''राष्ट्रीय स्वच्छ कोयला (कार्बन) प्रौद्योगिकी मिशन'' के भाग के रूप में कम्पनी इन्दिरा गांधी परमाणु अनुसन्धानों केन्द्र (आईजीसीएआर) तथा एनटीपीसी के सहयोग से उन्नत अल्ट्रा सुपर–क्रिटिकल (एडीवी–एससी) के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- कम्पनी स्ट्रैटेजिक प्लान 2012 के 2011–12 तक 10–11 बिलियन अमरीकी डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है।
- 1974 से अपनाई जा रही कॉर्पोरेट योजनाओं की शृंखला में सातवीं ''स्ट्रैटेजिक प्लान 2012–17'' बनाई जा रही है ताकि बाज़ार की चुनौतियों का सामना किया जा सके और कम्पनी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर सके।

ठ जोखिम और चिंताएं

2008 में शुरू हुए तथा 2009 तक चली वैश्विक आर्थिक मन्दी सुधार की राह पर है। वैश्विक वित्तीय स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन यह असमान है और इसमें वस्तुओं की कीमतों में विशेष रूप से तेल की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है क्योंकि इसका मुख्य कारण तेल की सप्लाई में अनिश्चितता तथा भौगोलिक स्थितियां है। वैश्विक सन्दर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन पर काफ़ी चिन्ताएँ बनी

बीएचईएल हरिद्वार में नया 600–800 मेगावाट टीजी टेस्ट बैड

तिरूचिरापल्ली में कोयला अनुसंधान सुविधा

हुई हैं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में पर्यावरण प्रदूषण पर चिन्ता बढ़ रही है। इसके अलावा न्यूक्लियर पावर स्टेशनों से स्टेशनों से उत्पादित बिजली तथा उनके सुरक्षा पहलुओं को मज़बूत बनाने पर नई बहस शुरू हो गई है।

भारतीय पावर सेक्टर ने पिछले कई वर्षों से देश में नियोजित उच्च विद्युत क्षमता विस्तार कार्यक्रम के कारण विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। इसके परिणामस्वरूप विद्युत उपकरणों की कई अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियाँ/अपूर्तिकर्त्ता देश की कम्पनियों के साथ मिलकर विकासशील भारतीय बाज़ार पर ध्यान केन्द्रित करके विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित कर रहे हैं या अपनी वर्तमान क्षमता बढ़ा रहे हैं। इनमें से कुछ अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियाँ टेक्नॉलोजी लीडर हैं और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए विदेशी क्षेत्रों में विभिन्न बाज़ार क्षेत्रों पर लाइसेन्सिंग रोक लगाने सहित अपनी शर्तों पर बल देते हैं।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा तथा घरेलू बाज़ार में खुली पहुँच से लाभ पर दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि नई कम्पनियों द्वारा उग्र रूप से बिडिंग के द्वारा बाज़ार शेयर प्राप्त करने की सम्भावनाएँ हैं। इससे दीर्घ समय में बीएचईएल के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ जाएगी। कच्चे माल की विशेषकर स्टील तथा ताम्बे की कीमतों में वृद्धि से लाभ पर भी प्रभाव पड़ेगा।

भारत में विद्युत उत्पाद में जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयले का प्रमुख उपयोग होता है इसलिए इस भारतीय विद्युत विकासकर्ताओं/यूटिलिटीज को इस प्राकृतिक संसाधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मांग के अनुरूप कोयले की खुदाई न होने के कारण कोयले की कम अपूर्ति होती है। इसके अलावा पर्यावरण अनुमति में देरी, भूमि अधिग्रहण तथा स्थानीय शान्ति एवं व्यवस्था समस्याएँ जैसी विभिन्न अन्य अवरोध पावर परियोजनाओं के कार्यान्वयन को प्रभावित करते हैं।

भारत के पास सतत ऊर्जा उपयोग के लक्ष्यों को सन्तुलित करने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा ऊर्जा आपूर्ति के रख–रखाव के सम्पूर्ण रणनीतिक अनिवार्यताएँ हैं। भारतीय बाज़ार सुपर–क्रिटिकल प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में स्थिर गति से आगे बढ़ रहा है, जिसमें प्रारम्भिक तकनीकी बाधाएँ आ सकती हैं। घरेलू पावर सेक्टर की कुछ और अन्य चिन्ताएँ जैसे देश में बैलेन्स आफ़ प्लान्ट वेंडर्स के अलावा बड़े आकार की विद्युत परियोजनाओं एवं वृद्धित निर्माण लोड की हैंडलिंग काम करने हेतु योग्य एवं समर्थ और उप–ठेकदारों सहित कुशल कर्मचारियों की कमी, परियोजना प्राधिकारियों/विकासकर्ताओं, ठेकेदारों एवं उनके उप–ठेकेदारों के बीच संविदात्मक मुद्दे आदि हैं।

जिन व्यवसाय क्षेत्रों में बीएचईएल कार्य करता है, लगभग उन सभी में विकास की सम्भावनाएँ राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्णयों और वर्तमान व्यवसाय प्रकृतियों पर निर्भर करती हैं।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

बी. पी. राव
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26 जुलाई, 2011

अनुबंध–क

दिनांक 01.01.2011 को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व तथा पिछले कैलेंडर वर्ष 2010 के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या दर्शाने वाला वार्षिक विवरण

	अजा / अजजा / अ.पि.व. का प्रतिनिधित्व (दिनांक 01.01.2011 की यथास्थिति)				कैलेंडर वर्ष के 2010 दौरान की गई नियुक्तियों की सं.									
					सीधी भर्ती द्वारा				पदोन्नति द्वारा**			अन्य विधियों द्वारा		
समूह	कर्मचारियों की कुल सं.	अजा	अजजा	अपिव	कुल	अजा	अजजा	अपिव	कुल	अजा	अजजा	कुल	अज	अजजा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
समूह क	13339	2023	787	1902	983	147	67	233						
समूह ख	11057	1862	251	681	11	1	0	0						
समूह ग	19591	4564	1376	5284	1833	329	163	361						
समूह घ सफाईकर्मी को छोड़कर समूह घ	1233	297	37	423	49	8	0	24						
सफाईकर्मी	154	145	1	3	0	0	0	0						
कुल	45374	8891	2452	8293	2876	485	230	618	0	0	0	0	0	0

** बीएचईएल में पदोन्नति द्वारा प्रवेश स्तर पर कोई नियुक्ति नहीं होती है।

अनुबंध–ख

विकलांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व

समूह	कर्मचारियों की संख्या (प्रतिनिधित्व)				सीधी भर्ती (कैलेंडर वर्ष 2010 के दौरान)							पदोन्नति						
					आरक्षित रिक्तियों की सं.			भरी गई रिक्तियों की सं. (नियुक्ति)				आरक्षित रिक्तियों की सं.			भरी गई रिक्तियों की सं. (नियुक्ति)			
	कुल	वीएच	एचएच	ओएच	वीएच	एचएच	ओएच	कुल	वीएच	एचएच	ओएच	वीएच	एचएच	ओएच	कुल	वीएच	एचएच	ओएच
1 2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	
समूह क	13339	3	13	132	0	1	0	983	0	3	15							
समूह ख	11057	4	12	133	0	0	0	11	0	0	0							
समूह ग	19591	31	33	378	8	15	6	1833	3	2	63							
समूह घ	1387	1	4	11	0	0	0	49	0	0	0							
कुल	45374	39	62	654	8	16	6	2876	3	5	78							

नोटः (i) वीएच का अभिप्रायः दृष्टि विकलांग है (इसके अंतर्गत नेत्रहीन अथवा अल्प दृष्टि वाले लोग आते हैं)

(ii) एचएच का अभिप्रायः श्रवण विकलांग है (इसके अंतर्गत बहरे व्यक्ति आते हैं)

(iii) ओएच का अभिप्रायः अस्थि विकलांग है (इसके अंतर्गत लोकोमीटर अथवा प्रमस्तिष्क आघात से पीड़ित व्यक्ति आते हैं)

* समूह ख से क तथा समूह क में पदोन्नति के लिए कोई आरक्षण नहीं है। बीएचईएल में समूह–ग और घ में कैरियर आधारित पदोन्नति का अनुसरण किया जात है, इसलिए ग्रेड मे निर्धारित पात्रता अवधि पूरी कर लेने पर सभी कर्मचारियों को उनके संतोषजनक कार्यनिष्पादन, व्यवहार के आधार पर अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है।

निदेषकों की रिपोर्ट का अनुबन्ध–2

सूचीकरण करार [(खंड, 49 IV (छ) (i)] के अनुसार नियुक्ति और पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त विवरण

अंषकालिक सरकारी निदेषक

श्री अम्बुज शर्मा

श्री अम्बुज शर्मा की आयु 52 वर्ष है और उन्हें बीएचईएल के बोर्ड में अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में 15 मार्च, 2011 को शामिल किया गया है वे भूविज्ञान और व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर हैं। वे 1983 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्य हैं। उन्होंने तमिलनाडू सरकार तथा भारत सरकार के वरिष्ठ सरकारी पदों पर सेवा की है। उन्होंने उद्योग, राजस्व स्तर तथा शहरी विकास विभागों में क्रमशः नीति बनाने और वरिष्ट पदों पर कार्य किया हैं वर्तमान में वे भारत सरकार के उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं और ऑटो सेक्टर, भारी विद्युत उपस्कर सेक्टर, सतर्कता और बीएचईएल सहित कई सार्वजनिक उपक्रमों को देख रहे हैं जो माल और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला का उत्पादन करते हैं। वे नेशनल ऑटो टेस्टिंग अनुसंधान एवं अवसंरचनात्मक परियोजना के कार्यान्वयन को देख रहे है, ₹ 2228 करोड़ के परिव्यय की कार्यान्वित की जा रही जिनका उद्देश्य भारत में 7 केन्द्रों में आधुनिक ऑटो टेस्टिंग, होमोग्लेशन और आर एंड डी सुविधाएँ स्थापित करना है।

श्री अम्बुज शर्मा के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है।

अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक

श्रीमती रेवा नैय्यर

श्रीमती रेवा नैय्यर की आयु 63 वर्ष है। इन्होंने बीएचईएल से गैर–सरकारी निदेशक मंडल में 22 जून, 2009 को कार्यभार ग्रहण किया था। वे हरियाणा कैडर की 1968 बैच की आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) हैं इनके पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री है।

श्रीमती नैय्यरके पास लोक प्रशासन एवं मानव संसाधन प्रबन्धन में केन्द्र तथा राज्य स्तर के राज्य लोक सेवा उपक्रमों और संघ संसद के विभिन्न पदों पर कार्य करने का 30 वर्ष का लम्बा अनुभव हैं। 2004–'06 के दौरान ये महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय, भारत सरकार की सचिव भी रहीं। इन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित मुख्य नीति और कानून, जैसे महिलाओं पर घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम, 2005 के लिये संरक्षण आयोग, बच्चों के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना, 2005 बनाने में अपना महत्त्पूर्ण योगदान दिया है। जनवरी, 2004 से जून, 2004 तक इन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग, भारत सरकार में सचिव के पद पर कार्य किया। इस अवधि के दौरान इन्होंने उत्तर–पूर्व तथा सिक्किम में सभी सातों राज्यों के समग्र विकास की भी देखरेख की और योजना आयोग के परामर्श से इन राज्यों के लिये योजना बजट हेतु वार्षिक आबन्टन को अन्तिम रूप दिया। इन्होंने योजना आयोग में सलाहकार, राष्ट्रीय महिला आयोग में सदस्य–सचिव, राजस्व विभाग में संयुक्त सचिव, लोकसभा में संयुक्त सचिव, सचिव (सांस्कृतिक कार्य, हरियाणा सरकार) जैसे पदों पर कार्य किया।

श्रीमती रेवा नैय्यर ने भारत सरकार में मन्त्रालय स्तर पर 5000 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक बजट का सफलतापूर्वक प्रबन्ध किया। इन्होंने भारत सरकार में विभिन्न विभागों में अनुसन्धान परियोजनाओं तथा कार्यक्रमों की देखरेख तथा निदेशन किया।

इस समय, श्रीमती रेवा नैय्यर कम्युनिटी फ्रेन्ड्ली मूवमेन्ट एवं बाल सहयोग सोसाइटी, दिल्ली के बोर्ड की अध्यक्ष तथा एचएल सोशल वेल्फ़ेयर फ़ाउंडेशन की निदेशक हैं। वे माइक्रो न्यूट्रीएंट इनिशिएटिव्स इंडिया तथा दि कैथेड्रल विद्या ट्रस्ट की ट्रस्टी भी हैं।

श्री. त्रिम्बकदास एस जँवर

57 वर्षीय **श्री. जिम्बकदास एस जँवर** को बीएचईएल बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में 12 नवम्बर, 2010 को शामिल किया गया। श्री. जँवर विधि में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त हैं। इन्हें सामाजिक, राजनीतिक और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों का अनुभव हैं वे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर गठित कई समितियों के सदस्य रहे हैं। वर्तमान में वे साक्षरता परिषद (राज्य साक्षरता परिषद, राज्य मन्त्री के स्तर के) अध्यक्ष हैं और मराठवाड़ा राज्य शिक्षा एवं कृषि अनुसन्धान परिषद, मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, परभानी एवं लातूर जिला

योजना एवं विकास समिति के सदस्य हैं। वर्तमान में श्री. जँवर, श्री. साईबाबा शुगर्स लिमिटेड के निदेशक बोर्ड में हैं।

श्री. जिम्बकदास एस. जँवर के पास बीएचईएल का कोई भी शेयर नहीं है।

श्री. एस रवि

श्री एस रवि की आयु 52 वर्ष है और उन्हे बीएचईएल के बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में 28 नवम्बर, 2010 को अपनी प्रारम्भिक अवधि पूरी करने के बाद दूसरी बार 10 मार्च, 2011 को शामिल किया गया है। वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं तथा वे वाणिज्य स्नातकोत्तर डिग्री धारक हैं।

उनके अनुभव में बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, परिसंपत्ति प्रबंध कंपनी, मर्चेंट बैंकिंग में शामिल कंपनी और प्राथमिक डीलर के रूप में प्रचालनरत कंपनी के निदेशक मंडल पर कई पद धारित करना शामिल है। रवि राजन एण्ड कंपनी के प्रवर्त्तक और प्रबंध निदेशक के रूप में वे फर्म के लेखापरीक्षा तथा लेखाकरण कार्यकलायों को संपूर्ण सीमाक्षेत्र का पर्यवेक्षण करते हैं और व्यावसायिक मूल्यांकन ब्रांड मूल्यांकन, विलयन और अधिग्रहण, पुनर्वास, पुनर्निर्माण तथा आमूल–चूल परिवर्तन कार्यनीतियों को शामिल करते हुए विशिष्ट क्षेत्रों में वित्तीय और प्रबंध परामर्श प्रदान करते हैं।

उन्हें बैंकिग क्षेत्र का समृद्ध अनुभव हैं, जिसमें यूको बैंक के निदेशक (भारत सरकार द्वारा नियुक्त) के रूप में कार्यकाल शामिल है। वर्ष 2000–02 के दौरान देना बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में वे लेखापरीक्षा समिति, परिसंपति–देयता और जोखिम प्रबंध समिति तथा एनपीए के अनुवीक्षण के लिए निदेशक मंडल की समिति के सदस्य थे। वे निदेशक मंडल की वित्तीय समीक्षा समिति के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने कारपोरेशन बैंक के निदेशक मंडल में भी कार्य किया है और उसकी लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष थे। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में उनके अनुभव में आईएफसीआई, कैनबैंक फंड और प्रिंसिपल ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में कार्य करना भी शामिल है। वे पंजाब एंड सिंध बैंक की तकनीकी विशेषज्ञ समिति तथा सरकारी प्रतिभूति विधेयक, 2004 के ढांचे के भीतर प्रारूप सरकारी प्रतिभूति विनियन की तैयारी के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित कार्य समूह के भी सदस्य थे। इस समय, वे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में निदेशक हैं।

इस समय, श्री एस. रवि महेन्द्र उगीन स्टील लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्किट सर्विसेज लि., यूटीआई ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि., एलआईसी हांउसिंग फाइनेंस लि., महर्षि हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस लि., जीएमआर चेन्नै आउटर रिंग रोड प्रा. लि., एसएमई रेटिंग एजेन्सी ऑफ़ इंडिया, कैन बैंक वेन्चर्स कैप्टिव फ़ंड लि. और एस. रवि फाइनेंशियल मैनेजमेंट सर्विसज प्राइवेट लिमिटेड में मंडल में निदेशक हैं।

वे आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड, एलआईसी हाउसिंग फ़ाइनेन्स लिमिटेड और महिन्द्रा युगीन स्टील कम्पनी लि. की लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष हैं तथा यूटीआई ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, महर्षि हाउसिंग डेवलपमेंट फ़ाइनेन्स कॉर्पोरेशन लि. की लेखापरीक्षा समिति के सदस्य हैं। वे महीन्द्रा युगीन स्टील कम्पनी लि. और एलआईसी हाउसिंग फ़ाइनेन्स लि. के निदेशक शिकायत समिति के अध्यक्ष भी हैं।

श्री. एस. रवि के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है।

कार्यात्मक निदेशक

श्री. अनिल सचदेव

श्री अनिल सचदेव की आयु 59 वर्ष है। इन्होंने निदेशक (एचआर) का पद 1 सितम्बर, 2007 को ग्रहण किया था। ये जबलपुर विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्नातक हैं। इसके अलावा, इन्होंने भोपाल विश्वविद्यालय से उत्पादन प्रबंधन में एमबीए किया है।

बीएचईएल में निदेशक (एचआर) का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व श्री सचदेव को उत्पादन में 32 वर्ष कार्य करने का व्यापक अनुभव है। इसमें बीएचईएल, भोपाल में 27 वर्ष तथा बीएचईएल, हरिद्वार में 5 वर्ष कार्य करने का अनुभव शामिल है। भोपाल में 27 वर्ष के अपने कार्यकाल के दौरान श्री सचदेव ट्रेक्शन मोटर्स मैन्युफैक्चरिंग विभाग तथा टूल एंड गेज मैन्युफैक्चरिंग विभाग में प्रमुख थे। भोपाल में इतने लम्बे कैरियर के बाद सेंट्रल फाउंडरी फोर्ज प्लांट, हरिद्वार में प्रभारी का कार्यभार संभाला। सेंट्रल फाउंडरी फोर्ज प्लांट में अपने दो वर्ष के छोटे से कार्यकाल में श्री सचदेव ने इसका कायाकल्प कर दिया। कार्यकारी निदेशक के रूप में हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट, हरिद्वार में इनके कार्यकाल के दौरान 2006–07 में हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट, हरिद्वार ने तब तक का सबसे अधिक कुल कारोबार पिछले वर्ष के कुल कारोबार से 22 प्रतिशत अधिक किया था। 2006 में इनके कुशल मार्गदर्शन में एचईपी, हरिद्वार बीएचईएल की पहली यूनिट बनी जिसे भारतीय

उद्योग परिसंघ द्वारा श्रेष्ठ व्यवसाय के लिए आयात–निर्यात बैंक पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्री सचदेव ने निदेशक (एचआर)/बीएचईएल का पद भार उस महत्वपूर्ण समय में संभाला जब कंपनी विद्युत क्षेत्र की भारी मांग को पूरा करने तथा देश एवं विदेश में नई कंपनियों के कड़ी प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए अपने परिचालनों को बेहतर बनाने के प्रयास में जुटी हुई थी। उस अवस्था में जब उत्पादन क्षमता विभिन्न प्रकार से बढ़ाई जा रही थी तो इसके अनुसार उपयुक्त कौशल रखने वाली श्रमशक्ति की भी जरूरत थी। श्री सचदेव ने इस दौरान हर वर्ष 4000 नए कर्मचारियों को नियुक्त किया जिसमें इंजीनियर, सुपरवाइजर ट्रेनी तथा नए आईटीआई से उत्तीर्ण शामिल थे। इन्होंने पुनः रोजगार योजना की शुरूआत की जिससे बड़ी संख्या में हमारे एक्जीक्यूटिवों ने फिर से कंपनी में कार्यभार ग्रहण किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए हमारी अनिवार्य रोजगार स्कीम ने हमारे परियोजना स्थलों पर अनुभवी प्रोफेशनलों को तैनात करने में मदद प्रदान की। श्री सचदेव बड़ी कास्टिंग एवं फोर्जिंग्स, प्लांट आइटमों के बैलेंस, टर्बाइन ब्लेड आदि के विक्रेता विकास प्रयासों में भी गंभीरता से जुड़े हुए हैं।

श्री सचदेव इस समय रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

श्री सचदेव के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है।

कार्यकारी निदेशक

श्री. अतुल सराया

57 वर्षीय श्री. अतुल सराया को दिनांक 1 अक्तूबर, 2009 से निदेशक (विद्युत) के रूप में शामिल किया गया है। वे हारकोर्ट बटलर टेक्नॉलॉजिकल इन्स्टिट्यूट कानपुर से इलेक्ट्रिकल इन्जिनीयरी में स्नातक हैं और उनके पास व्यवसाय प्रबन्ध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हैं श्री. सराया ने वर्ष 1976 में इंजीनियर प्रशिक्षणार्थी के रूप में बीएचईएल, हरिद्वार में कार्यग्रहण किया। बीएचईएल में 33 वर्षों से अधिक का विविध और समृद्ध व्यावसायिक अनुभव है। बीएचईएल के हेवी इलेक्ट्रिकल्स इक्विपमेन्ट प्लान्ट, हरिद्वार में विनिर्माण और वाणिज्यिक प्रचालन के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्य करने के बाद उन्होंने बीएचईएल के नई दिल्ली स्थित पावर सेक्टर–विपणन प्रभाग में महाप्रबंधक के रूप में कार्य प्रभार ग्रहण किया। तत्पश्चात, वे कंपनी के पावर सेक्टर पूर्वी क्षेत्र निर्माण प्रभाग, कोलकाता में महाप्रबंधक (प्रभारी) बने। कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति पर उन्होंने पावर सेक्टर विपणन और पावर सेक्टर–पूर्वी क्षेत्र का समवर्ती प्रभार धारित किया। कुछ अवधि के लिए उन्होंने पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र का प्रभार भी धारित किया।

बीएचईएल में पूर्वकालिक निदेशक (पावर) होने के अलावा वे बीएचईएल एवं तमिलनाडु विद्युत बोर्ड के संयन्त्र उद्यम कम्पनी (जेवीसी), बीएचईएल एवं कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा बीएचईएल एवं मध्यप्रदेश विद्युत बोर्ड के बोड्र के सदस्य हैं; जिनका गठन क्रमशः तमिलनाडू में उडनगुडी, कर्नाटक में रयचूर तथा मध्यप्रदेश में खंडवा में पावर प्लान्ट लगाने के लिये किया गया है वे बीएचईएल–एनटीपीसी की एनटीपीसी–बीएचईएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एनबीपीपीएल), जेवीसी के बोर्ड के सदस्य भी हैं।

निदेशक (पावर) के रूप में वे बीएचईएल के पावर सेक्टर के प्रति उत्तरदायी हैं। यह संगठन का 75 प्रतिशत व्यवसाय करता है। आज संगठन का यह सेक्टर देश में नई घरेलू और बढ़ती अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही थी। श्री. सराया ने इन मुद्दों का मामला संगठन के विकास के लिये व्यवसाय बढ़ाने हेतु सफलतापूर्वक रणनीतियाँ बनाने तथा उपलब्ध परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करने के माध्यम से कर रहे हैं, ताकि ग्राहक सन्तुष्टि को बढ़ावा मिल सके।

श्री. सराया ने कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी की दिशा में बच्चों तथा अन्य पिछले समुदायों को उनके कठिन समय में सहायता करके विभिन्न गतिविधियाँ शुरू की हैं। श्री. सराया के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है।

श्री एम के. दुबे

श्री एम. के. दुबे की आयु 58 वर्ष है और उन्हें 25 जून, 2011 को निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) बनाया गया। वे एमएसीटी (अब एमएएनआईटी) भोपाल से मैकेनिकल इन्जिनीयरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने 1976 में बीएचईएल में इंजीनियर ट्रेनी के रूप में कार्यग्रहण किया था। श्री. दुबे के 35 वर्ष का विविध एक विभिन्न प्रोफ़ेशनल अनुभव है।

भोपाल में उत्पादन एवं प्रचालन प्रबन्धन में विभिन्न पदों पर काम करने के दौरान उन्होंने पम्प टर्बाइन में प्रौद्योगिकी अपनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री. दुबे ने 2004 में कॉर्पोरेट कार्यालय में महाप्रबन्धक के पद का कार्यभार संभाला। उसके बाद महाप्रबन्धक (हाइड्रो) के रूप में उन्हें भोपाल में उत्पाद प्रबन्धक (हाइड्रो) की ज़िम्मेदारी दी गई। कार्यपालक निदेशक की पदोन्नति पर पावर

सेक्टर तकनीकी सेवाएँ का कार्यभार दिया गया। जनवरी, 2009 में उन्हें बीएचईएल भोपाल इकाई का प्रमुख बनाया गया।

महाप्रबन्धक (कॉर्पोरेट योजना) के दौरान वे भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने, रणनीति योग्यता को प्रचालन योग्यता में बदलने, प्रचालन योजना के अनुरूप बजट बनाने तथा नियमित समीक्षा एवं प्रचालनों की मानीटरिंग के माध्यम से बजटीय पैरामीटरों को पूरा करने के लिये उत्तरदायी थे। उन्होंने कम्पनी के समझौता ज्ञापन को अन्तिम रूप देने में भी प्रतिभागिता की।

उसके बाद भोपाल में महाप्रबन्धक (हाइड्रो) के रूप में श्री. दुबे ने विभिन्न रि रेटिंग की हाइड्रो टर्बाइन की संकल्पना से कमीशनिंग तक का कार्य देखा, जिससे ऑर्डर बुकिंग के ऑफ़र तैयार करना, सामग्री योजना डिज़ाइन, निर्माण, उपस्करों का परीक्षण नकदी वसूली और मूल्यवान ग्राहकों को विक्रयोपरान्त सेवा प्रदान करना शामिल था। श्री. दुबे ने हाइड्रो टर्बाइनों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये आधुनिकतम नए सीएनसी हाइड्रो ब्लॉक को स्थापित करने में क्षमता निर्माण पहल में अग्रणी भूमिका निभाई तथा आन्ध्र प्रदेश सरकार को लिफ़्ट इरिगेशन के लिये अधिक रेटिंग के पम्प मोटर सेटों की आपूर्ति विकास में अग्रणी रहे।

कार्यपालक निदेशक (पावर सेक्टर तकनीकी सेवाएँ) बनने के बाद वे बीएचईएल आपूर्त उपस्करों की मॉनीटरिंग निष्पादन परीक्षण की प्रक्रिया को समर्थ बनाने और समस्या समाधान के अलावा विद्युत उत्पादन उपस्करों में मूल मुद्दों के समाधान खोजने के लिये उत्तरदायी थे।

जनवरी, 2009 में श्री. दुबे ने कार्यनिदेशक के रूप में भोपाल इकाई का कार्यभार संभाला। उनके नेतृत्व में भोपाल संयंत्र ने कई उपलब्धियाँ अर्जित की जिनमें भारत के प्रथम 1200 केवी 333 एमवीए ट्रान्सफ़ॉर्मर का सकल निर्माण एवं परीक्षण और ईएमयू खंड में 3 फ़ेज़ ड्राइव प्रौद्योगिकी के लिये आईजीबीटी आधारित ट्रैक्शन कन्वर्टर का विकास शामिल है। उनके नेतृत्व में ट्रान्सफ़ॉर्मरों के लिये 30000 एमवीए तक तथा मोटरों की 2250 संख्या तक क्षमता में वृद्धि करने के लिये क्षमता निर्माण की पहल की गई। हाइड्रो पावर में उनके योगदान के लिये श्री. दुबे को इनर्शिया अवॉर्ड 2010 प्रदान किया गया। श्री. दुबे के प्रयासों से इकाई ने 2010–11 में ₹ 4202 करोड़ का कुल कारोबार किया और ₹ 696 करोड़ का कर पूर्व लाभ कमाया।

श्री दुबे मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में गैर–कार्यकारी निदेशक है।

श्री दुबे के पास बीएचईएल के 20 शेयर है।

श्री. पी. के. बाजपेयी

श्री. पी. के. बाजपेयी 56 वर्ष के हैं और उन्हें 1 जुलाई, 2011 को निदेशक (वित्त) बनाया गया। वे आईआईटी, कानपुर से बी. टेक. (मेकेनिकल), लीड्स विश्वविद्यालय (यूके) से एमबीए और इन्स्टिट्यूट ऑफ़ कॉस्ट एकाउन्टेन्ट्स ऑफ़ इंडिया से एआईसीडब्ल्यूए हैं।

श्री. बाजपेयी ने 1977 में बीएचईएल में कार्यग्रहण किया और उन्हें 34 वर्ष का विविध अनुभव है। उन्होंने लाभ केन्द्रों के वित्त प्रमुख की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें संगठन की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला यथा इन्जिनीयरी (परियोजना इन्जिनीयरिंग एवं प्रबन्धन), विनिर्माण एवं इरेक्शन, कमीशनिंग तथा सेवाएँ शामिल थी। श्री. बाजपेयी को भोपाल स्थित विनिर्माण इकाई का वित्त प्रमुख उस समय बनाया जब इकाई ने 1972–73 के बाद 2000–2001 में पहली बार हानि दिखाई। इस संकटमय स्थिति में उन्होंने स्थिति में बदलाव किया। 1996–2001 में पावर सेक्टर – उत्तर क्षेत्र की इरेक्शन एक कमीशनिंग इकाई के वित्त प्रमुख के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र में कारोबार, मूल्य वर्धन एवं कर पूर्व लाभ में चहुँमुखी सुधार किया। परियोजना इन्जिनियरी एवं प्रबन्धन प्रभाग के वित्त प्रमुख के रूप में उन्होंने एकीकृत सॉफ़्टवेयर 'पल्स' के विकास में को शुरू करने, अधिप्राप्ति एवं तार्किकरण तथा प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिये साइज़िंग तथा पैकेजों के विशिष्टियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

